लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 91, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

हल्द्वानी, रविवार, 19 मई 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पौधों से कितना कुछ सीख सकते हैं हम व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com



भारतीय खिलाड़ी 25 मई को होंगे न्यूयॉर्क रवाना ...13

**आज का मौसम**

44.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी।

सूर्योदय 05 : 20
सूर्यास्त 18 : 51


COLUMBUS PUBLIC SCHOOL RUDRAPUR — GLORIA IN EXCELSIS — Estd. 1997

# Columbus Public School

(Affiliated to C.B.S.E., New Delhi) Affln. No.: 3530120

## Columbus Family congratulates its CBSE SSE/SSCE 2024 students for 100% Pass Result & marvellous performance

### (Class 10)




**Other Top Performers**

Pragati Upadhyaya 89.4% | Satvik Bhatt 89.2% | Piyush Ghosh 88.8% | Vaishnavi Gupta 88.8% | Alisha Parveen 88.4% | Akshra Yadav 86.6% | Vanshika Gurchan 85.8% | Aman Raj 85.4% | Shivansh Pandey 84.6% | Utkarsh Gupta 84.6% | Damya Gupta 84.2% | Vanshika Joshi 84% | Shweta Singh 83.8% | Maahim Khan 83.8% | Sambhavi Dubey 83.6% | Rashmi Chauhan 83.4% | Himanshi Singh 83.4% | Atulya Yadav 82.6% | Abhishek Thapa 82.2% | Umang Yadav 82.2% | Anirudh Kumar Gupta 82.2% | Shivam Verma 82% | Abhay Kushwaha 81.6% | Eshant Nagarkoti 81.2% | Khagendra Pratap Singh 81.2% | Rohit Kapoor 81.2% | Bhumika Joshi 80.8% | Sajal Kumar Gheek 80.8% | Divyanka 80.8% | Shaun S Stephen 80.6% | Prithvi Prabhakar 80%

**Subjectwise Top Scorers**

I.T (100) : Abhay Kushwaha, Alvira Mirza, Prabhpuneet Singh Dhillon | Maths (100) : Jagjeevan Singh Gill
Hindi (99) : Jagjeevan Singh Gill | Social Science (100) : Manas Singh
English (94) : Utkarshha Pratap Singh | Science (98) : Paarth Yash

*Aggregate percentage calculated as per Annexure II - 'Scheme of Studies at Secondary Level (Classes IX-X)' of Circular No. Skill-01/2023 of CBSE/Dir/SE/2023

### (Class 12)




**Other Top Performers**

Najim Khan 89% | Chirag Juneja 88.6% | Mahi Baranwal 88.4% | Gun Rajput 88% | Vaibhav Pargai 87.6% | Ishika Taneja 86.6% | Dev Dutt 85.4% | Aviral Verma 85% | Rashmi Kushwaha 84.8% | Krishna Shah 84.2% | Vanshika Agarwal 84% | Khushi Khurana 82.2% | Ayush Kumar Rao 81.8% | Prakriti Mourya 81.2% | Jatin Singh Bhandari 80.6%

**Subjectwise Top Scorers**

Accounts (99) : Chirag Juneja, Mansi Mishra | Maths (96) : Mansi Mishra | Hindi (93) : Gun Rajput
Business Studies. (98) : Muskan | Computer (97): Nancy Singh, Vedant Kalkal
Physical Education (99): Shweta Singh | History (95): Priyank Srivastava | Economics (98) : Muskan
Political Science (93): Priyank Srivastava | English (99) : Janvi Juneja | Physics (95): Shreya Kandari
Chemistry (96): Shreya Kandari | Biology (95): Shweta Singh, Mahi Baranwal

## Admissions Open For Class 11 (Arts, Science & Commerce)

(Merit based Fee Waiver for Students with more than 90% marks)

99279 27999 | 9927963999 | www.cps.edu.in

## सार-संक्षेप

### अज्ञात कारणों से खड़ी स्कूटी में लगी आग



**भीमताल :** गोरखपुर क्षेत्र में पुलिस के अस्थाई चैक पोस्ट के समीप खड़ी एक स्कूटी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। स्थानीय निवासियों के अनुसार एक दुकानदार ने यात्री प्रतिक्षालय के अंदर स्कूटी खड़ी की थी, जिसमें देर रात आग लग गई। लोगों ने पहले इसे असामाजिक तत्वों की हरकत बताया, मगर जब पुलिस ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो कोई नजर नहीं आया। भीमताल थानाध्यक्ष जगदीप नेगी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### उप शिक्षा अधिकारी ने किया विद्यालय का निरीक्षण

**हल्द्वानी :** उप शिक्षा अधिकारी अंशुल बिष्ट ने शनिवार को देवलचौड़ स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की बुनियादी सुविधाएं देखी। बताया कि इन दिनों निपुण भारत अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को देवलचौड़ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। अभियान का उद्देश्य कक्षा 3 तक के बच्चों को भाषाई और अंक ज्ञान में मजबूती प्रदान करना है। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य को सभी व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बैठने की व्यवस्था पर्याप्त न होने पर परिसर में ही स्थित प्राथमिक विद्यालय से एक कमरे की मांग की गई है।

### स्वतंत्रता आंदोलन की प्रदर्शनी लगाई

**नैनीताल :** डीएसबी परिसर के इतिहास विभाग के हिमालय संग्रहालय में विश्व संग्रहालय दिवस पर स्वतंत्रता आंदोलन पर प्रदर्शनी लगाई गई और व्याख्यान दिए गए। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संजय घिल्डियाल ने बताया कि इस वर्ष पहली बार इतिहास विभाग कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने विश्व संग्रहालय दिवस मनाया। प्रो. गिरधर सिंह नेगी व हिमालय संग्रहालय की निदेशक प्रो. सावित्री कैड़ा जंतवाल ने व्याख्यान दिया। शोध छात्रा आकांक्षा जोशी ने म्यूजियम के महत्व व संरक्षण पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन शोध छात्र ऋषभ रावल ने किया। इस दौरान प्रो. संजय कुमार टम्टा, डॉ. रितेश साह, डॉ. शिवानी रावत आदि रहे।

### गौशाला निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

**हल्द्वानी :** नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने टीम के साथ गंगापुर कबड़वाल में निर्माणाधीन गौशाला का शनिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने निराश्रित पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था किए जाने, वर्षा जल संचयन, गोबर गैस प्लांट बनाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही गौशाला निर्माण में तेजी लाने को कहा। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट व एई नवल नौटियाल मौजूद रहे।

### उच्च शिक्षा में गुणवत्ता आश्वासन पर हुई कार्यशाला

**भीमताल :** ग्राफिक एरा पर्वतीय विश्वविद्यालय भीमताल में राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद ने उच्च शिक्षा में गुणवत्ता आश्वासन विषय पर कार्यशाला हुई। जिसमें शिक्षाविद व राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद के एग्जीक्यूटिव कौंसिल के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल दत्तात्रेय सहस्रबुद्धे मौजूद रहे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही छात्रों को स्टडी इन इंडिया पोर्टल के बारे में जानकारी दी। ग्राफिक एरा के कुलपति प्रोफेसर संजय जसोला ने दत्तात्रेय का स्वागत किया। साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर देने की बात कही। कार्यक्रम में 150 से ज्यादा शिक्षक मौजूद रहे। यहां भीमताल परिसर के निदेशक प्रो. अनिल नायर, हल्द्वानी परिसर के निदेशक प्रो. मनीष बिष्ट रहे।

### छात्र-छात्राएं सम्मानित

**हल्द्वानी :** हिम्मतपुर तल्ला स्थित वुडलैंडस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फैमिली डे व उत्कृष्ट विद्यार्थियों का अलंकरण समारोह हुआ। फैमिली डे कार्यक्रम के गीत-संगीत नृत्य व खेल अनुभाग में अभिभावकों ने काफी रुचि दिखाई। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रस्तोगी फैमिली, दूसरा स्थान पलड़िया फैमिली व प्रसाद फैमिली को मिला। जबकि तीसरे स्थान पर बिष्ट फैमिली और थुवाल फैमिली के बीच टाई हुआ। बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल रहे छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

### 31 से पहले कराएं पंजीकरण

**हल्द्वानी :** महिला डिग्री कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 मई है। कॉलेज की समर्थ नोडल डॉ. सरस्वती बिष्ट ने बताया कि अंतिम तिथि के बाद प्रथम सेमेस्टर में पंजीकरण नहीं होएगा। छात्राएं वेबसाइट ukadmission.samarth.ac.in से पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने बीएससी, बीकॉम और बीए में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए 31 मई से पहले पंजीकरण करने के निर्देश दिए।

### शनिवार को पर्यटकों से गुलजार रही सरोवर नगरी


वीकेंड पर नैनीताल में टहलते सैलानी।

**नैनीताल :** मैदानी क्षेत्रों में गर्मी बढ़ने से नैनीताल समेत आसपास के तमाम पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है। शनिवार और रविवार वीकेंड पर पर्यटक पहाड़ों का रूख कर रहे हैं। वीकेंड पर पार्कों की भीड़ से पर्यटक स्थल गुलजार हो उठे है। पर्यटकों के नैनीताल पहुंचने से पर्यटन कारोबारी खुश नजर आ रहे हैं। पर्यटकों की आमद से नैनीताल में खासी रौनक रही। स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, किलबरी, केव गार्डन, चिड़ियाघर, सरिता ताल, वॉटर फॉल, बोटनिकल गार्डन व हनुमान गढ़ी समेत नगर के सभी पर्यटन स्थल में पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही बनी रही।


प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)


# गौला बैराज में घटा पानी, बारिश पर उम्मीद

## शनिवार को 62 क्यूसेक था जलस्तर, लगातार तापमान बढ़ने और बारिश न होने से कम हो रहा पानी का स्तर


गौला नदी में जलस्तर गिरने से बैराज में उभरने लगे डेल्टा। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने और बारिश नहीं होने से काठगोदाम गौला बैराज का जलस्तर तेजी से घट रहा है। इससे सिंचाई विभाग की चिंता भी बढ़ने लगी है। सिंचाई विभाग को बारिश होने की उम्मीद है, जिससे जलस्तर बढ़ सके।

शनिवार को गौला बैराज का जलस्तर 62 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया है। जलस्तर कम होने से पेयजल आपूर्ति और सिंचाई के पानी का भी संकट खड़ा हो गया है। आने वाले दिनों में बारिश नहीं हुई तो शहर के लिए नदी से जल संस्थान के फिल्टर प्लांट को दिए जाने वाला पानी भी मिलना मुश्किल हो जाएगा। मौसम विभाग ने भी हाल-फिलहाल बारिश नहीं होने का अनुमान जताया है। जिस वजह से सिंचाई विभाग और जल संस्थान दोनों ही महकमों की नींद उड़ी हुई है। गौला बैराज से 30 क्यूसेक पानी जल संस्थान के शीशमहल स्थित ट्रीटमेंट प्लांट को दिया जाता है। जबकि 32 क्यूसेक पानी नहर में सिंचाई के लिए छोड़ा जाता है। गौला बैराज में पानी कम होने से सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। गौला बैराज के इंचार्ज मनोज तिवारी ने बताया कि बीते कुछ दिनों से जलस्तर में गिरावट दर्ज की जा रही है।

**बैराज का जलस्तर**

| | |
|---|---|
| 15 मई | 62 क्यूसेक |
| 16 मई | 64 क्यूसेक |
| 17 मई | 62 क्यूसेक |
| 18 मई | 62 क्यूसेक |

### बोरिंग की अनुमति समाप्त करने की मांग

**भीमताल :** जिला प्रशासन ने भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में कई लोगों को बोरिंग की अनुमति इस शर्त पर दी थी कि वह अपने आसपास के लोगों को भी बोरिंग से पानी देंगे। कई बोरिंग स्वामी लोगों को पानी उपलब्ध नहीं करा रहे हैं, जिससे उनमें रोष है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पानी उपलब्ध न कराने वाले बोरिंग की अनुमति समाप्त करने की मांग की है।

### 10 से 15 मिमी बारिश की जरूरत

**हल्द्वानी :** सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार अगर बारिश नहीं हुई तो अगले तीन से चार सप्ताह बाद सिंचाई और पेयजल के लिए बैराज से पानी मिलना मुश्किल हो जाएगा। जलस्तर सुधारने के लिए कम से कम 10 से 15 मिमी बारिश की जरूरत है। इधर, मौसम विभाग का अनुमान है कि इस बार उत्तराखंड में मानसून 20 जून के आसपास आ सकता है। 30 मई से दो जून के बीच मानसून केरल में प्रवेश कर सकता है। केरल में पहुंचने के करीब तीन सप्ताह बाद मानसून उत्तराखंड में आता है।

# खैरना क्षेत्र में बूंद-बूंद पानी को मचा हाहाकार

- बिजली की मोटर लगाकर पैदा किया जा रहा पेयजल संकट
- किराएदारों के हलक तर करने को लगाई जा रही बिजली मोटर

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर स्थित खैरना बाजार क्षेत्र में जहां बूंद-बूंद पानी को हाहाकार मचा है। वहीं कुछ लोग मुख्य लाइन में बिजली की मोटर लगाकर पानी खींच ले रहे हैं।

अनगिनत किराएदारों के लिए मोटर लगाकर पानी स्टॉक किया जा रहा है। कई जगह घरेलू कनेक्शन से व्यवसायिक इस्तेमाल हो रहा है। बावजूद संबंधित विभाग सुध नहीं ले रहा। खैरना क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है। समीप स्थित अस्पताल व चौकी परिसर में भी हालात बिगड़ चुके हैं। गरमपानी बाजार क्षेत्र में भी लोगों को समुचित पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा। लोगों का आरोप है कि बाजार क्षेत्र में जगह-जगह पेयजल लाइन में बिजली की मोटर लगाकर पानी खींच लिया जा रहा है। अनगिनत किराएदारों के लिए पानी की व्यवस्था को मकान मालिक बिजली की मोटर से पानी खींच कर स्टाक कर रहे हैं, जिस कारण क्षेत्र के अन्य लोगों को पानी की बूंद तक नसीब नहीं हो रही है।

## नौला कमराड़ पंपिंग पेयजल योजना ठप पेयजल का संकट

**अल्मोड़ा :** भिकियासैंण नौला-कमराड़ पंपिंग पेयजल योजना से पेयजल आपूर्ति ठप होने के कारण तहसील के 75 से अधिक गांवों और उनके तोकों में भीषण पेयजल संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीण आसपास के नदी धारों से जैसे तैसे पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। लेकिन ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी विभाग पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं कर पाया है। गुस्साए ग्रामीणों ने अब एसडीएम के माध्यम मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को ज्ञावन भेजा है और शीघ्र आपूर्ति सुचारू न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि ब्लॉक के अंतर्गत विनायक, सिनार, बौली, खुरेड़ी, डोब आदि क्षेत्र में इस पेयजल योजना से लगभग 75 गांवों व तोकों के लोग प्यास बुझाते हैं। लेकिन योजना के स्टेज दो डोब में चार में से महज एक लिफ्ट पंप चालू हालत में है। जबकि तीन पंप लंबे समय से खराब पड़े हैं। सिंगल पंप से मुख्य मानिला देवी स्टाक टैंक में पानी लिफ्ट किया जा रहा है। इससे पेयजल आपूर्ति चरमरा गई है और भीषण गर्मी में सप्ताह में एक दिन भी पर्याप्त पानी मिलना मुश्किल हो गया है। गर्मी में पानी के संकट से लोग परेशान हैं।

# दो होटल सील, पांच संचालकों को नोटिस



नैनीताल में होटक सील करते अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने शहर के 15 वार्डों में अवैध निर्माण व अवैध तरीके से संचालित होटल, रिजॉर्ट को चिन्हित करने का अभियान शुरू कर दिया है। शनिवार को एसडीएम के नेतृत्व में चले अभियान में टीम को होटलों और गेस्ट हाउस में कई अनियमितताएं मिलीं।

जिस पर दो होटल सील किए गये। साथ ही पांच होटल संचालकों को नोटिस दिया गया। डीएम वंदना के निर्देश पर बनी समितियों ने दो दिन सर्वे करने के बाद शहर में 236 होटल व गेस्ट हाउस की सूची बनाकर एसडीएम को सौंपी। रिपोर्ट में सामने आया कि कई होटल बिना पंजीकरण के चल रहे हैं। इस पर शनिवार को एसडीएम प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पर्यटन विभाग, नगर पालिका, खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने शेरवानी क्षेत्र से अभियान की शुरूआत की। जहां केजीएन गेस्ट हाउस के किचन में घरेलू सिलेंडर प्रयोग होने के साथ ही रेट लिस्ट नहीं मिली। टीम ने सिलेंडर जब्त कर संचालक को पर्यटन विभाग की ओर से नोटिस जारी किया। होटल वैके इन में पर्यटन विभाग का पंजीकरण नहीं मिला। जिस पर तत्काल होटल सील कर दिया गया। लेक सिटी गेस्ट हाउस का भी पर्यटन विभाग में पंजीकरण नहीं मिला। उसे भी सील कर दिया गया। इसके बाद टीम आवागढ़ क्षेत्र में पहुंची, जहां होटल राही में रेट लिस्ट नहीं मिलने, ट्रेवल्स पैराडाइज में पंजीकरण पत्र न मिलने, स्टार गेस्ट हाउस व होटल फ्रेश वेव में भी कई दस्तावेज बरामद नहीं होने पर पर्यटन विभाग की ओर से नोटिस जारी किये गए। टीम में जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी, नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार गहतोड़ी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह रहे।

# नैनीताल में पंत पार्क व माल रोड से हटाए गए अवैध फड़

**कार्रवाई**

- जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने चलाया अभियान, 50 पीआरडी जवान किए तैनात
- दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी

संवाददाता, नैनीताल


नैनीताल में अवैध फड़ हटवाते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पर्यटक स्थलों से अवैध फड़ों को हटाने के लिए जिला प्रशासन ने अभियान शुरू कर दिया है। शनिवार को प्रशासन की संयुक्त टीम ने पंत पार्क और माल रोड सहित अनेक स्थानों पर अभियान चलाकर अवैध फड़ हटवाये।

जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी ने बताया कि शहर में ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन की शुरुआत के साथ ही बाहरी लोगों का कारोबार की तलाश में नैनीताल पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। ऐसे में सड़कों के किनारे फड़ और खोखे लगाकर तमाम लोग पर्यटकों की आवाजाही को बाधित कर रहे हैं। पर्यटन सीजन के दौरान शांति व्यवस्था बनाने और अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई को लेकर 50 पीआरडी जवान तैनात किए गए हैं।

शनिवार को तहसीलदार मनीषा मरकाना, युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी के नेतृत्व में टीम ने मल्लीताल पंत पार्क, तिब्बती बाजार क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान चाट पार्क क्षेत्र में दुकानों के बाहर सामान रखकर रास्ता बाधित किए जाने पर भूतिया बाजार के व्यापारियों का चालान करते हुए दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई।

इसके बाद टीम ने माल रोड क्षेत्र में अभियान चलाकर सड़क किनारे अतिक्रमण कर रहे लोगों पर कार्रवाई की। प्रतीक जोशी ने बताया कि पर्यटन सीजन के दौरान पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा के मद्देनजर 50 पीआरडी जवान शहर में तैनात रहेंगे।

## आधी-अधूरी सड़क पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**भीमताल :** धारी के बबियाड़-टपुवा-दुदुली सड़क का कार्य पूर्ण नहीं होने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन कर विरोध दर्ज किया। कांग्रेस नेता मनोज शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने नारेबाजी की। बताया कि आधे-अधूरा कार्य होने से सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने सांसद, विधायक व विभाग पर अनदेखी का आरोप लगाया। प्रदर्शन में गौरव शर्मा, माधव सुयाल, ललित मोहन शर्मा रहे।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# हिंदी भाषा में नवाचार के लिए आगे आएं: कुलपति


पुस्तक भेंट करते प्रो पवन माथुर। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

- कुविवि के कुलपति और हिंदी विभाग के प्राध्यापकों को भेंट की पुस्तक



**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में प्रो. पवन माथुर ने कुलपति प्रो. दीवान एस रावत एवं हिंदी विभाग के प्राध्यापकों को हिंदी के विख्यात कवि गिरिजा कुमार माथुर की पुस्तक भेंट की गई।


कार्यक्रम का संचालन करते हुए हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. निर्मला ढ़ैला बोरा ने बताया कि गिरिजा कुमार माथुर की कविताओं में लोक-चेतना और वैज्ञानिक-चेतना दोनों के दर्शन होते हैं। उनकी रचनाओं में प्रयोगशीलता देखी जा सकती है। जिसमें शोध की अपार संभावनाएं हैं। कुलपति प्रो. दीवान एस रावत ने हिंदी साहित्य में गिरिजा कुमार माथुर के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने समाज को नैतिक संदेश देने का कार्य अपनी कविताओं के माध्यम से किया है। हिंदी पूरे विश्व में बोली और समझी जाती है। हिंदी भाषा में नए ज्ञान एवं नवाचार का उत्पादन करने के लिए सभी को आगे आना चाहिए। इस दौरान कुलसचिव दिनेश चन्द्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेन्द्र राणा, महादेवी सृजन पीठ के निदेशक प्रो. शिरीष कुमार मौर्य, डॉ. शुभा मटियानी, डॉ. शशि पांडे, डॉ. दीक्षा मेहरा, मधु माथुर रहे।


YTDO Tour & Travels आगामी भारत-दर्शन यात्रायें

9 दिवसीय मुक्तिनाथ (मुस्तांग नेपाल यात्रा)

3 हवाई यात्राओं का रोचक अनुभव 7 जून से 15 जून 2024 के मध्य



मुख्य आकर्षण - धनगड़ी से काठमांडू, काठमांडू से पोखरा एवं पोखरा से नेपालगंज के मध्य हवाई यात्रा, काठमांडू एवं पोखरा में सुविधाजनक बसों द्वारा दृश्यावलोकन, रात्री विश्राम अत्यन्त आधुनिक (एसी कमरों) में रहने की व्यवस्था, मुक्तिनाथ यात्रा स्कार्पियों में, ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर का प्रबंध दो दिवसीय मुक्तिनाथ यात्रा के दौरान

YTDO Tour & Travels The Mall, Nainital. Ph. 05942-235557
VMS Khati - M. 9412085088
Umesh Rautela - M. 9411197147, Ramesh Tiwari - M. 9411197085

श्री विनय बिष्ट, शांति टावर, दुकान नंबर -2, दुर्गा सिटी सेंटर, हल्द्वानी। 9412086566, 9759237565



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पौधों से कितना कुछ सीख सकते हैं हम व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 91, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम 44.0° अधिकतम तापमान 29.0° न्यूनतम तापमान आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। सूर्योदय 05 : 20 सूर्यास्त 18 : 51

हल्द्वानी, रविवार, 19 मई 2024


रोमांटिक फिल्म में नजर आएगी सिद्धार्थ और कृति की जोड़ी ...13

# आप सांसद मालीवाल से मारपीट मामले में बिभव कुमार गिरफ्तार

## दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री आवास से हिरासत में लिया

### आप ने किया दावा मालीवाल को भाजपा ने किया ब्लैकमेल

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के सिलसिले में शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि आप ने दावा किया कि उन्हें भाजपा ने ब्लैकमेल' किया है क्योंकि वह भ्रष्टाचार के एक मामले का सामना कर रही हैं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुमार को दिल्ली पुलिस की एक टीम ने दोपहर में मुख्यमंत्री आवास से हिरासत में लिया। एक दिन पहले, मालीवाल ने तीस हजारी अदालत में मजिस्ट्रेट के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया था। मालीवाल ने आरोप लगाया है कि 13 मई को जब वह मुख्यमंत्री से मिलने गई थीं तब उनके सहयोगी बिभव कुमार ने उन पर पूरी ताकत से प्रहार किया, उन्हें थप्पड़ मारा तथा छाती एवं पेट पर लात से मारा। पुलिस के अनुसार बिभव को अदालत में पेश कर उनसे और पूछताछ करने के लिए उनकी हिरासत मांगी जाएगी।

पुलिस ने कहा कि उसने मुख्यमंत्री आवास के सुरक्षाकर्मियों एवं अन्य कर्मियों समेत कम से कम 10 लोगों के बयान दर्ज किए हैं जो 13 मई को हमले के वक्त मौके पर मौजूद थे। गिरफ्तारी से पहले दिन में, कुमार ने पुलिस को पत्र लिखकर कहा था कि वह जांच में सहयोग करने को तैयार हैं लेकिन पुलिस मालीवाल के खिलाफ उनकी शिकायत पर भी गौर करे। शुक्रवार को कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि मालीवाल ने 13 मई को अनधिकृत रूप से प्रवेश पाने के लिए मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा का उल्लंघन किया और वहां हंगामा किया। जब उन्होंने मालीवाल को रोकने की कोशिश की तब उन्होंने गालियां दीं।



### बिभव की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने शनिवार को कहा कि स्वाति मालीवाल पर हमला करने के आरोपी बिभव कुमार की अग्रिम जमानत अर्जी निरर्थक हो गई है क्योंकि उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील अनुज त्यागी ने आदेश सुनाते हुए कहा, चूंकि, उन्हें (कुमार) को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, इसलिए वर्तमान अर्जी निरर्थक है और याचिका का निपटारा कर दिया।

### मोदी हमें एक साथ जेल में डाल दें : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि रोज–रोज जेल का खेल खेलना बंद कीजिए और रविवार को अपने सांसदों, विधायकों समेत सभी बड़े नेताओं को लेकर भाजपा मुख्यालय आ रहा हूं, आप सबको जेल में डाल दें। केजरीवाल ने शनिवार को अपने निजी सहायक बिभव कुमार को गिरफ्तार किए जाने पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये लोग एक के बाद एक हमारे नेताओं को जेल में डाल रहे हैं। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, सौरभ भारद्वाज और आतिशी को भी जेल में डालने को कह रहे हैं। इनको लगता है कि हमारे नेताओं को जेल में डालकर आम आदमी पार्टी को कुचल देंगे तो ऐसा होने वाली नहीं है। आम आदमी पार्टी एक विचार है, जो लोगों के दिल में है।

**डीजीपी ने सभी एसएसपी को दिए निर्देश, मंदिर परिसर से 50 मी. के दायरे में वीडियोग्राफी पर रोक**

# चारधाम में रील्स बनाई तो होगी कार्रवाई

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा के दौरान रील्स बनाने वालों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई के लिए कमर कस ली है। चारधाम मंदिर परिसर से 50 मी. के दायरे में वीडियोग्राफी पर रोक लगा दी गई है। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने शनिवार को अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इसका सख्ती से पालन किया जाए। साथ ही सोशल मीडिया की मॉनीटरिंग करने को भी कहा है।

चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मंदिर परिसरों में भीड़ हो जाने से श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके मद्देनजर प्रदेश सरकार ने 16 मई को तीर्थ परिसरों के 50 मी. के दायरे में वीडियोग्राफी एवं सोशल मीडिया रील्स बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसी निर्णय के अनुपालन में पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मंदिर परिसर के 50 मी. के दायरे में किसी को भी वीडियोग्राफी व सोशल मीडिया रील्स बनाने अनुमति किसी भी दशा में न दी जाए। यदि कोई ऐसा करता है तो वह उत्तराखंड पुलिस अधिनियम की धारा-81 के तहत उपद्रव करने वाला माना जाएगा। उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 296 के तहत कार्रवाई की जाए।

पुलिस महानिदेशक का कहना है कि सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार से चारधाम यात्रा से जुड़े पवित्र तीर्थ स्थलों के बारे में गलत, भ्रामक, शरारतपूर्ण एवं आहत करने वाली सूचना फैलाने की छूट नहीं दी जा सकती है। यदि कोई जानबूझकर और दुर्भावना पूर्ण रूप से एक वर्ग की धार्मिक मान्यताओं या धर्म का अपमान करता है तो उसके खिलाफ भादसं की धारा 295ए के तहत मुकदमा किया जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से चारधाम यात्रा से जुड़े स्थलों के बारे में गलत और भ्रामक सूचनाएं फैलाने वालों के खिलाफ भी मॉनिटरिंग व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए कहा है, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## पांच लाख श्रद्धालु कर चुके दर्शन

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** चारधाम में अब तक लगभग पांच लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। गंगोत्री. यमुनोत्री एवं केदारनाथ धाम में क्षमता से अत्यधिक संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। यात्रा मार्ग पर हर रोज करीब 10 हजार वाहनों की आवाजाही हो रही है।

यमुनोत्री धाम जाने के लिए कोई बाईपास रूट नही है। यातायात का अधिक दबाव होने पर इस यात्रा मार्ग के मुख्य-मुख्य पडावों (डामटा-बडकोट-स्यानाचट्टी-दोबाटा-पालीगाड-ब्रह्मखाल) पर वाहनों को रोका जा रहा है। एक निश्चित अंतराल पर वाहन छोड़े जा रहे हैं। गंगोत्री धाम यात्रा मार्ग पर यातायात का अधिक दबाव होने से वाहनों को रोक-रोक कर निश्चित अंतराल पर भेजा जा रहा है । गंगोत्री दर्शन के उपरांत यातायात को तेखला पुल से डायवर्ट किया जा रहा है। श्री केदार जाने वाला यातायात लम्बगांव मोटर मार्ग से एवं ऋषिकेश जाने वाला यातायात बडेथी-मनेरा बाईपास से होकर जा रहा है।



**10 हजार वाहनों की यात्रा मार्ग पर प्रतिदिन आवाजाही**

रुद्रप्रयाग जिले के अंतर्गत सोनप्रयाग, रामपुर, सीतापुर एवं फाटा में यात्री वाहनों का अत्यधिक दवाब होने पर वाहनों को दगडिया बैरियर फाटा, सेरसी, काकड़ागाड, तिलवाड़ा एवं जवाड़ी बाईपास में कुछ समय के लिए रोका जा रहा है। यातायात सामान्य होने पर वाहनों को रुटीन से सोनप्रयाग एवं रुद्रप्रयाग की ओर भेजा जा रहा है। यात्रा मार्ग पर रात्रि दस बजे से सुबह चार बजे तक वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित है। पुलिस की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है।






### एक नजर

### दिग्गज बैंकर एन वाघुल का 88 की उम्र में निधन

**मुंबई।** दिग्गज बैंकर एन वाघुल (88) का शनिवार दोपहर को निधन हो गया। वाघुल ने बैंकिंग उद्योग में कई शीर्ष पदों पर काम किया। उन्हें आईसीआईसीआई को एक सार्वजनिक वित्त संस्थान से एक निजी क्षेत्र के बैंक में बदलने का श्रेय दिया जाता है। वह 1985 से 11 वर्षों तक आईसीआईसीआई के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक रहे। उन्हें चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे। उन्हें 2006 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। वह 1981 में 44 साल की उम्र में बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक बने।

### कक्षा एक से 12 तक के स्कूलों में ग्रीष्मावकाश

**लखनऊ।** कक्षा एक से लेकर 12 तक सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश हो गया है। शिक्षण कार्य का शनिवार अंतिम दिन था। शिक्षा विभाग के अधिकारियो ने बताया शैक्षिक कैलेंडर में लागू व्यवस्था के अनुसार प्रदेश भर के विद्यालयों में 18 मई के बाद ग्रीष्मावकाश रहेगा, जो 17 जून तक चलेगा।

**सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच आर-पार के संघर्ष की घड़ी**

# पांचवां चरण : कल मतदाता तय करेंगे उप्र में किसका पलड़ा भारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए मतदान 20 मई को होगा। इस चरण में प्रदेश की 14 सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच कई सीटों पर कड़ा मुकाबला होना तय है। हालांकि, बीते लोस चुनाव में 14 में से 13 सीटों पर भाजपा का कब्जा रहा। लेकिन ऐसी छह सीटें हैं जहां भाजपा उम्मीदवार काफी कम अंतर से जीते थे। 2019 के चुनाव में जिन सीटों पर भाजपा एक लाख से कम वोटों से जीती थी, वहां सत्तासीन दल को कड़ी मेहनत करनी होगी।

अभी एक सीट रायबरेली कांग्रेस के पास है, जिसे पाने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक रखी है। दरअसल, 14 सीटों के तहत 71 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 45 सीटों पर भाजपा का कब्जा है। 14 लोकसभा क्षेत्रों में फतेहपुर को छोड़ सभी लोकसभा क्षेत्र में पांच-पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं जबकि फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र हैं।

वर्ष 2019 व 2014 के लोकसभा चुनावों में वर्तमान के पांचवें चरण की छह सीटों कौशाम्बी, फैजाबाद, मोहनलालगंज, अमेठी, बांदा और कैसरगंज पर भाजपा को एक लाख से काफी कम वोटों से जीत हासिल हुई है। इन सीटों पर कांटे की टक्कर होनी तय है क्योंकि विपक्ष भी इन सीटों को अपने पाले में करने के लिए पुरजोर कोशिश में है। भाजपा ने इन सीटों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित कर रखा है क्योंकि मतदान प्रतिशत बढ़ने से ही भाजपा पिछले दो चुनावों से इन सीटों पर जीत पा रही है।

### मतदान प्रतिशत कम होने का लाभ उठाया था विपक्ष ने

अगर 2009 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े पर नजर डालें तो, उस चुनाव में मतदान प्रतिशत काफी कम रहा था और इसका लाभ विपक्ष खासकर सपा–बसपा और कांग्रेस को मिला था। मोहनलालगंज से लेकर जालौन, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी व कैसरगंज सीट पर सपा को जीत मिली थी जबकि रायबरेली, अमेठी के अलावा बाराबंकी, फैजाबाद, गोंडा और झांसी सीट कांग्रेस को मिली थी। हमीरपुर सीट बसपा के पाले में गई थी। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा को 13 व कांग्रेस के खाते में मात्र एक सीट आई थी। वहीं लोकसभा चुनाव 2014 में भाजपा को 12 और कांग्रेस को दो सीट मिली थीं।

### थमा चुनाव प्रचार का शोर, 20 को डाले जाएंगे वोट

**लखनऊ।** प्रदेश में पांचवें चरण की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों व लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए शनिवार की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम गया। इन सीटों पर 20 मई को मतदान होगा। मतदान के लिए 19 मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में मोहनलालगंज (अजा), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (अजा), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अजा), बाराबंकी (अजा), फैजाबाद, कैसरगंज व गोंडा लोकसभा सीट व लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट शामिल हैं।

# बंगाल राजभवन के तीन अफसरों पर प्राथमिकी

कोलकाता, एजेंसी

**सेक्सुअल हैरेसमेंट केस**

- पीड़ित महिला को जबरन रोकने के आरोप में हुई कार्रवाई

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली महिला को कथित तौर पर गलत तरीके से रोकने के लिए यहां राजभवन के तीन अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि राजभवन की एक महिला संविदा कर्मचारी ने छेड़छाड़ मामले में मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दर्ज कराया था, जिसके बाद हेयर स्ट्रीट पुलिस थाने में तीन अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता महिला को दो मई को राजभवन से नहीं जाने देने के लिए अनुचित तरीके से रोकने पर तीन अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। हम उस शाम उनकी भूमिका की जांच करेंगे। महिला ने दो मई को बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था जिसके बाद कोलकाता पुलिस ने जांच शुरू की।

# चलती बस में अचानक लगी आग, 10 जिंदा जले

गुरुग्राम, एजेंसी

- हरियाणा के नूंह क्षेत्र में केएमपी एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा
- महिलाओं-बच्चों समेत सवार थे करीब 60 यात्री, 20 झुलसे

हरियाणा में गुरुग्राम जिले के नूंह क्षेत्र में गांव धुलावट के निकट कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर चलती बस में अचानक लगी आग से 10 लोगों को मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बस पर बच्चों और महिलाओं समेत करीब 60 लोग सवार थे।

आग से झुलसे लोगों को निकटवर्ती अस्पतालों में दाखिल कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया। हादसा रात करीब पौने दो बजे हुआ। मौके पर पहुंचे पुलिस और दमकल विभाग के जवानों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और बसों की खिड़कियां तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया। घटना में करीब 20 लोग झुलसे भी हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है। बस मथुरा-वृंदावन से लौट रही थी और बस में अधिकतर यात्री पंजाब और चंडीगढ़ से थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तकनीकी खराबी से विमान की कराई इमरजेंसी लैंडिंग

**तिरुचिरापल्ली।** केरल के तिरुवनंतपुरम से बेंगलुरु जा रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान को तकनीकी खराबी आने के कारण आपात स्थिति में यहां उतारा गया। हवाई अड्डे के सूत्रों ने यह जानकारी दी। विमान में लगभग 137 यात्री सवार थे। सूत्रों ने बताया कि विमान में उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आई, इसे सुरक्षित रूप से यहां उतार लिया गया। सभी यात्रियों को विमान से बाहर निकाल लिया है और तकनीकी दल खराबी की जांच कर रहा है।

# मंदिरों में बनाएं लाइब्रेरी : सोमनाथ

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- इसरो प्रमुख ने कहा- ऐसी पहल से युवा मंदिर आएंगे और मुद्दों पर करेंगे चर्चा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मंदिरों में पुस्तकालय स्थापित करने की हिमायत करते हुए शनिवार को कहा कि इस तरह की पहल युवाओं को उपासना स्थलों पर लाने में मदद करेगी।

केरल की राजधानी स्थित श्री उदियानूर देवी मंदिर द्वारा शुरूआत किए गए एक पुरस्कार ग्रहण करने के बाद सोमनाथ ने कहा कि मंदिर केवल ऐसे स्थान नहीं होने चाहिए जहां बुजुर्ग भगवान का नाम जपने के लिए आएं, बल्कि इसे समाज में परिवर्तन लाने का स्थान भी बनना चाहिए। उन्होंने मंदिर प्रबंधन से युवाओं को मंदिरों के प्रति आकृष्ट करने का आग्रह किया।

उन्होंने इसरो के पूर्व अध्यक्ष जी. माधवन नायर से पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा कि मुझे उम्मीद थी कि इस पुरस्कार वितरण समारोह में बड़ी संख्या में युवा आएंगे, लेकिन उनकी संख्या काफी कम है। मंदिर प्रबंधन को उन्हें मंदिरों के प्रति आकृष्ट करने की दिशा में काम करना चाहिए। मंदिरों में पुस्तकालय क्यों नहीं बनाए जाएं? सोमनाथ ने कहा कि इस तरह की पहल से युवाओं को मंदिरों के प्रति आकर्षित करने में मदद मिलेगी, जहां वे अध्ययन कर सकते हैं, शाम में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं और अपने करियर को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर मंदिर प्रबंधन इस दिशा में काम करेगा तो इससे बड़े बदलाव आएंगे। समारोह में पूर्व मुख्य सचिव के. जयकुमार और विधायक वीके. प्रशांत आदि शामिल थे।

**दुर्लभ संयोग** | **लोकसभा चुनावों के नतीजों के साथ सियासी दलों व नेताओं का भविष्य भी होगा तय**


# ग्रहों की बदली दिशा से महत्वपूर्ण होगी चार जून की सुबह

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** ज्योतिष विज्ञान के अनुसार जून का प्रथम सप्ताह ग्रहों की दिशा के लिहाज से लोकसभा चुनावों के नतीजे के साथ राजनीतिक पार्टियों और नेताओं का भविष्य तय करने में बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। जिसका पता चार जून दोपहर तक चल जाएगा। मगर खगोलविदों का नजरिया क्या कहता है, यह अलग विषय है।

इस बार जून का आगमन ग्रहों के दुर्लभ संयोग के साथ बदलने जा रहा है। इस खगोलीय घटना में एक साथ 6 ग्रहों की श्रृंखला आसमान में लामबंद होने जा रहे हैं। दशा प्रभाव के लिहाज से ज्योतिषविद इनके प्रभाव को बेहतर समझा सकते हैं, लेकिन खगोलविदों के लिए ग्रहों की अद्भुत दिशा एक दुर्लभ संयोग होगी। हमारे सौर मंडल में केवल 8 प्रमुख ग्रह हैं। एक पर हम खुद विराजमान हैं, जबकि शुक्र ग्रह इन दिनों सूर्य की चमक में छिपा हुआ है। इनके अलावा अन्य 6 ग्रह हैं, जिनमें शनि, नेपच्यून, मंगल, यूरेनस, बुध और बृहस्पति शामिल हैं।

ये सभी ग्रह जून की शुरुआत से ही सूर्योदय से पहले नजर आएंगे, जो पूर्वी आकाश की शोभा बढ़ाएंगे। इनमें यूरेनस व नेप्च्यून को देखने के लिए दूरबीन की मदद लेनी होगी जबकि अन्य को नग्न आंखों से आसानी से देख सकेंगे। मंगल और शनि को पहचानना सबसे आसान होगा। सूर्योदय से लगभग 20 मिनट पहले इन्हें देखने का उपयुक्त समय होगा। इन्हें देखने के लिए सर्वोत्तम दिन 3 और 4 जून होंगे। ये सभी एक लंबे सर्किल में नीचे से ऊपर की तरफ विराजमान होंगे। जिस कारण इनकी आसानी से पहचान की जा सकेगी।




### 4 जून को कुछ ऐसी होगी ग्रहों की स्थिति

**नैनीताल।** 4 जून सुबह के आकाश में बुध और बृहस्पति एक साथ सबसे करीब दिखाई देंगे। दोनों ग्रह एक डिग्री से भी कम दूर होंगे। इनके ठीक ऊपर यूरेनस होगा। इनके ऊपर चन्द्रमा विराजमान होगा। इनके ऊपर लाल रंग में मंगल होगा। इसके बाद ऊपर की तरफ थोड़ी दूरी पर नेप्च्यून होगा और सबसे ऊपर शनि ग्रह होगा। सूर्य उदय के साथ ही सभी ग्रह अदृश्य हो जाएंगे।

**आने वाले दिनों में गर्म हवाओं का अलर्ट जारी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आठ जिलों में रेड अलर्ट**

# उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में पारा 41 डिग्री पार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी का असर उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में दिख रहा है। राजधानी देहरादून, हल्द्वानी सहित कई मैदानी शहरों में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पास पहुंच गया। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी गर्म हवाओं का अलर्ट जारी किया है।

देहरादून में शनिवार को भी प्रचंड गर्मी रही। पारा सामान्य से 5.6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था और यह 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यही हाल हल्द्वानी का भी था। दिन भर लू के थपेड़े चले और पारा 41 डिग्री के पास पहुंच गया। रुद्रपुर, काशीपुर में भी तापमान 41 डिग्री के पास दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक डॉ. विक्रम सिंह ने उत्तराखंड के मैदानी हिस्सों में गर्म हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया है।

मैदानी इलाकों में आने वाले दिनों में तापमान में और भी बढ़ोत्तरी हो सकती है। इधर, राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम बदलने का भी अनुमान है। टिहरी, चमोली, उत्तरकाशी, बागेश्वर के साथ ही नैनीताल जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।



- देहरादून में पारा सामान्य 5.6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा

### आगरा और कानपुर में पारा 46 डिग्री के पार पहुंचा

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में अगले चार दिन गर्मी कहर ढाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक लू का प्रकोप बढ़ेगा। करीब सभी जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी उप्र के आठ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को सबसे गर्म आगरा और कानपुर रहा। कानपुर (एयर फोर्स) का तापमान 46 .9 डिग्री दर्ज किया जबकि आगरा में पारा 46 .5 डिग्री पर रहा। बुंदेलखंड के कई जिलों का तापमान भी इसी के आसपास रहा। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि अगले चार दिन तक तापमान में वृद्धि का अनुमान है। लखनऊ में 2018 से अब तक मई के महीने में शनिवार को सबसे अधिक तापमान 44 .2 डिग्री सेल्सियस रहा। उनका कहना है कि ज्यादातर जिलों में 19 से 21 मई के बीच तापमान 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ेगा।

### केरल में भारी बारिश का पूर्वानुमान

**तिरुवनंतपुरम।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को आने वाले दिनों में केरल में अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। 19 और 20 मई के लिए राज्य के पथनमथिट्टा, कोट्टयम और इडुक्की जिलों में रेड अलर्ट और तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, अलाप्पुझा और एर्नाकुलम के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 21 मई के लिए नौ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया और कहा कि उनमें से कुछ में रेड अलर्ट के समान बारिश होने की आशंका है।

## सार-संक्षेप


आर्मी स्कूल में प्रदर्शनी का शुभारंभ करते ब्रिगेडियर देवेंद्र कुमार। ● अमृत विचार

### आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

**रामनगर :** आर्मी स्कूल हेमपुर में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन ब्रिगेडियर देवेंद्र कुमार ने किया। प्रदर्शनी में एआई आधारित वर्षा संवेदी, गति अवरोधी, भूकंप अलार्म, जलस्तर प्रदर्शक तथा प्राइमरी स्कूल ने कंप्यूटर पर विभिन्न प्रकार के साफ्टवेयर का प्रदर्शन किया जो मुख्य आकर्षण रहे। वहीं भाषा, गणित, विज्ञान, चित्रकला और हस्तशिल्प आदि से संबंधित क्रियाशील मॉडल और कृतियां एवं उत्तराखंड की लोक संस्कृति को भी प्रदर्शनी देखने आये अभिभावकों ने खूब सराहा। प्रधानाचार्य डॉ. मालिनी शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी कल के वैज्ञानिक और इंजीनियर हैं। प्रदर्शनी सोमवार को भी दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

### मानसी का मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति योजना के लिए चयन

**गरमपानी :** जीआइसी मंगलकोट की सातवीं कक्षा की छात्रा मानसी तड़ागी का चयन मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति योजना के लिए हुआ है। विद्यालय परिसर में हुए कार्यक्रम में मानसी को सात हजार दो सौ रुपये का चेक सौंपा गया। योजना में चयन के लिए कुछ माह पहले परीक्षा हुई थी, जिसमें मानसी ने सफलता प्राप्त की है। विद्यालय परिसर में हुए कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रणजीत सिंह बिष्ट व प्रधानाचार्य ललित अधिकारी ने मानसी को चैक सौंपा। मेधावी छात्रा के छात्रवृत्ति योजना में चयन पर विद्यालय के शिक्षकों व क्षेत्रवासियों ने खुशी व्यक्त की है।

### तीस किसानों को निशुल्क मडुवा बीज वितरित

**गरमपानी :** सुनियाकोट गांव के किसानों को मडुवा बीज निशुल्क वितरित किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को बेहतर उत्पादन के गुर बताए। साथ ही फसल को बीमारियों से बचाने के टिप्स दिए। स्टार ग्लोबल सोसायटी के तत्वावधान में सुनियाकोट गांव के करीब तीस किसानों को सौ किग्रा मडुवा बीज वितरित किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मडुवा का बेहतर उत्पादन कर किसान अपनी आर्थिकी सुधार सकते हैं। इस दौरान संस्था निदेशक रमेश बिष्ट, राजेंद्र रौतेला, खुशाल बिष्ट, राजेंद्र सिंह परिहार, गीता देवी, हेमा आदि थे।

### दो बाइक समेत तीन स्थानों पर चोरी

**रामनगर :** शुक्रवार की रात दो बाइक और एक स्कूल में ताले तोड़कर चोरी की वारदात हो गई। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। राजकीय प्राथमिक विद्यालय तेलीपुरा की सहायक अध्यापिका अनुप्रीत कौर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि चोर चार कमरों के ताले तोड़कर एलसीडी और अन्य सामान ले गये हैं। पूर्व में भी विद्यालय में तीन बार चोरी हो चुकी है, लेकिन आरोपी पकड़े नहीं गए हैं। तेलीपुरा के प्रधान प्रतिनिधि राशिद मलिक ने पुलिस से आरोपियों को जल्द पकड़ने की मांग की है। वहीं भवानीगंज निवासी तैयब ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि बीते दिनों घर के भीतर खड़ी उनकी बाइक चोरी हो गई। सीसीटीवी कैमरे में आरोपी बाइक लेकर काशीपुर की ओर जाता दिख रहा है। उधर, खताड़ी निवासी अमन ने पुलिस बताया कि वह बाइक पर बड़ी मस्जिद के समीप मीट मार्केट गया था। वापस आने पर बाइक चोरी हो चुकी थी। एसएसआई मनोज नयाल ने बताया कि तीनों मामलों की जांच की जा रही है।

# अधर में लटकी योजनाओं पर तत्काल एक्शन लें अधिकारी: सुबोध उनियाल

## वन मंत्री ने विधायक बंशीधर भगत के साथ किया कालाढूंगी क्षेत्र का निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता, कालाढूंगी


कालाढूंगी क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते वन मंत्री सुबोध उनियाल, साथ में विधायक भगत। ● अमृत विचार


**अमृत विचार :** वन मंत्री सुबोध उनियाल ने शनिवार को विधायक बंशीधर भगत के साथ कालाढूंगी क्षेत्र में अधर में लटकी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। मंत्री ने अधिकारियों से तत्काल योजनाओं पर एक्शन लेने को कहा। इस दौरान कॉर्बेट ग्राम विकास समिति ने सीएम की घोषणा में शामिल जंगल सफारी को खोलने तथा धपाला ग्राम प्रधान दयानंद ने वन भूमि से गांव में गुजरने वाली सड़क को पक्का करने की मांग रखी।

इस पर मंत्री सुबोध उनियाल ने संबंधित अधिकारियों को वन भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई कर मार्ग का स्थाई समाधान निकालने के निर्देश दिए। जंगल सफारी की घोषणा को गंभीरता से लेकर उसमें तत्काल कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने अधर में लटके मिनी स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। चकलुवा के ग्रामीणों ने निहाल नदी से गांव की सुरक्षा की मांग की। इस पर मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि डीएम से वार्ता कर निहाल नदी को चैनेलाइजेशन करें।

क्षेत्र पंचायत सदस्य संगठन के अध्यक्ष गंगा सामंत ने वन मंत्री को ज्ञापन देते हुए 17 ग्राम सभाओं को मिलने वाले हक-हकूक की मांग के साथ ही निहाल नदी में रीवर ट्रैनिंग व चुगान की मांग की। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, पूर्व चेयरमैन पुष्कर कत्यूरा, ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल, दीवान बिष्ट, भुवन कुमार, हरीश मेहरा, तारा चंद्र पांडे, कुंदन बसेड़ा, महेन्द्र दिगारी, महमूद हसन बंजारा, मुकेश जोशी मौजूद रहे।

## देर रात तक बजे डीजे तो करें कार्रवाई

संवाददाता, हल्द्वानी


अभिलेखों का निरीक्षण करते डीआईजी डॉ.योगेंद्र सिंह रावत, साथ में एसएसपी।

**अमृत विचार :** पुलिस उप महानिरीक्षक डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी की और बहुउद्देशीय भवन के कार्यालयों का निरीक्षण किया।

पुलिस उपमहानिरीक्षक ने बहुउद्देशीय भवन में शिकायत प्रकोष्ठ, डायल 112, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, सर्विलांस, मोबाइल एप, एफएफयू सहित अन्य शाखाओं का निरीक्षण किया। शिकायत प्रकोष्ठ में अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने शिकायती पत्र के निस्तारण के साथ ही शिकायतों की जांच राजपत्रित अधिकारी से कराने के निर्देश दिए। डायल 112 कार्यालय का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि निर्धारित समय के बाद डीजे चलने की शिकायत पर थाने के माध्यम से चालानी कार्यवाही कराएं। वहीं डीआईजी ने सेवानिवृत्त हो चुके पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ गोष्ठी कर विभाग को सहयोग देने की अपील की।

इससे पूर्व डीआईजी ने कालाढूंगी थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। यहां एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ रामनगर भूपेन्द्र भंडारी, सीओ हल्द्वानी नीतिन लोहनी मौजूद रहे।

## 15 दिन में तलाशे 531 गुमशुदा लोग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्रदेश में एक मई से शुरू हुए ऑपरेशन स्माइल के तहत पुलिस ने विभिन्न जिलों से गुमशुदा हुए 531 लोगों को सकुशल बरामद कर लिया है। शेल्टर होम्स, नारी निकेतन, वृद्धाश्रम, संप्रेक्षण गृह, विशेष गृह, ढाबे, कारखाने, बस अड्डे, रेलवे स्टेशन, धार्मिक स्थान, आश्रम, धर्मशाला समेत प्रदेश के बाहर तलाशी अभियान चलाया गया। बीती एक मई से 15 मई तक 68 बालक, 75 बालिका, 168 पुरूष और 220 महिलाओं कुल 531 गुमशुदाओं को तलाश किया। इसके बाद उनके परिजनों के सुपुर्द किया। अभियान लगातार जारी है।

# सही समय पर उपचार ही कैंसर से बचाव: अरोड़ा



कैंसर सर्वाइवर मीट को संबोधित करते डॉ. शलभ अरोरा।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उजाला सिग्ननस सेंट्रल अस्पताल की ओर से सर्वाइवर मीट एंड अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कैंसर रोग से ठीक हुए लोगों ने अपने अनुभव साझा किए।

शनिवार को गैस गोदाम रोड चौराहा स्थित एक रेस्टारेंट में अस्पताल के कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ. शलभ अरोड़ा ने बताया कि आरंभिक लक्षणों को पहचान कर कैंसर का उपचार सही समय पर करने से बीमारी को जड़ से ठीक किया जा सकता है। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रजनीश सेखसरिया ने कहा कि कैंसर का इलाज अब हर वर्ग का व्यक्ति आयुष्मान कार्ड और अन्य स्कीमों से करा सकता है। अस्पताल के यूनिट हेड डॉ. रूपेश सक्सेना ने कहा कि साल 2022 में कुमाऊं में कैंसर के उपचार के अभाव को देखते हुए उजाला सिग्नस सेंट्रल अस्पताल ने कैंसर विभाग की स्थापना की। कैंसर के उपचार की सुविधा अभी कुमाऊं में सिर्फ उजाला सिग्नस सेंट्रल अस्पताल हल्द्वानी में उपलब्ध है। इस अवसर पर अस्पताल के वरिष्ठ लेप्रोस्कोपिक, जनरल और लेजर सर्जन डॉ. संजय जुयाल, वरिष्ठ इंटरवेंशनल नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. एचएस भंडारी मौजूद रहे।









## एक नजर

### कैलाखान और बेतालघाट के जंगल में लगी आग

**नैनीताल :** भवाली रोड स्थित कैलाखान और बेतालघाट के जंगलों में देर रात अराजक तत्वों ने आग लगा दी। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शुक्रवार को भवाली रोड में कैलाखान से आगे पार्किंग संख्या दो, बेतालघाट और निगलाट के जंगल क्षेत्र में अराजक तत्वों ने आग लगा दी। देखते ही देखते आग जंगल में फैल गई। स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग की सूचना दी। जिस पर टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। एफएसओ किशोर उपाध्याय ने बताया कि समय पर सूचना मिलने पर आग जंगल में फैलने से बच गई। इस दौरान सुनील चौधरी, सलामत जान, रविंद्र सिंह, किशोर कुमार व आनंद गिरी मौजूद रहे।

### हीट वेव की चेतावनी पर दमकल अलर्ट, छुट्टियां रद

**हल्द्वानी :** हीट वेव की चेतावनी के बाद दमकल विभाग अलर्ट मोड में है। सभी दमकल कर्मियों की छुट्टियां रद कर दी गईं हैं। छुट्टियां अब बेहद आवश्यक कार्य होने पर ही दी जाएंगी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार ने बताया कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और मौसम विभाग से समन्वय के बाद आग की घटनाओं के बढ़ते खतरे को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। छुट्टी गए कर्मियों को वापस बुलाया गया है। अति आवश्यक कार्य पर ही अवकाश दिए जाएंगे। अग्निशमन विभाग के हल्द्वानी, भीमताल, लालकुआं और रामनगर कार्यालयों में मॉक ड्रिल भी कराई गई।

# अराजक तत्वों ने फूंका जंगल, जलकर खाक हुई मोटर साइकिल

## शहर से सटे जंगल भी नहीं बचा पा रहे अधिकारी, सूचना के बाद भी नहीं पहुंचे पुलिस और वन कर्मी, दमकल विभाग ने तेजी दिखाकर आग पर पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आबादी से दूर जंगलों का जलना तो समझ में आता है, लेकिन बड़ी बात यह है कि अधिकारी शहर से सटे जंगलों में भी आग लगने की घटना नहीं रोक पा रहे। गर्मी से बेहाल कुछ पर्यटकों ने भीमताल रोड के नीचे से गुजर रही गौला नदी में पार्टी मनाई और जंगल में आग लगा दी। आग सड़क तक पहुंच गई और सड़क पर खड़ी एक मोटर साइकिल जलकर खाक हो गई। करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। सूचना के बावजूद पुलिस की सक्रियता नहीं दिखी।

भीमताल रोड पर एचएमटी से पहले महर्षि स्कूल के पास धारा है। इसी धारा के नीचे से गौला नदी गुजरती है। जानकारी के मुताबिक शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे कुछ लोग पार्टी करने के लिए नदी के किनारे पहुंचे। नदी के दोनों ओर जंगल है। पार्टी के दौरान इन अराजक तत्वों ने जंगल में आग लगा दी। 41 डिग्री तापमान और गर्म हवा में आग बेकाबू हुई तो युवक मौके से फरार हो गए। धीरे-धीरे आग सड़क तक पहुंच गई और सड़क किनारे खड़ी मोटर साइकिल को चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने आग को काबू करने की कोशिश की, लेकिन आग काबू नहीं हुई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद जंगल की आग को काबू कर लिया गया, लेकिन मोटर साइकिल लगभग पूरी तरह जल चुकी थी।

काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा का कहना है कि अराजक तत्वों द्वारा आग लगाने की सूचना नहीं मिली है और न ही किसी ने तहरीर दी है। जिसकी मोटर साइकिल जली वह भी शिकायत लेकर नहीं आया।



एचएमटी के पास जंगल में आग लगने से सड़क किनारे जली मोटर साइकिल। ● अमृत विचार



रानीबाग में एनसीसी ट्रेनिंग सेंटर के समीप सड़क पर धू-धू कर जलता ट्रक। ● अमृत विचार

### भाजपा नेता की सूचना पर भी नहीं पहुंची पुलिस

**हल्द्वानी :** जंगल में आग लगने के दौरान भाजपा के जिला मंत्री योगेश रजवार वहीं थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर लाइव वीडियो शेयर किया। जिसमें वह कहते सुनाई दे रहे हैं कि आग की घटना की जानकारी उन्होंने पुलिस के बड़े से लेकर छोटे अधिकारियों को दी, लेकिन एक घंटे तक कोई मौके पर नहीं पहुंचा। उनका कहना है कि पुलिस का ऑपरेशन मर्यादा अभियान कहीं चलता नहीं दिख रहा है। चित्रशिला घाट जैसे पवित्र स्थल के आसपास अराजक तत्वों का बोलबाला है।

**12** बजे दोपहर नदी में नहाने गए लोगों ने लगाई आग

**41** डिग्री तापमान और गर्म हवा से बेकाबू हुई आग

### चलते ट्रक में लगी आग, चालक ने बचाई लोगों की जान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** हल्द्वानी से चमोली माल लोड कर निकला ट्रक अचानक जलने लगा। आबादी क्षेत्र में हुई घटना में चालक ने सूझबूझ दिखाई और ट्रक को आबादी से दूर ले गया। कुछ ही पल में आग ने पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया और लाखों का माल जलकर खाक हो गया। चंद्रशेखर भट्ट पुत्र स्व. दुर्गादत्त भट्ट की टीपीनगर में जय महाकाली ट्रांसपोर्ट कंपनी है। शनिवार की दोपहर ट्रक संख्या यूके 04 सीबी 5277 माल लोड कर चमोली के लिए निकला। ट्रक को ट्रक के मालिक प्रेम सिंह बिष्ट चला रहे थे। रानीबाग पहुंचने पर अचानक ट्रक में आग लग गई। पीछे से आ रहे एक वाहन सवार ने आग की सूचना प्रेम को दी। तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। ट्रक आबादी क्षेत्र में था। उन्होंने धू-धू कर चलते ट्रक को वहीं नहीं रोका, बल्कि अपनी जान की परवाह न करते हुए ट्रक को आबादी से दूर एनसीसी के ट्रेनिंग सेंटर तक ले गए। उन्होंने दमकल और पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में दमकल मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक ट्रक लगभग जल चुका था। चंद्रशेखर ने बताया कि ट्रक में चमोली, थराली, ग्वालदम और नारायणबगड़ के कई दुकानदारों का कपड़ा, पेंट, प्लास्टिक पाइप, दवाइयां, फ्रिज, कूलर, वॉशिंग मशीन आदि सामान था, जो जल गया। उन्होंने 20 लाख रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया है।

# जहां डूबा था भुवन, वहीं गोते लगा रहे लोग

## हालात

- अमृतपुर द्वार पर चेकिंग कर रहे पुलिस को नजर नहीं आए नदी में नहाते लोग
- ऑपरेशन मर्यादा के तहत पुलिस ने 32 लोगों के खिलाफ की कार्रवाई

संवाददाता, हल्द्वानी/भीमताल

**अमृत विचार :** शुक्रवार को बिंदुखत्ता लालकुआं का 19 वर्षीय भुवन भट्ट अमृतपुर की गौला नदी में जहां डूबा था, शनिवार को वहीं पर लोग गोते लगाते नजर आए। बड़ी बात ये है कि अमृतपुर द्वार पर पुलिस चेकिंग कर रही थी, लेकिन उसे ये गोते लगाते लोग नजर नहीं आए। बाद में काठगोदाम पुलिस ने ऑपरेशन मर्यादा के तहत 32 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की।

रोज नहाने और पार्टी करने वालों से अमृतपुर की गौला नदी आबाद रहती है। चूंकि शनिवार को हल्द्वानी बाजार की साप्ताहिक बंदी थी और ऐसे में नदी में नहाने वालों की संख्या आम दिनों की अपेक्षा ज्यादा थी। शुक्रवार को भुवन की मौत के बाद शनिवार को पुलिस सक्रिय तो हुई, लेकिन नदी तक नहीं पहुंची। पुलिस ने अमृतपुर द्वार पर बेरीकेड लगाकर चेकिंग शुरू कर दी। ऐसे लोगों को द्वार से लौटा दिया गया, जो नदी में नहाने और पिकनिक मनाने पहुंचे थे। बावजूद इसके तमाम लोग पुलिस की नजरों से बचते हुए नदी में नहाने पहुंच गए। नहाने वालों में पुरुषों के साथ महिलाएं और बच्चे भी थे।





शनिवार को अमृतपुर गौला नदी में नहाते लोग और अमृतपुर द्वार पर वाहन चालक से पूछताछ करते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

### चेतावनी बोर्ड लगाकर अधिकारियों ने कर ली इतिश्री

**भीमताल :** क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमी व शिक्षक दीपक नौगाईं ने कहा कि लोग नदी में नहाने के साथ-साथ आसपास गंदगी भी करते हैं। इसे रोकने के लिए भीमताल पुलिस और वन विभाग ने चेतावनी बोर्ड भी लगाएं हैं, लेकिन लोग बाज नहीं आ रहे। जिला प्रशासन को गौला नदी में लगातार हो रही घटनाओं के चलते नहाने पर तत्काल रोक लगानी चाहिए।

# युवकों ने रोडवेज बस चालक का सिर फोड़ा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन में कुछ युवकों ने बस चालक से मारपीट की और पत्थर से चालक का सिर फोड़ दिया है। शनिवार को हल्द्वानी डिपो के बस चालक वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते शुक्रवार की शाम वह हल्द्वानी-फरीदाबाद रूट पर जाने वाली बस संख्या यूके 04 पीए-1081 को लेकर हल्द्वानी स्टेशन पहुंचा था तभी बिना वजह कुछ युवकों ने उस पर हमला कर दिया और पत्थर मारकर सिर फोड़ दिया। इतना ही नहीं युवकों ने परिचालक का बैग व टिकट मशीन भी छीनने का प्रयास किया। बीच-बचाव को पहुंचे कानपुर रूट की बस में तैनात चालक अमरपाल सिंह से भी मारपीट की। इधर, हल्द्वानी डिपो के एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवकों की पहचान कर ली गई है।

# नवाज के शव से लिपट गई बहन उपेंद्र का शव घर नहीं लाए परिजन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी-रामनगर मार्ग पर हादसे का शिकार हुए जिगरी दोस्त उपेंद्र उर्फ सनी और नवाज की दोस्ती मौत पर खत्म हो गई। शनिवार को नवाज का जनाजा घर से निकला तो छोटी बहन उससे लिपट गई। काफी देर तक उसने जनाजे को उठने नहीं दिया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद सनी का शव परिजन घर नहीं ले गए। उसे सीधे चित्रशिला घाट ले जाया गया, जहां उसका अंतिम संस्कार हुआ।

शुक्रवार की रात करीब पौने 11 बजे रामनगर में कार सवार मुखानी निवासी उपेंद्र उर्फ सनी (34 वर्ष) पुत्र दिग्विजय सिंह और इंदिरानगर चैनल गेट बनभूलपुरा निवासी नवाज (22 वर्ष) पुत्र मतलूब खान हादसे का शिकार हो गए। दोनों पक्के दोस्त थे और अपने परिवार के इकलौते बेटे थे। शनिवार को जब नवाज का शव घर पहुंचा तो मां तो बेहोश हो गई। उसकी दो बहनें हैं। भाई का जनाजा उठा तो छोटी बहन लिपट गई और जनाजा उठने नहीं दिया। शाम करीब चार बजे परिजनों ने कब्रिस्तान ले जाकर शव को सुपुर्द-ए-खाक किया। नवाज खान एमबी इंटर कॉलेज में कक्षा 12वीं का छात्र था और गाड़ियों पर पेंट भी करता था। पिता बरेली रोड स्थित होटल में काम करते हैं। वहीं सनी मूलरूप से गजनेर बिलसराय कानपुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। उसके पिता दिग्विजय सिंह परिवार के साथ पीलीकोठी मुखानी में रहते हैं। उपेंद्र, पिता के साथ एक शोरूम में नौकरी करता था। शुक्रवार की शाम करीब साढ़े छह बजे दोनों घूमने जाने की बात कहकर निकले थे।

### पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपे शव

**रामनगर :** हल्द्वानी-रामनगर हाईवे पर हुए हादसे में मृतक युवकों का शनिवार सुबह रामनगर अस्पताल में पोस्टर्माटम किया गया। एसएसआई मनोज नयाल ने बताया कि शनिवार सुबह मृतकों के परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। पोस्टमार्टम के बाद दोनों युवकों के शव परिजनों को सौंप दिए गए। शुक्रवार की रात हल्द्वानी से आ रही ऑल्टो कार और अज्ञात वाहन की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई थी। इसमें कार में सवार नवाज (उम्र 22) और उपेंद्र (उम्र 34) की मौत हो गई थी। हल्द्वानी निवासी योगिता, रूपा और मीनू को उपचार के लिए रामनगर अस्पताल लाया गया, मीनू को हालत गंभीर होने पर एसटीएच रेफर कर दिया गया।

# कर चोरी मामले में व्यापारी ने जमा किये 31 लाख

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कर चोरी के एक मामले में विशेष अनुसंधान इकाई (एसआईबी) की टीम ने कार्रवाई की है। कर विभाग को जानकारी मिली थी कि अल्मोड़ा स्थित एक रिजॉर्ट व्यापारी ने अगस्त 2023 से नवंबर 2023 तक अपनी शून्य बिक्री दिखाई है और मार्च 2024 की बिक्री भी नहीं दर्शाई है।

इस पर राज्य कर कुमाऊं जोन के अपर आयुक्त राकेश वर्मा और एसआईबी प्रवर्तन के संयुक्त आयुक्त रोशन लाल के निर्देश पर अल्मोड़ा स्थित रिसोर्ट की गोपनीय जांच की गई। जिसमें पता चला कि व्यापारी के नैनीताल और रामनगर में 2-2 और ऋषिकेश में 1 सहित कुल 5 व्यापार स्थल हैं। इसके बाद व्यापारी के नैनीताल, रामनगर और रानीखेत स्थित व्यापार स्थलों पर एक साथ सर्वे और जांच की गई। जिसमें पता चला कि व्यापारी अपने व्यापार से संबंधित कोई दस्तावेज मौके पर नहीं रख रहा है। कार्रवाई के बाद व्यापारी ने अपनी बिक्री दर्शाते हुए 31 लाख रुपये जमा कर दिए हैं। इधर, संयुक्त आयुक्त रोशन लाल ने बताया कि कर चोरी करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# हीट वेव से बढ़ा पारा, तप रहा मैदान

- मौसम विभाग के अनुसार 21 मई तक रहेगा आसार
- न्यूनतम तापमान में आया उछाल रात में भी गर्मी का एहसास

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** उष्ण लहर (हीट वेव) की वजह से कुमाऊं के मैदानी इलाके तप रहे हैं। न्यूनतम तापमान में भी उछाल आया है। रात को भी गर्मी का एहसास हो रहा है। दिन में तेज धूप के साथ ही गर्म हवाओं से लोग परेशान हैं। हाल-फिलहाल राहत की कोई उम्मीद नहीं है।

शनिवार को हल्द्वानी में सुबह से ही गर्मी का असर रहा। सुबह आठ बजे के बाद ही धूप में खड़ा होना मुश्किल हो गया। पूर्वान्ह होने के साथ ही गर्मी का असर बढ़ने लगा। दिनभर गर्म हवाएं चलतीं रहीं। उष्ण लहर की वजह से मैदानी इलाके पूरी तरह से तप रहे हैं। रात को भी लोगों को चैन नहीं मिल रहा है। अधिकतम तापमान लगातार चौथे दिन भी 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया और 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान में भी उछाल आया है और यह 26 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार अभी 21 मई तक उष्ण लहर से राहत नहीं मिलेगी। तापमान में इसी तरह से बढ़ोत्तरी होगी। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक भी पहुंच जाएगा।

### मौसम विज्ञान केंद्र ने जारी किया येलो अलर्ट

**हल्द्वानी :** मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने उष्ण लहर को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में भी कहीं-कहीं गर्म हवाओं की चेतावनी दी है। पहाड़ों में भी तापमान में उछाल आया है। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 29 और अल्मोड़ा में 35 डिग्री सेल्सियस के पास पहुंच गया है।

**उफ ये गर्मी** — निजी और सरकारी दोनों ही स्कूलों में पढ़ाई जारी, प्राथमिक स्कूल भी खुले, दोपहर के समय चढ़ रहा पारा

# लू के थपेड़े और भीषण गर्मी में छोटे बच्चे जा रहे स्कूल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही और इस गर्मी में भी छोटे बच्चों को स्कूल जाना पड़ रहा है। निजी और सरकारी दोनों ही स्कूल खुले हैं। प्राथमिक कक्षाओं के बच्चे भी भीषण गर्मी में स्कूल जा रहे हैं।

मई माह में गर्मी से हाल बेहाल हो रहा है। दिन के समय लू के थपेड़े चल रहे हैं। स्कूल खुले होने की वजह से अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूल भेजना पड़ रहा है। निजी और सरकारी दोनों ही स्कूल खुले हैं। कक्षा एक से लेकर पांच तक के बच्चे भी स्कूल जा रहे हैं। तापमान की बात करें तो सुबह से ही गर्मी शुरू हो रही है। दोपहर के समय स्कूलों की छुट्टी हो रही है, उस समय हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास चल रहा है। गौरतलब है कि ठंड के दिनों में अधिक ठंड पड़ने और मानसून के समय में बारिश के रेड अलर्ट पर स्कूल बंद कर दिए जाते हैं। हालांकि गर्मियों में उष्ण लहर के अलर्ट के बाद भी स्कूलों को बंद नहीं किया गया है।

बच्चों के साथ माता-पिता भी गर्मी में परेशान हो रहे हैं। ज्यादातर मामलों में माताओं को ही बच्चों को स्कूल छोड़ने और लेने जाना पड़ता है। ऐसे में अभिभावकों का कहना है कि प्रशासन और शिक्षा विभाग को कम से कम छोटी कक्षाओं के बच्चों के लिए स्कूल बंद कर देना चाहिए।







शनिवार की दोपहर तेज धूप के बीच स्कूल से छुट्टी होने के बाद अभिभावकों के साथ घर जाते बच्चे। ● अमृत विचार

> अवकाश का निर्णय शासन स्तर से लिया जाता है। सामान्य तौर पर 25 मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश होता है। इससे पहले अवकाश का अभी तक कोई आदेश नहीं आया है। **–जेएम सोनी**, मुख्य शिक्षा अधिकारी, नैनीताल

Shriram Institute of Management & Technology
Group Institute SIMT-PG College
Approved by AICTE & NCTE
Affiliated to Uttarakhand Technical University & Kumaun University, Accredited (Edu) by NAAC
Gateway to a Bright Career.....




उत्तराखण्ड राज्य संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2024-26

उत्तराखण्ड के राज्य विश्वविद्यालयों (श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय टिहरी गढ़वाल, कुमाऊँ विश्वविद्याल, नैनीताल एवं सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा, से सम्बद्ध समस्त राजकीय/अशासकीय महाविद्यालयों/ स्ववित्त पोषित बी०एड० शिक्षण संस्थानों में सत्र 2024-26 में प्रवेश हेतु परीक्षा का अयोजन दिनांक 09 जून, 2024 (रविवार) को किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकरण प्रारम्भ करने की तिथि | दिनांक 26 अप्रैल, 2024 |
| ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकरण की अन्तिम तिथि | दिनांक 27 मई, 2024 |

बी.एड. प्रवेश परीक्षा सत्र 2024-26 में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी पोर्टल की आधिकारिक https://ukentrance.samarth.edu.in वेबसाईट से प्राप्त कर सकते है

कुमाऊं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध पाठ्यक्रम में पंजीकरण आरम्भ

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकरण प्रारम्भ करने की तिथि | दिनांक 30 अप्रैल, 2024 |
| ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकरण की अन्तिम तिथि | दिनांक 31 मई, 2024 |
| ऑनलाईन काउंसलिंग की तिथि | दिनांक 01 से 20 जून 2024 तक |

Register online @ ₹ 50/- at https:ukadmission.smarth.ac.in
Admission Open for Session 2024-25
Course Offered: MBA | BBA | BBA (Hotel Admin.) | BCom Honours | BCA | BEd
for Counseling & Registration
Visit or Contact Shriram Institute
Follow us on
Scan Me
7th Km Stone, Ramnagar Road, Kashipur-244713, (U.S.Nagar) Uttarakhand
Website: www.shriraminstitute.com | Email: simtrk@rediffmail.com
9927010999, 8194069000, 9012805811, 7017627714

## सार-संक्षेप



विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के बनाए मॉडल देखतीं अध्यापिकाएं और अभिभावक।

### स्वरचित कहानी, कविता और पत्रिकाओं से मोहा मन

**हल्द्वानी :** राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय मुखानी में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से रीडिंग फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों की हस्तलिखित पत्रिकाओं को भी प्रदर्शित किया गया। छात्र-छात्राओं ने स्वरचित कहानी और कविताओं की शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता से बताया कि नशे की लत एक सभ्य समाज की सबसे बड़ी चिंता है। कुछ बच्चों ने अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण दिन को परिभाषित किया। अभिभावकों ने बच्चों की उपलब्धियों को सराहा और उज्जवल भविष्य की दिशा में शिक्षकों के प्रयास की प्रसंशा की। इस दौरान फाउंडेशन के महेश भट्ट, दीपा, भास्कर उप्रेती, कुसुम जलाल, डॉ. मंजू पांडे, उदिता, विमला मथेला, सीमा महतोलिया, सीमा चौधरी, माधवी कार्की, हरिप्रिया बसेडा, कोकिला रावत, कविता आदि मौजूद रहे।

### जीआरपी ने पकड़ा मोबाइल चोर

**रामनगर :** जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने शनिवार को मोबाइल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आसिफ पुत्र शफीक निवासी दोलपुरी बवनिया ठाकुरद्वारा मुरादाबाद ने तहरीर दी थी कि रामनगर रेलवे स्टेशन पर उसका मोबाइल चोरी हो गया है। जीआरपी चौकी रामनगर, थाना जीआरपी काठगोदाम ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। मामले में टीम ने चोरी किए मोबाइल सहित आरोपी अशोक सिंह (32) निवासी हरिपुर सेलाकुई देहरादून हाल पता भूरिया का मकान रेलवे कॉलोनी रामनगर को गिरफ्तार किया है।

### शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता के पोस्टर का लोकार्पण

**नैनीताल :** भारतीय शिक्षण मंडल की ओर से आयोजित विजन फॉर विकसित भारत विषय पर शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता के पोस्टर का लोकार्पण शनिवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में कुलपति प्रो. दीवान एस रावत ने किया। कार्यक्रम में प्रांत प्रचारक प्रमुख डॉ. अतुल कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मंडल के स्थापना दिवस 17 अप्रैल 2024 को पूरे देश में किया गया है। इच्छुक छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता के लिए 30 जून तक मंडल की वेबसाइट पर पंजीकरण करा सकेंगे। 31 जुलाई तक शोध पत्र जमा करना होगा।



बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यशाला के दौरान मौजूद छात्राएं।

### छात्राओं को जैव विविधता के बारे में बताया

**नैनीताल :** प्राकृतिक जल स्रोतों और जैव विविधता के संरक्षण को लेकर शनिवार को नैनीताल के अटल आदर्श उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन सामाजिक संस्था एस-3 फाउंडेशन अध्यक्ष जय जोशी, भू वैज्ञानिक भुवन जोशी और ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कमल कांत जोशी ने किया। कार्यक्रम में प्रो. कमलकांत जोशी ने छात्राओं को जैव विविधता के बारे में विस्तार से समझाया। वहीं भुवन जोशी ने भूमि संरक्षण व जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी। इस दौरान कंचन जोशी, अजय कुमार, मानिक शाह, रवि कुमार मौजूद रहे।

### लो वोल्टेज की समस्या नहीं हुई हल तो होगा आंदोलन

**हल्द्वानी :** गौलापार क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या से परेशान लोगों ने शनिवार को विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को शिकायती पत्र दिया। उन्होंने बताया कि बीते कई दिनों से गौलापार के विभिन्न क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या हो रही है। अधिकारियों को समस्या से कई बार अवगत गया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। कहा कि यदि जल्द ही लो वोल्टेज की समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर मनोज रावत, देवकी देवी, कमला देवी, मोहनचंद्र मौजूद रहे।

### गौलापार में उच्च न्यायालय स्थापित करने की मांग

**हल्द्वानी :** राष्ट्रीय समाजसेवी अधिवक्ता परिषद ने गौलापार में उच्च न्यायालय स्थापित करने की मांग उठाई है। शनिवार को लोनिवि गेस्ट हाउस में बैठक के दौरान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट गंगा प्रसाद ने कहा कि राज्य गठन के समय ही तय हो गया था कि राजधानी को देहरादून और उच्च न्यायालय नैनीताल में बनाया जाएगा। सचिन चिंद्रा ने कहा कि संगठन उच्च न्यायालय की बेंच को गढ़वाल में स्थापित करने का विरोध करता है। बैठक में देवेंद्र बिष्ट, सईद अहमद, जगदीश चंद्र, चंद्रेशखर मौजूद रहे।

### पदाधिकारियों ने की उच्च शिक्षा निदेशक से भेंट

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक महासंघ के पदाधिकारियों ने शनिवार को नवनियुक्त उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अंजू अग्रवाल से शिष्टाचार भेंट की। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिवाकर बौद्ध के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने निदेशक से विभिन्न समस्याओं के संबंध में वार्ता की। पदाधिकारियों ने वार्षिक छुट्टियों में की गई कटौती को कम करने की विशेष मांग की। संघ के महासचिव डॉ. डीएस नेगी ने कहा कि प्राध्यापक महासंघ उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और सत्र नियमित करने के लिए सरकार की ओर से किए गए प्रयासों की सराहना करता है, लेकिन प्राध्यापकों के हितों की रक्षा के लिए भी संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम की कार्यवाही करने, पिछले वर्ष के लंबित प्रकरणों का तुरंत निस्तारण करने, डिग्री कालेजों में कार्यरत शिक्षकों का पीएचडी करने के लिए कोर्स वर्क को ऑनलाइन करने की मांग की जिससे अवकाश में रहने पर पठन पाठन में व्यवधान न हो। वार्ता के बाद निदेशक ने सभी प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान उपाध्यक्ष डॉ सुरेश टम्टा, डॉ सुरेंद्र सिंह, डॉ सुनील पंत आदि उपस्थित रहे।

### माता रानी मंदिर में भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

**हल्द्वानी :** हिम्मतपुर तल्ला स्थित माता रानी के मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले पूजा-अर्चना, भजन और हवन का आयोजन हुआ। इस दौरान क्षेत्र की महिलाओं ने सुंदर भजन-कीर्तन गाए। इस अवसर पर मुख्य यजमान हरीश चंद्र पाठक और दीपू धौनी, पंडित रमेश चंद्र जोशी, प्रकाश चंद्र जोशी, आनंद दुर्गापाल, विजय नेगी, नीरज दुर्गापाल, हरीश बिष्ट, भुवन शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### हुकुम सिंह कुंवर ने मेयर के चुनाव के लिए की दावेदारी

**हल्द्वानी :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने हल्द्वानी नगर निगम से भाजपा के टिकट पर मेयर पद के लिए दावेदारी पेश की है। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष नैनीताल प्रताप सिंह बिष्ट को पत्र सौंप कर कुंवर ने कहा कि अगर पार्टी की सहमति होती है तो वह चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। हुकुम सिंह कुंवर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रह चुके हैं। साथ ही अविभाजित उत्तर प्रदेश के समय वह हल्द्वानी विधान सभा से दो बार चुनाव लड़ चुके हैं।

### बंदरों के झुंड ने किया महिला को जख्मी

**गरमपानी :** बेतालघाट ब्लॉक के बादरकोट गांव में कटखने बंदर आतंक का पर्याय बन चुके हैं। गांव से रुद्रपुर जाने को निकली महिला को बंदरों ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। समीपवर्ती अस्पताल में महिला का प्राथमिक उपचार किया गया। बंदरों ने महिला के सिर, पीठ व हाथों में गहरे दांत गड़ा डाले। ग्रामीणों ने महिला को बामुश्किल बंदरों के चंगुल से छुड़ाया। बादरकोट गांव में बंदरों के आतंक से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो चुका है। कटखने बंदरों का झुंड गांव में डेरा डाले हुए हैं। बीते दिनों स्कूल जा रही बालिका को लहुलुहान करने के बाद सुबह अपने घर से रुद्रपुर जाने को निकली हंसी देवी पर कटखने बंदरों के झुंड ने हमला बोल दिया। एकाएक हुए बंदरों के हमले से हंसी असंतुलित होकर गांव के रास्ते से नीचे गिर गई। बंदरों के झुंड ने हंसी के सिर, हाथ व पीठ पर गहरे दांत गड़ा दिए।

# कहीं मिल रहा भरपूर पानी, कहीं बूंद-बूंद को तरस रहे

## बिठौरिया पूर्वी वार्ड 47 का हाल:- स्ट्रीट लाइट लगने और साफ-सफाई की व्यवस्था से लोग खुश

**वार्ड परिक्रमा**

**जनसंख्या: 07 हजार करीब | मतदाता: 05 हजार करीब**

**मुख्य कॉलोनियां :-** शक्ति विहार, नारायण विहार, हिम्मतपुरम कॉलोनी, पार्वती एनक्लेव, चंदन विहार, रीवा एनक्लेव, गोविंदपुरम, वंदना विहार, कृष्णा विहार आदि।







नालियों में जमा कचरा, मुख्य सड़क पर पड़े गड्ढे, नाली किनारे बैठकर पानी भरती महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बिठौरिया पूर्वी वार्ड 47 में कहीं भरपूर पानी मिल रहा है तो कहीं लोग बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। विकासनगर, वंदना विहार, सोल्जर कॉलोनी, मालती विहार आदि में ट्यूबवेल से पानी की आपूर्ति होती है, लेकिन नारायण विहार में पानी का संकट बना हुआ है। महिलाओं ने बताया कि सप्ताह में सिर्फ दो दिन रविवार और सोमवार को ही पानी आता है। इसलिए वह घर में मौजूद सभी बर्तनों में पानी भर लेती हैं।

बिठौरिया नंबर एक में राम मंदिर गली में ट्यूबवेल लगाया जा रहा है, जिसके बाद पानी की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है। लोगों ने बताया कि नगर निगम में शामिल होने के बाद स्ट्रीट लाइट और सफाई व्यवस्था बेहतर हुई है। कूड़े की गाड़ी दो दिन में एक बार आती है। कहीं कूड़ा जमा होने की शिकायत मिलने पर नगर निगम के सफाई कर्मी हाथ गाड़ियों से सफाई कर देते हैं। हिम्मतपुरम, पार्वती एनक्लेव, सोल्जर कॉलोनी, गोविंदपुरम, वंदना विहार, बैंक कॉलोनी में सड़कों का निर्माण हुआ है, लेकिन देवभूमि एनक्लेव, कालिका कॉलोनी, हर्ष विहार आदि की सड़कें सालों टूटी पड़ी हैं। वार्ड के कई क्षेत्रों में बिजली की भी परेशानी है। गलियों में बिजली के लटके तारों को ऊंचा करने के लिए वार्ड में करीब 100 नए पोल लगाए गए हैं। निवर्तमान पार्षद दीपक बिष्ट ने बताया कि नगर निगम में शामिल होने के बाद वार्ड में सफाई व्यवस्था दुरुस्त हुई है। कई कॉलोनियों में सड़कें बनाई गई हैं। पेयजल की समस्या में काफी सुधार हुआ है। शिव काली मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है।

### लोगों से बातचीत



नारायण नगर में पानी की समस्या है। ऊंचापुल स्थित ट्यूबवेल फूंकने पर दिक्कत बढ़ जाती है। पानी स्टोर करने के ज्यादा साधन भी नहीं हैं।
**- केपी रॉय**



हर्ष विहार में सालों से सड़क नहीं बनी है। पहले कॉलोनी में अंधेरा रहता था, लेकिन स्ट्रीट लाइट लगने से रात में आने-जाने में सुविधा है।
**-मनीष शर्मा**



पानी की काफी दिक्कत है। सप्ताह में सिर्फ दो दिन पानी आता है। बिठोरिया में एक ट्यूबवेल लग रहा है, उससे राहत मिलेगी। सफाई व्यवस्था ठीक है।
**-शालिनी आर्या**



सोल्जर कॉलोनी में नगर निगम की ओर से सीसी रोड बनी है। पेयजल की नई लाइन भी बिछी है। स्ट्रीट लाइटें भी जल रही हैं। कूड़ा गाड़ी नियमित आती है।
**-रेनू नेगी**



मालती विहार में सड़क नहीं बनी है। स्ट्रीट लाइटें लगने से आवागमन में सहुलियत हो रही है। नगर निगम की कूड़ा गाड़ी व सफाई कर्मी आते हैं।
**-पुष्पा कफलिया**



वंदना विहार में अच्छी सड़क बनी है। सड़क के दोनों ओर नालियां बनने से जलभराव नहीं होता है। पेयजल की सुविधा अच्छी है। सफाई नियमित होती है।
**-लीला देवी**

# वन भूमि पर खड़ी बसों से वसूला पार्किंग शुल्क

**मनमानी**

- नगर पालिका के ठेकेदार ने काटी पार्किंग शुल्क की रसीद
- रामनगर शहर से बाहर नगर वन के पास खड़ी थीं बसें



वन क्षेत्र में खड़े पर्यटकों के वाहन। ● अमृत विचार




वसूले गए शुल्क की पर्ची।

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** नगर पालिका सीमा से बाहर खड़ी पर्यटकों की बसों से पालिका के ठेकेदार ने पार्किंग शुल्क वसूल लिया। रामनगर स्थित नए पुल के बाद रामनगर वन प्रभाग का नगर वन पार्क है। इसी के समीप बाहर से आये पर्यटकों की बसें बीते दिवस खड़ी थीं।

बसें नगर से पांच किलोमीटर दूर क्यारी गांव के रिजॉर्ट में पर्यटकों के ग्रुप को लेकर आई थीं। रिजॉर्ट में वाहन खड़ा करने की पर्याप्त जगह न होने के कारण बसों को रामनगर शहर से बाहर नगर वन के पास खड़ा किया गया। इसके बावजूद नगर पालिका के नाम पर ठेकेदार ने पार्किंग शुल्क वसूल लिया। बकायदा इसकी रसीद भी बस चालक को दी। गौरतलब है कि जिस स्थान पर बसें खड़ी की गईं थीं, वह पालिका के क्षेत्र से बाहर है। उक्त स्थान वन विभाग के अंतर्गत आता है। यह वन्यजीव बाहुल्य क्षेत्र है। यहां पर वाहन खड़ा करना उचित नहीं है। आये दिन उक्त स्थान पर पर्यटकों की बसें बिना वन विभाग की अनुमति के खड़ी होती हैं। अक्सर इन बसों के आसपास कूड़े कचरे का एकत्र हो जाना नई बात नहीं है।

### बोले अधिकारी

मामला संज्ञान में आया है। इसकी गहनता से जांच की जा रही है। यदि आरोप सत्य पाए गए तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।
**-महेंद्र कुमार यादव,** ईओ नगर पालिका

पुल के समीप पर्यटकों की बसों के खड़े होने की शिकायतें मिल रही हैं। जिनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
**-दिगंथ नायक,** प्रभागीय वनाधिकारी रामनगर वन प्रभाग

# कोतवाली में भिड़ीं सास-बहू जीजा-साले में हुई जूतमपैजार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पुलिस डेढ़ साल पहले हुई शादी बचाने की कोशिश कर रही थी और तभी सास-बहु में जुबानी भिड़ंत हो गई। बात इतनी बढ़ी कि सास-बहू की तकरार के बीच आये जीजा-साले में जूतमपैजार हो गई। किसी तरह पुलिस ने दोनों को अलग किया और कोतवाली में बिठा दिया। बाद में उनका चालान हुआ।

हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक युवती की खटीमा निवासी युवक से करीब डेढ़ साल पहले शादी हुई थी। हालांकि शादी के कुछ ही दिन बाद परिवार में विवाद होने लगे। बात इतनी बढ़ी कि विवाद पुलिस तक पहुंच गया। दंपति ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत की। चौकी और थाने से होता हुआ मामला महिला हेल्पलाइन तक पहुंच गया। पहली कांउसिलिंग के बाद शनिवार को दंपति को दूसरी काउंसिलिंग के लिए बुलाया गया। महिला के साथ उसका भाई और युवक के साथ उसकी बुजुर्ग मां थी। हेल्पलाइन में काउंसिलिंग के बाद दोनों पक्ष बाहर निकल रहे थे कि तभी सास-बहु में कहासुनी हो गई। युवक ने मां को समझाने की कोशिश की, लेकिन तभी युवती ने अपने पति का मोबाइल छीनने की कोशिश की। युवक ने उसे रोका तो युवती का भाई बीच में आ गया और दोनों में मारपीट शुरू हो गई। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि दोनों लोगों का शांति भंग की धारा में चालान किया गया है।

# शिविर में 136 लोगों ने किया रक्तदान



पंजाबी जन कल्याण समिति के शिविर में रक्तदान करते लोग।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पंजाबी जन कल्याण समिति की ओर से शनिवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 136 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। रामपुर रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित शिविर का शुभारंभ सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने किया।

कार्यक्रम के संयोजक अवनीश राजपाल ने बताया कि ब्लड बैंकों में रक्त की कमी को देखते हुए वृहद स्तर पर शिविर लगाया गया। इसमें 45 महिलाओं सहित कुल 136 लोगों ने रक्तदान किया है। संस्था के संयुक्त सचिव उमंग वासुदेवा ने बताया कि डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ब्लड बैंक को 65 यूनिट और बालकिशन देवकी जोशी चैरिटेबल ब्लड बैंक को 71 यूनिट रक्त दिया गया है। इस दौरान अध्यक्ष प्रदीप कक्कड़, महामंत्री मुकेश ढींगरा, उपाध्यक्ष संजीव आनंद, संरक्षक सुभाष मोंगा, कश्मीरी लाल साहनी, रमेश सडाना, दीपक वाही, राजीव वाही मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्ति पर शिक्षक नागेंद्र को दी विदाई

**गरमपानी, अमृत विचार :** राजकीय अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज बेतालघाट में हुए सादे समारोह में गणित विषय के शिक्षक नागेन्द्र प्रसाद यादव को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र उपाध्याय ने किया। विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षक के कार्यकाल की सराहना की। अभिभावकों ने कहा कि शिक्षक नागेन्द्र ने हमेशा ही गंभीरता से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।

शिक्षक ने भी अभिभावकों व विद्यालय प्रबंधन से मिले सहयोग पर आभार व्यक्त किया। शिक्षक व कवि राजकुमार भंडारी ने शिक्षक के सम्मान में कविता पाठ किया। बाद में शिक्षक नागेन्द्र प्रसाद यादव को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. अरविंद मिश्रा, दीप चंद्र त्रिपाठी, एबी सिंह, सत्यदेव, राजपाल सिंह, अल्ताफ शाह आदि मौजूद रहे।

# मारपीट मामले में क्रॉस एफआईआर दर्ज

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** कोतवाली में छह माह पुराने मारपीट के मामले में दूसरे पक्ष ने भी क्रॉस एफआईआर दर्ज करा दी है। इसमें पहले पक्ष के आठ लोगों को आरोपी बनाया गया है। मामले में कुछ दिन पूर्व पहले पक्ष ने 16 लोगों के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया था।

ग्राम भवानीपुर खुल्बे पीरुमदारा निवासी रणजीत सिंह ने पुलिस को तहरीर दी कि छह माह पूर्व मित्रपाल पुत्र रामपाल, ब्रहम सिंह पुत्र रामपाल सिंह, दिनेश पुत्र रामपाल, अंकुर पुत्र मित्रपाल, कपिल पुत्र मित्रपाल, अनिल सिंह पुत्र मित्रपाल सिंह, रामबतिया पुत्र मित्रपाल सिंह और सुमित पुत्र रामपाल सिंह निवासीगण हाथीडंगर ने एक राय होकर मित्रपाल के घर के पास उसके व उसके एक अन्य साथी का रास्ता रोककर लाठी-डंडो और धारदार हथियारों से हमला कर लहुलुहान कर दिया। घर की महिलाओं के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी है।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि ग्राम हाथीडगर क्षेत्र में महिलाओं और पुरुषों के साथ मारपीट करने के मामले में 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवती की गुमशुदगी दर्ज

**रामनगर :** मोहल्ला उत्तरी खताड़ी निवासी अक्षय ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि गुरुवार को उसकी बहन घर से बिना बताए कहीं चली गई है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया है। एसएसआई मनोज नयाल ने बताया कि युवती की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## एक नजर

### चाकू के साथ दो लोगों को पुलिस ने पकड़ा

**काशीपुर** : कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थान से दो युवकों को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार देर रात टांडा चौकी प्रभारी मनोज जोशी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस बीच शुगर मिल के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया। युवक की तलाशी लेने पर पुलिस को उसके कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ। वहीं पूछताछ में अरोपी ने अपना नाम सैनिक कॉलोनी निवासी अमन कुमार बताया। वहीं दूसरे मामले में बांसपफोड़ान चौकी क्षेत्र पुलिस ने गश्त के दौरान कर्बला मैदान के पास से बांसपफोड़ान निवासी आकाश कश्यप को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मगरमच्छ ने हमला कर युवक को किया घायल



घायल कुलदीप सिंह राणा।

**खटीमा** : बरी अंजनिया के एक युवक को मगरमच्छ ने हमला कर घायल कर दिया। उसे नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बरी अंजनिया निवासी कुलदीप सिंह राणा गांव के पास बहने वाले नाले में पंपिंग सेट लगाकर नाले से पानी निकालकर धान के खेत में पानी लगा रहा था। इसी दौरान नाले में पड़े पाइप के मुहाने पर कचरा आ गया था। जिसे हटाने के लिए कुलदीप नाले में उतरकर पाइप को साफ कर रहा था। इसी समय मगरमच्छ ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। कुलदीप की चीख पुकार पर आसपास के लोग आ गए और उसे तत्काल नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### दहेज उत्पीड़न में पति समेत चार लोगों पर मुकदमा

**जसपुर** : दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने नव विवाहिता के पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव भगवन्तपुर निवासी मनीषा पुत्री ओम प्रकाश सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसकी शादी सात दिसंबर 2023 को ग्राम रायपुर थाना जसपुर निवासी आकाश उर्फ खिलेंद्र सिंह पुत्र सुरेश सिंह के साथ हुई थी। शादी के समय उसके पिता ने अपनी हैसियत अनुसार काफी उपहार दिये थे। इसके बावजूद पति आकाश उर्फ खिलेंद्र सिंह, ससुर सुरेश, सास सविता, देवर रितिक खुश नहीं थे, वह 5 लाख रुपये नकद लाने के ताने देने लगे। मांग पूरी न होने पर उन्होंने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया और उसका फोन भी छीन लिया। विवाहिता ने आरोप लगाया है कि 9 मई 2024 को वह अपने कमरे में थी करीब प्रात: 7 बजे उसका पति आकाश उर्फ खिलेंद्र सिंह, ससुर रमेश, सास सविता, देवर रितिक ने उसके साथ मारपीट की। इससे वह घायल हो गई। साथ ही उसको दहेज की मांग पूरी न करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया।

### युवक को घायल करने वाले चालक पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर** : पिकअप की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों को घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। ग्राम सरकरा तहसील बाजपुर निवासी सिब्ते हसन पुत्र नजरुद्दीन ने आईटीआई पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में बताया कि बीती चार मई की रात्रि उसका पुत्र उवैस, जुनैद व सौरभ की बाइक में पिकअप के चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत

**दुर्घटना**

- विक्षिप्त को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** दढ़ियाल काशीपुर मार्ग पर सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा महिला का देवर बुरी तरह घायल हो गया। महिला की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया है। वह शव को अपने घर ले गए है।

शनिवार को काशीपुर थाना आईटीआई स्थित गांव कुंडेश्वरी निवासी महेश कुमार अपनी भाभी भारती के साथ बाइक से दवा लेने काशीपुर से टांडा जा रहा था। इस दौरान दढ़ियाल-काशीपुर मार्ग पर एक विक्षिप्त व्यक्ति रास्ते पर आ गया। जिसे बचाने के प्रयास में महेश की बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों बाइक से नीचे गिर गए। हादसे में महेश की भाभी की मौत हो गई, जबकि महेश बुरी तरह घायल हो गया। उधर एम्बुलेंस के माध्यम से भारती व घायल महेश को अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के पति दिनेश ने बताया कि उसकी शादी को दस वर्ष हो गए हैं। भारती अपने पीछे नौ वर्ष के देव व छह वर्ष की देविका छोड़ गई।

### जजी परिसर में हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने दिलाई शपथ, विगत दिनों जिला बार एसोसिएशन का हुआ था चुनाव

# बार एसोसिएशन के निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला जजी परिसर में जिला बार एसोसिएशन के निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जिसमें अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों को हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायमूर्ति द्वारा शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ प्रशासनिक न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा, हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल आशीष नैथानी और जिला जज सिकंद कुमार त्यागी ने दीप जलाकर किया। इसके बाद मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति नैनीताल हाईकोर्ट आलोक कुमार वर्मा ने निर्वाचित जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता दिवाकर पांडेय के अलावा अन्य निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई।



जजी परिसर में आयोजित समारोह में शपथ लेते जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा ने कहा कि बार एसोसिएशन बेंच की माता होती है और एसोसिएशन बहुत महत्वपूर्ण है। साथ ही एक स्वतंत्र न्यायपालिका है। उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन द्वारा जो मांगें रखी गई हैं, उसका समाधान उचित समय पर किया जाएगा। बार और बेंच को सामंजस्य बनाकर कार्य करना चाहिए। वहीं बेंच को पारदर्शी तरीके से अपना निर्णय देना चाहिए और अधिवक्ताओं को भी चाहिए कि वादी को सही रास्ता दिखाकर न्याय प्रक्रिया प्रारंभ करें। इस दौरान अध्यक्ष दिवाकर पांडेय ने अतिथियों के साथ हाईकोर्ट को जिला मुख्यालय पर स्थापित करने का मुद्दा रखा। इस मौके पर ऑल इंडिया बार काउंसिल के सदस्य अधिवक्ता डीके शर्मा, पूर्व निवर्तमान एमपी तिवारी, सचिव निवर्तमान सुशीला मेहता के अलावा निर्वाचित उपाध्यक्ष कृष्ण चंद, कलेक्ट्रेट उपाध्यक्ष विष्णु कुमार मंडल, सचिव विकास तिवारी, कोषाध्यक्ष पावेल कठायत, लेखा परीक्षक आशीष त्रिपाठी, पुस्तकालय अध्यक्ष गौरव मिड्डा के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों ने शपथ ली।

# शराब की दुकान खोलने से भड़के कॉलोनी के लोगों ने किया प्रदर्शन

### दिनेशपुर-काली नगर में खुली है दुकान, 24 घंटे लगा रहता है अराजक तत्वों का तांता

**आक्रोश**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कालीनगर-दिनेशपुर मुख्य गेट पर शराब की दुकान खुलने पर भड़के कॉलोनी के लोगों ने जिला आबकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और जल्द ही दुकान बंद करने की मांग की। उन्होंने आगाह किया कि यदि उनकी मांग पर गौर नहीं किया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

शनिवार को कालीनगर-दिनेशपुर मुख्य मार्ग स्थित कॉलोनी के लोग जिला आबकारी कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। उनका कहना था कि मुख्य मार्ग के मुख्य गेट पर शराब की दुकान विभाग द्वारा आवंटित की गई है। इस कारण दुकान पर 24 घंटे असामाजिक तत्वों का तांता लगा रहता है और महिलाओं का निकलना दुश्वार हो गया है। आए दिन शराबियों द्वारा महिलाओं और युवतियों से छींटाकशी होती रहती है। इसकी वजह से इलाके का माहौल खराब होता जा रहा है।



जिला आबकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

आरोप था कि इस संबंध में कई बार शिकायती पत्र भी दिए गए। बावजूद शराब की दुकान को स्थानांतरित नहीं किया गया। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को ज्ञापन देकर इलाके से शराब की दुकान बंद करने की मांग की। आगाह किया कि यदि विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं कि तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह, मनीष गुप्ता, प्रमोद कुमार, भोलादत पांडेय, नीतू शर्मा, सतवंत कौर, माया देवी, चंदन सिंह, भागीरथी देवी, जीवन सिंह, प्रीति देवी, दीपा भट्ट, रंजीत सिंह, नंद गोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### बिना लाइसेंस दुकानों में शराब पिलाने के मामले में एक पर मुकदमा

**काशीपुर** : दुकानों में बिना लाइसेंस के शराब पिलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने दुकानों में बिना लाइसेंस शराब पिलाने वालों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान एसआई अजीत कुमार ने मुखबिर की सूचना पर गंगे बाबा रोड पर स्थित एक दुकान में बिना लाइसेंस के एक व्यक्ति द्वारा लोगों को शराब पिलाते रंगे हाथ पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम अजय निवासी गंगे बाबा रोड बताया। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## ऑटो लिफ्टर गैंग सक्रिय, दो बाइक चुराकर दी चुनौती

**रुद्रपुर:** शहर में ऑटो लिफ्टर गिरोह ने थाना ट्रांजिट कैंप और रंपुरा चौकी इलाके से दो बाइकों को चुराकर पुलिस को चुनौती दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

खेड़ा वार्ड-19 निवासी अजीम ने बताया कि वह अपनी बाइक संख्या यूके-06 एटी-5879 को लेकर छह मई को किच्छा बाईपास मार्ग स्थित साप्ताहिक बाजार गया था और बाइक को लॉक करके बाहर खड़ी कर दी। कुछ देर बाद जब वापस आया तो बाइक अपने स्थान से गायब मिली। वहीं दूसरी ओर थाना ट्रांजिट कैंप के ठाकुरनगर निवासी संजीत सरकार ने बताया कि वह 13 मई की सुबह बाइक संख्या यूके-06 एक्स-1241 को लेकर किच्छा बाईपास मार्ग स्थित इंडस्ट्रियल इलाके में गया था और बाइक को लॉक कर खड़ी कर दी थी। थोड़ी देर बाद लौटा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। बाइक स्वामियों ने संबंधित थाना चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस के अनुसार जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# ट्यूशन नहीं पढ़ा तो शिक्षक ने छात्र को पीटकर किया बेहोश

**मामला**

- जनता इंटर कॉलेज का है मामला, सौंपी तहरीर
- जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का भी आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जनता इंटर कॉलेज के क्लास टीचर द्वारा ट्यूशन नहीं पढ़ने पर छात्र को पीटकर बेहोश करने का मामला सामने आया है। छात्र की मां का आरोप है कि अध्यापक द्वारा जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया गया। अभिभावक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

शिवनगर वार्ड-8 निवासी निशा सागर ने बताया कि उसका 13 वर्षीय बेटा वीरा सागर जनता इंटर कॉलेज में कक्षा सात का छात्र है। आरोप था कि पिछले कई दिनों से क्लास टीचर फोन पर ट्यूशन नहीं पढ़ने पर फेल करने, स्कूल से नाम कटवाने की धमकी दे रहा था। जब ट्यूशन पढ़ने से इंकार किया तो शुक्रवार को क्लास टीचर ने बेटे को पीटना शुरू कर दिया और कक्षा से बाहर निकलते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग भी किया।

आरोप था कि बेरहमी से हुई पिटाई की वजह से बेटा बेहोश हो गया और टुकटुक चालक ने बेटे को घर पहुंचाया। इसके बाद बेटे का निजी अस्पताल में उपचार भी करवाया गया। बताया कि जब क्लास टीचर की शिकायत कॉलेज के प्रधानाचार्य से की तो उनके द्वारा भी अध्यापक के कृत्यों से परेशान होने की बात कही। छात्र की मां निशा सागर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

> कक्षा सात के विद्यार्थी से क्लास टीचर द्वारा मारपीट कर बेहोश करने का प्रकरण उनके संज्ञान में है। छात्र के अभिभावकों द्वारा विद्यालय आकर भी अध्यापक की शिकायत दर्ज करवाई थी। छात्र पिटाई प्रकरण की विद्यालय स्तर पर भी जांच कराई जाएगी और जांच के बाद आरोप सही साबित होते हैं तो आरोपी क्लास टीचर के खिलाफ विद्यालय प्रबंधन कार्रवाई करेगा।
> –डॉ. सतीश अरोड़ा, प्रधानाचार्य, जनता इंटर कॉलेज

कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि छात्र पिटाई प्रकरण की जांच आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी को सौंपी गई है और आरोपी अध्यापक के बयान व जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चौकी के चक्कर काटता रहा घायल

**अनदेखी**

- युवक को घेरकर चाकुओं से किया प्रहार
- टहलाती रही पुलिस, कोतवाल ने सुनी फरियाद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शुक्रवार की देर शाम कुछ युवकों ने एक युवक को घेरकर धारदार चाकुओं से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जान बचाकर भागा युवक खून से लथपथ रंपुरा चौकी पहुंचा और बार-बार पुलिस से मेडिकल करवाने की गुहार लगाता रहा, लेकिन पुलिस घायल को टहलाती रही। आखिरकार जब मामले की जानकारी कोतवाल को हुई तो घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया।



घायल मोनू।

रेशम बाड़ी वार्ड-13 निवासी अभय रस्तोगी ने बताया कि शुक्रवार की रात 8 बजे उसका छोटा भाई मोनू रस्तोगी मोमोज खाने पैदल जा रहा था। अचानक वहां के रहने वाले कुछ युवकों ने उसे घेर लिया और धारदार चाकुओं से ताबड़तोड़ प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया कि हमलावरों से बचकर भाई जब रंपुरा पुलिस चौकी पहुंचा तो वहां तैनात पुलिसकर्मी उसे टहलाते रहे और कार्रवाई करने से इंकार कर दिया।

आरोप था कि पुलिस कर्मी हमलावरों को खोज कर लाने और फिर मेडिकल करवाने की बात कहते रहे। बाद में मामले की जानकारी जब कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार को हुई तो उन्होंने घायल का मेडिकल करवाया और तहरीर पर जांच करने के आदेश दिए। उधर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि घायलों की तहरीर और मेडिकल के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा और जल्द ही हमलावरों की गिरफ्तारी होगी। पुलिसकर्मियों द्वारा टहलाने के आरोपों की जांच की जाएगी।

### सेवानिवृत्त फौजी के मकान में चोरी

**खटीमा** : बीती रात्रि चोरों ने टेढ़ाघाट के एक सेवानिवृत्त फौजी घर से उस समय नकदी और जेवरात उड़ा ले गए जब घर पर कोई भी नहीं था। परिजनों को चोरी का पता तब चला जब वह सुबह कैंची धाम से घर लौटे तो गेट और अंदर के ताले टूटे मिले। टेढ़ाघाट निवासी कैलाश चंद्र जोशी कैंची धाम यात्रा पर गए थे और शनिवार सुबह वापस लौटे। उन्होंने देखा कि घर के गेट का ताला टूटा पड़ा है। वह जब अंदर गए तो देखा कि अंदर के भी ताले टूटे हैं और घर का सामान बिखरा है। इसे देख गृहस्वामी के होश उड़ गए और उन्होंने इसकी सूचना तत्काल सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनाक्रम और चोरी गए सामान के बारे में जाना। बताया जा रहा है कि चोरों ने घर में रखी 45 हजार की नकदी के साथ ही लाखों के सोने के जेवरात भी चोरी कर लिए। इधर कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से विभिन्न जानकारियां हासिल कीं।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma
Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

# कबूतर बाजी के मामले में साढ़े 12 लाख की ठगी का आरोप

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** काशीपुर के कुंडा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के नाम एक ट्रैवल कंपनी पर साढ़े 12 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। साथ ही रुपए वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम करनपुर थाना कुंडा निवासी ओंकार दीप सिंह पुत्र इकबाल सिंह ने कुंडा थाने में तहरीर दी। तहरीर में उसने बताया कि वर्ष 2023 में उसने सोशल मीडिया पर पंजाब की एक ट्रैवल कंपनी का विज्ञापन देखा। विज्ञापन में कंपनी काफी कम दामों में विदेशों का वीजा लगवा रही थी। जिसके बाद पीड़ित ने कंपनी की संचालक से बात कर अपने बेटे को ऑस्ट्रेलिया वर्क वीजा बनाने की बात की थी। कंपनी की संचालिका ने 16 लाख रुपये में ऑस्ट्रेलिया का वीजा लगवाना की बात कही थी। दोनों की मंजूरी के बाद पीड़ित ने कंपनी को पांच लाख 80 हजार रुपये ऑनलाइन जबकि सात लाख रुपए नकद दे दिए। आरोप लगाया कि 18 सितंबर 2023 को कंपनी ने उसके पुत्र को आस्ट्रेलिया भेजने के स्थान पर थाईलैंड भेज दिया। वहीं आरोप लगाया कि बेटे को थाईलैंड भेजने के बाद कंपनी संचालिका उसके पुत्र को आस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देते रहे। आरोप लगाया कि पुत्र के लौटने के बाद पीड़ित ने कंपनी की संचालिका से रुपये वापस मांगे। इस पर कंपनी संचालिका ने पीड़ित व उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। वहीं कुंडा थाना प्रभारी विक्रम राठौर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार -संक्षेप



खटीमा में वन रेंज का निरीक्षण करते मुख्य वन संरक्षक पात्रो और अन्य।

### मुख्य वन संरक्षक ने खटीमा, सुरई रेंज का किया निरीक्षण

**खटीमा :** मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं मंडल पीके पात्रो, वन संरक्षक पश्चिमी वृत डॉ. विनय भार्गव और तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी के प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागड़ी ने खटीमा और सुरई रेंज का निरीक्षण किया। उन्होंने वनों को आग से बचाने की व्यवस्थाओं और विभिन्न स्थानों पर वानिकी का निरीक्षण किया। टीम ने आग बुझाने के लिए बनाए गए क्रू स्टेशनों का भी निरीक्षण किया। बाद में उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारी की बैठक लेकर उन्हें वन और वन्य जीवों को आग के लिए की गई तैयारियों के संबंध में समीक्षा की। इस अवसर पर उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा, रेंजर खटीमा एमसी जोशी, रेंजर सुरई राजेंद्र मनराल मौजूद रहे। तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी द्वारा खटीमा रेंज के अंतर्गत सालबोझी क्रू स्टेशन पर कठपुतली डांस का आयोजन किया गया। वन क्षेत्राधिकारी एमसी जोशी ने कहा कि कठपुतली डांस के माध्यम से वन व वन्य जीवों को आग से बचाने का संदेश दिया गया है।



हरियाणा के बराड़ा में जनसंपर्क करती भाजपा नेत्री शैली फुटेला एवं अन्य।

### हरियाणा में भाजपा नेत्री शैली फुटेला ने किया चुनाव प्रचार

**किच्छा :** भाजपा हाई कमान द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेत्री शैली फुटेला को लोकसभा चुनाव में हरियाणा की अंबाला लोकसभा अंतर्गत बराड़ा विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। जिम्मेदारी मिलने के बाद हरियाणा पहुंची भाजपा नेत्री शैली फुटेला ने बराड़ा के तमाम ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया। दूरभाष पर वार्ता के दौरान भाजपा नेत्री शैली फुटेला ने बताया कि बाजपुर से भाजपा नेत्री उमा जोशी एवं चंपावत से विनीता फर्त्याल के अलावा हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शनी एवं अंबाला की जिला अध्यक्ष बीनू गर्ग के साथ स्थानीय टीम चुनाव प्रचार में जुटी है।



हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का स्वागत करते लोग।

### बाजपुर से हज के लिए रवाना हुए चार बुजुर्ग

**बाजपुर :** मोहल्ला मझरा बख्श बाजपुर से हज के लिए रवाना हुए चार बुजुर्गों को फूल-मालाएं पहनाकर विदा किया गया। शनिवार शाम को 6 बजे मझरा बख्श बाजपुर से हज के लिए रवाना हुए शराफत हुसैन अपनी पत्नी खुर्शीद बेगम व साबिर हुसैन अपनी पत्नी शायदा खातून के साथ रवाना हुए हैं। इससे पूर्व स्थानीय ग्रामीणों ने माला पहना कर चारों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर फरजंद रजा, इकबाल हुसैन, हफीज दिलशाद रजा, अरशद रजा, मो.याकूब, मो.अय्यूब, मो.रफी, इमरान हाजी आदि मौजूद रहे। वहीं हाजी मुसैयब हुसैन व नसीम जहां ग्राम धनसारा को भी फूलमालाएं पहनाकर हज यात्रा पर रवाना किया गया। इस मौके पर सभासद मोहम्मद आसिफ, तैयब हुसैन, तालिब हुसैन, शोएब हुसैन, राहत अली आदि मौजूद रहे।

### चोरो ने काटा ऑक्सीजन पाइप, ठप हुई व्यवस्था

**रुद्रपुर :** मेडिकल कॉलेज में उस वक्त स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई, जब दो चोरों ने ऑक्सीजन प्लांट में लगे ऑक्सीजन पाइप को काट दिया। इससे सप्लाई व्यवस्था ठप हो गई। जिसे देख कर वहां तैनात पीआरडी जवान ने दोनों चोरों को दबोच लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। शनिवार की दोपहर को अचानक स्वर्गीय राम सुमेर शुक्ल मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन सप्लाई ठप हो गई। जैसे ही इस की खबर स्वास्थ्य अधिकारियों को दी, तो कॉलेज में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट की जांच का आदेश दिया गया। इसी दौरान मेडिकल कॉलेज में तैनात पीआरडी जवान सुभाष ने देखा कि दो नशेड़ी युवक प्लांट में लगे ऑक्सीजन सप्लाई के कॉपर पाइप को काट रहे हैं और कई टुकड़े वह काट भी चुके थे।

### प्रदेश सरकार जल्द कराए निकाय चुनाव : खान

**किच्छा :** उत्तराखंड की भाजपा सरकार नगर निकाय एवं नगर पंचायत के चुनाव को टालने का प्रयास कर रही है जिससे जनता में सरकार के इस निर्णय को लेकर रोष व्याप्त है।



कांग्रेस कमेटी जिला सचिव एन यू खान ने कहा कि 2 जून को आने में कुछ दिन शेष बचे हैं और सरकार द्वारा स्थानीय निकायों के आरक्षण आदि का कार्य अभी तक पूरा नहीं किया गया है और लगातार मतदाता सूची सहित अन्य कार्यों में समय बढ़ाकर टालमटोल की जा रही है। जिला सचिव खान ने कहा कि सरकार को तत्काल आरक्षण घोषित कर निकाय चुनाव संपन्न कराने चाहिए।






# डायरिया फैलने के बाद भी जसपुर में गंदगी का साम्राज्य

**सुशील चौहान, जसपुर**



ठाकुरद्वारा प्राइवेट बस स्टैंड के पास पुलिया के मुहाने पर सड़ता कूड़ा-करकट।



जसपुर के बीच से से गुजरने वाली नहर में लगा गंदगी का अंबार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** डायरिया के पैर पसारने के बाद भी नगर में गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है।

गर्मी के मौसम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राइवेट अस्पतालों में डायरिया के मरीज लगातार आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के डायरिया से निपटने के लिए चाहे कितने इंतजाम क्यों न हो, लेकिन जब तक नगर की सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होगी तब तक डायरिया पर नियंत्रण कर पाना मुश्किल है। नगर में जहां-तहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नालियों की सफाई नियमित रूप से नहीं हो पा रही है। इससे उनमें कूड़ा-करकट एकत्र हो रहा है। नगर के प्रमुख एवं व्यस्त स्थान ठाकुरद्वारा प्राइवेट बस स्टैंड के पास स्थित अंडरग्राउंड नाले से पानी का निकासी पूरी तरह नहीं हो पा रही है, जिससे पुलिया के मुहाने पर कूड़ा-करकट एकत्र हो जाता है। इससे निकलने वाली सड़ांध से आसपास के दुकानदारों व लोगों का जीना दूभर हो गया है।

दुकानदार दुर्गंध से बचने के लिएअपने मुंह पर हाथ रख कर बैठते हैं और बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों व यहां से गुजरने वाले लोगों को भी दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा नगर के बीच से व जसपुर-अफजलगढ़ मार्ग स्थित गर्ग नर्सिंग व एमपी सिंह नर्सिंग होम होम के पास से गुजरने वाली नहर में नगर सीमा में कई जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। साथ ही इस नहर में नगर का दूषित पानी बह रहा है। नहर पर बनी पुलियों के मुहानों पर एकत्र हुआ कूड़ा-करकट बुरी तरह सड़ रहा है। दुर्गंध के कारण नहर के किनारे बनी सड़क से राहगीरों का निकलना दूभर हो रहा है। नगर में जहां-तहां फैली गंदगी से संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है।

### कीटनाशक का भी नहीं कराया छिड़काव

**जसपुर।** नगर में फैली गंदगी से मच्छर-मक्खियों का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। नगर पालिका ने काफी समय से कीटनाशक का छिड़काव नहीं कराया है। लोगों ने मांग की है कि नालियों में कीटनाशक का शीघ्र छिड़काव कराया जाए, ताकि उन्हें मच्छर-मक्खियों से निजात मिल सके व डायरिया पर नियंत्रण हो सके।

### नालों की सफाई के साथ निगम ने फॉगिंग अभियान भी किया शुरू

**काशीपुर, अमृत विचार :** नगर निगम ने बारिश से पहले शहर के सभी प्रमुख नाला-नालियों को साफ करने का अभियान शुरू कर दिया है। इसमें नगर निगम ने चार टीम लगा रखी हैं, जो जेसीबी की मदद से नालों की सफाई के कार्य में लगी हुई हैं।

नगर निगम आयुक्त विवेक राय ने बताया कि नगर निगम ने जलभराव की समस्या को देखते हुए अपनी बारिश से पूर्व तैयारियां शुरू कर दी हैं। शहर के सभी प्रमुख नालों की सफाई की जा रही है। यह काम आने वाले 15 से 20 दिनों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। वहीं जल भराव वाले स्थानों पर पहले से ही निकासी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाने पर जोर दिया जा रहा है। जिससे बरसात के समय में यहां जलभराव की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उधर नगर निगम ने डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए वार्डों में फॉगिंग अभियान भी शुरू कर दिया है।

# डेंगू से बचाव को सीधे लार्वा पर हो वार

## जिलाधिकारी ने डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए आयोजित बैठक में दिए निर्देश

**संवाददाता, रुद्रपुर**



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उयदराज सिंह ने कहा कि जनपद में डेंगू से बचाव के लिए सीधे लार्वा पर ही वार किया जाए ताकि मच्छर पनपने न पाए। इसके साथ ही उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर साफ-सफाई रखने, दवाइयों के छिड़काव, फॉगिंग और स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही डेंगू का मरीज पाये जाने पर संबंधित क्षेत्र में जनपद और ब्लॉक की टीमों द्वारा विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

शनिवार को जिलाधिकारी ने यह निर्देश जिला कार्यालय सभागार में डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए आयोजित बैठक में दिए। उन्होंने डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य, पंचायतीराज, ग्राम विकास, शहरी विकास और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि विद्यार्थियों को पूरी बाजू वाले कपड़े पहनकर आने के लिए कहें।

उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि घरों के आसपास साफ-सफाई की व्यवस्था करें और कचरे का निस्तारण सही ढंग से किया जाये।

बैठक में वीसी प्राधिकरण अभिषेक रुहेला, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, सीएमओ डॉ.मनोज शर्मा, पीएमएस डॉ. आरके सिन्हा, एसीएमओ डॉ. एसपी सिंह, उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, गौरव पांडे, उपायुक्त नगर निगम शिप्रा जोशी, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, जीएम डीआईसी विपिन कुमार, अधिशासी अभियंता जल संस्थान ज्योति पालनी, जिला कार्यक्रम एवं बाल विकास अधिकारी मुकुल चौधरी मौजूद रहे।

### डेंगू जांच दरें लैब के बाहर हों प्रदर्शित

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को सभी पैथोलॉजी के साथ बैठक कर डेंगू जांच की दरें निर्धारित करने के निर्देश दिए। ताकि पैथोलॉजी में मरीजों से मनमानी धनराशि न वसूल की जा सके। उन्होंने जांच दरें लैब के बाहर प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए।

### 47 डेंगू हॉट स्पॉट चिन्हित, 1346 आशाएं कर रहीं कार्य

रुद्रपुर। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.मनोज शर्मा व डॉ. राजेश आर्य ने बताया कि एडिस प्रजाति के मच्छर डेंगू वायरस से संक्रमण फैलाते हैं। जनपद के सभी चिकित्सालयों में भी डेंगू के मरीजों के लिए आइसोलेशन वार्ड बनाये गये हैं। 47 डेंगू हॉट स्पॉट चिन्हित किए गए हैं व 1346 आशाएं घर-घर जाकर डेंगू सोर्स रिडक्शन के लिए कार्य कर रही हैं।

# 12 से 26 सप्ताह के मध्य हुए गर्भपात की करें जांच

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि 12 से 26 सप्ताह के मध्य होने वाले गर्भपात के कारणों की गहन जांच करें। साथ ही जनपद में शत-प्रतिशत गर्भधारण केस दर्ज करें। उन्होंने कहा कि प्रसव पूर्व भ्रूण का लिंग बताना कानूनी अपराध है। इसलिए जनपद में सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों पर पैनी नजर रखें व नियमित छापेमारी करें।

शनिवार को यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सलाहकार समिति गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीकी अधिनियम की बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि घटते लिंगानुपात व भ्रूण हत्या को रोकने के लिए पीसीपीएनडीटी लाया गया है। उपजिलाधिकारी, चिकित्साधिकारी, बाल विकास, बीडीओ, नामित एनजीओ के सदस्य समन्वय बनाते हुए कार्ययोजना बनाकर कार्य करें।

उन्होंने सुरक्षित व संस्थागत प्रसव कराने के साथ ही नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए। चिकित्सालयों व अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों से सूची लेकर जांच की जाए। साथ ही आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मासिक रिपोर्ट की भी नियमित समीक्षा की जाए। बैठक में समिति के समक्ष दो नये अल्ट्रासाउंड मशीनें व 6 अल्ट्रासाउंड मशीनों के नवीनीकरण के आवेदनों पर विचार किया गया।





**सूचना**

ग्राम जयनगर तहसील रूद्रपुर परगना रूद्रपुर, जिला ऊधमसिंह नगर के खेत नं. 129 मि. मध्ये रकवा पैमाईसी (25x60) फुट प्लाट के रजिस्ट्री के मूल दस्तावेज कहीं खो गये हैं। आम जनता को सूचित किया जाता है कि दस्तावेजों के मिलने पर उनका दुरूपयोग नहीं करें। - **कैलाश चंद पुजारी पुत्र स्व. भैरव दत्त पुजारी, निवासी ग्राम राणा, पोस्ट गवार, तहसील द्वाराहाट, जिला-अल्मोड़ा।**

**सूचना**

मेरे पुत्र का नाम एलआईसी पालिसी संख्या 243690743 में AYAN RAWAT दर्ज है जबकि अन्य अभिलेखों में उसका नाम NITYANSH RAWAT दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे पुत्र के ही हैं। उसे AYAN RAWAT व NITYANSH RAWAT दोनों नामों से जाना-पहचाना जाता है। - **प्रदीप सिंह पुत्र धीरेंद्र सिंह ग्राम धरमपुर कठियापुल रामनगर (नैनीताल)।**

**सूचना**

पूर्व में मेरा नाम ललिता देवी पुत्री स्वर्गीय यशवंत नेगी था। विवाहोपरांत ललिता हरेंद्र सिंह राणा हो गया है। अतः भविष्य में मुझे ललिता हरेंद्र सिंह राणा, ग्राम पुछड़ी, तहसील रामनगर, नैनीताल के नाम से जाना जाए।


# वार्ड 13 में 35 लोगों ने फर्जी आधार कार्ड से किया आवेदन

**बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर**

**गड़बड़ी**

- वेबसाइट में आधार स्कैन के बाद पकड़ा गया फर्जीवाड़ा, होंगे निरस्त
- विगत दिनों शिविर में छह हजार से अधिक ने किया है आवेदन

**अमृत विचार:** निकाय चुनाव से पूर्व निकायों में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर विगत दिनों शिविर का आयोजन किया। इस दौरान करीब 6 हजार से अधिक लोगों ने सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर आवेदन किए हैं। इसमें वार्ड नंबर 13 में 35 आवेदक ऐसे मिले हैं जिन्होंने फर्जी आधार कार्ड लगाया हुआ है। 20 मई तक सभी आवेदनों में लगे आधार कार्ड वेबसाइट में स्कैन होंगे। फर्जी मिलने पर ऐसे आवेदनों को निरस्त किया जाएगा।

नगर निगम ने छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए पहले 3 से 10 मई तक शिविर लगाया था। इसके बाद शिविर को 15 मई तक कर दिया गया। इस दौरान बीएलओ समेत कई कर्मचारियों के ड्यूटी लगायी गयी थी। शिविर में 6 हजार से अधिक लोगों ने आवेदन किये हैं। इन सभी आवेदनों को वेबसाइट में स्कैन किया जा रहा है। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार बीएलओ को वार्ड नंबर 13 में 35 आवेदन ऐसे मिले हैं जिनके आधार कार्ड फर्जी हैं। इन सभी ने आधार कार्ड को स्कैन कर उसमें छेड़ाखानी की गई है। वेबसाइट में स्कैन के पता चला कि ये आधार अन्य राज्यों के हैं। इसके अलावा आवेदनों में कई अन्य खामियां भी मिल रही है।

> शिविर में करीब 6 हजार से अधिक लोगों ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन किया है। इसमें वार्ड 13 में करीब 35 आवेदन ऐसे आये हैं जिनके आधार कार्ड फर्जी मिले हैं। इसके लिए आवेदन में लगे आधार का वेबसाइट में स्कैन किया जा रहा है। 20 मई तक यह प्रक्रिया चलेगी। इसमें जितने कार्ड फर्जी मिलेंगे उन्हें निरस्त किया जाएगा।
> **-दीपक गोस्वामी,** सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम

### विधायक बेहड़ ने निर्वाचन आयुक्त को भेजा पत्र

**रुद्रपुर:** किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि उत्तराखंड में निकायों में चुनाव से पूर्व नये मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं। इसमें बड़ी संख्या में फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़ने के मामले उनकी विधानसभा में आ रहे हैं। इस संबंध में विधायक ने राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र भेजा है।



शनिवार को किच्छा विधायक बेहड़ ने राज्य निर्वाचन आयुक्त चंद्रशेखर भट्ट के साथ ही कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत और जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी उदयराज सिंह को पत्र भेजा है। पत्र में विधायक बेहड़ ने आरोप लगाया कि चुनाव से पूर्व मतदाता सूची में निकायों के अधिकारियों व बीएलओ द्वारा फर्जी मतदाता बनाये जा रहे हैं। इनमें फैक्ट्रियों में काम करने वाले, पीजी में रहने वालों, यहां तक कि जीबी पंत विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे छात्रों के नाम भी जोड़े गए हैं। यह उत्तराखंड के अंदर रहने वाले लोगों के साथ अन्याय होगा।

# चारधाम यात्रा को लेकर यातायात दुरुस्त रखें



यातायात को लेकर अधीनस्थों के साथ बैठक करते एसपी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** चारधाम यात्रा प्रारंभ होने के बाद यातायात पुलिस ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसको लेकर एसपी यातायात ने अधीनस्थों के साथ समीक्षा बैठक की और यातायात को दुरुस्त करने के लिए मंथन किया।

शनिवार को पुलिस कार्यालय में हुई बैठक में एसपी क्राइम एवं यातायात चंद्रशेखर घोडके ने बताया कि चारधाम यात्रा को लेकर यातायात पुलिस और सीपीयू कर्मी सीजन ड्यूटी के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। यातायात व्यवस्था में अवरोध पैदा करने वाले वाहनों और दुकानों पर भी चालानी कार्रवाई की जाएगी। आदेशित किया कि जिले के सभी संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील दुर्घटना संभावित इलाकों को चिन्हित कर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की मुहिम चलाई जाए।

शहरी इलाकों में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को जल्द ही स्थान चिन्हित कर पार्किंग स्थल बनाए जाएं। इसके अलावा सभी स्कूल बसों की चेकिंग और स्कूल बसों को स्कूल प्रबंधन को पार्किंग बनाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को लेकर यातायात व सीपीयू आपसी सामंजस्य बनाकर यातायात रूट और गाइडलाइन जारी करें और उसका प्रचार प्रसार भी किया जाए।

**हाय गर्मी** | अगले दो तीन दिन में 42 से 43 डिग्री पहुंचने की संभावना

# दस सालों का रिकॉर्ड तोड़ पारा 41 डिग्री पहुंचा

**संवाददाता, काशीपुर**



**अमृत विचार :** उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में बढ़ते तापमान में लोगों की मुश्किलें भी कई गुना बढ़ गई हैं। मौसम वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में भी गर्मी से कोई राहत की उम्मीद नहीं दिख रही है। मई के महीने में ही गर्मी ने पिछले दस सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पारा 41 डिग्री सेल्सियस चल रहा है। जिसके अगले दो तीन दिन में 42 से 43 डिग्री पहुंचने की संभावना है।

गर्मी बढ़ने के साथ ही हीट वेव का भी खतरा भी बढ़ गया है। जिसको लेकर मौसम विभाग ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन करने की सलाह दी है। गर्म हवाओं के मुंह पर पड़ते थपेड़ों से लोगों को दिन में घरों से निकलना दूभर हो गया है। शनिवार को काशीपुर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। तापमान ने पिछले दस साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले दस साले के मई माह के मौसम के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2017 में अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री दर्ज किया गया था। पिछले साल भी 39.5 डिग्री तापमान रहा। पिछले दस सालों में मई माह में सबसे कम अधिकतम तापमान कोरोना काल में रहा। वर्ष 2020 में 35 डिग्री और वर्ष 2021 में 34 डिग्री रहा। पंतनगर विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि शनिवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जिसने पिछले दस साल का रिकॉर्ड तोड़ा है।

**मौसम के आंकड़े**

| वर्ष | अधिकतम तापमान |
|---|---|
| 2011 | 38.3 |
| 2012 | 38.2 |
| 2013 | 39 |
| 2014 | 34 |
| 2015 | 36.2 |
| 2016 | 37 |
| 2017 | 40.5 |
| 2018 | 32.5 |
| 2019 | 36 |
| 2020 | 35 |
| 2021 | 34 |
| 2022 | 38.5 |
| 2023 | 39.5 |

नोट – आंकड़े इंटरनेट से लिए गए हैं।




## एक नजर

### नशे के सौ इंजेक्शनों के साथ दो दबोचे

**खटीमा :** नशा विरोधी अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में सौ नशीले इंजेक्शन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रयुक्त की गई बाइक को भी सीज कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह दसौनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खटीमा बाईपास कुटरी के पास चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल में जा रहे दो व्यक्तियों को रोका। पुलिस ने बाइक के कागजात मांगे तो उनके पास कागजात नहीं थे। तलाशी लेने पर पुलिस को उनके कब्जे से नशे के 100 इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ में दोनों ने स्वयं को टुकड़ी थाना नानकमत्ता निवासी जसवंत सिंह और कृष्ण सिंह उर्फ जस्सी बताया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया और पुलिस ने बरामद बिना नंबर की बाइक सीज कर दी है।

### आबकारी एक्ट के दो वारंटी दबोचे

**खटीमा :** थाना झनकईया पुलिस के उपनिरीक्षक मनोज देव 2021 के दो आबकारी एक्ट के मामले में दो वारंटियों बगुलिया निवासी उमेश सिंह और पकड़िया निवासी विशाल कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। टीम में रमेश जीना, अजय मेहता आदि थे।

### उत्तराखंड सीनियर नेशनल नेट बॉल टीम का ट्रायल आज

**काशीपुर :** 42 वीं सीनियर नेशनल नेट बॉल चैंपियनशिप 2024-25 बालक एवं बालिका वर्ग के लिए ट्रायल 19 मई यानी रविवार को होंगे। यह प्रतियोगिता हरियाणा में 13 से 16 जून तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता में उत्तराखंड की टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए 19 मई रविवार को श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, बसई में शाम 4 बजे से ट्रायल प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इसमें प्रतिभाग करने के लिए खिलाड़ियों को निर्धारित समय पर खेल वेशभूषा में आमंत्रित किया गया है। सिलेक्शन कमेटी में सुरेंद्र कुमाई, अमित घिल्डियाल, गोपाल बिष्ट, गौरव शर्मा, संजय भारद्वाज, दिनेश पेनोली आदि शामिल रहेंगे।

### केलाखेड़ा क्षेत्र में बिजली चोरी पकड़ी

**बाजपुर :** विजिलेंस व विद्युत विभाग की संयुक्त ने नगर पंचायत केलाखेड़ा क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान घर-घर दस्तक देकर विद्युत संयोजन चेक किए गए। इसमें मोहल्ला शास्त्रीनगर केलाखेड़ा निवासी शावेज के आवास पर 0 .630 किलोवाट बिजली चोरी पकड़ी गई। जिसके चलते विद्युत संयोजन कट करके 10 मीटर टू-कोर केबिल को कब्जे में लिया गया है। साथ ही संबंधित उपभोक्ता के विरुद्ध केलाखेड़ा थाने में विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज करवाया गया है। टीम में विद्युत वितरण उपखंड बाजपुर के उपखंड अधिकारी ललित मोहन, अवर अभियंता प्रवीण प्रताप सिंह, लाइन कर्मी शहादत, जाकिर, सहायक अभियंता सतर्कता इकाइ कुमाऊं क्षेत्र हल्द्वानी अमित चंद्र आर्या आदि शामिल रहे।

### पशुपति इंडस्ट्रीज के स्वामी को मातृशोक

**जसपुर :** पशुपति इंडस्ट्रीज के स्वामी अवनीश कुमार गहलौत की माता मूर्ति देवी का निधन हो गया। वे 86 वर्ष की थीं। उनके निधन पर क्षेत्रीय विधायक आदेश सिंह चौहान, पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल, खड़क सिंह चौहान, मुकेश कुमार चौहन, बलकरन सिंह, महाराज सिंह चौहान आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया।


मूर्ति देवी।

# प्रांतीय ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप का आगाज

## जिलाधिकारी और एडीएम ने किया मैच का शुभारंभ, उद्घाटन मैच में आरएएन स्कूल के तेजस ने की जीत दर्ज


रुद्रपुर में बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार


खटीमा के मझोला में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम को ट्रॉफी भेंट करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** युवा प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से हंस स्पोर्ट्स की ओर से मनोज सरकार स्पोर्टस स्टेडियम में दो दिवसीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जिलाधिकारी उदयराज सिंह, अपर जिला अधिकारी पंकज उपाध्याय, जिला क्रीड़ाधिकारी जानकी कार्की, प्रयागराज लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. रामजी मौर्य, बैडमिंटन एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पुष्कर राज जैन, सचिव विष्णु सक्सेना ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

शनिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि डीएम उदयराज सिंह ने कहा कि खेलों से जहां युवा पीढ़ी का शारीरिक और मानसिक विकास होता है वहीं खेलों के प्रति सजगता दिखाकर युवा पीढ़ी भविष्य का निर्धारण कर सकती है। उद्घाटन मैच आरएएन स्कूल के तेजस जोशी व अनस रस्तोगी देहरादून के बीच खेला गया जिसमें तेजस जोशी 12-15 और 10-15 अंक से विजयी रहे।

आयोजक अमन खुग्गर ने बताया कि प्रतिस्पर्धा में 257 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। विजेताओं को प्रमाण पत्र के अलावा एक लाख का नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा। इस अवसर पर देवभूमि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह, राजकुमार खनिजो, राजेश बंसल, अंकुश कटारिया, राजकुमार गाबा, मनोज अग्निहोत्री, संजय राधू, संजय खेड़ा, वीरेंद्र सुखीजा आदि मौजूद रहे।

### रात्रिकालीन मझोला प्रीमियर लीग का फाइनल सितारगंज ने जीता

**खटीमा :** मझोला में मनविंदर सिंह खैरा मेमोरियल मझोला प्रीमियर लीग के फाइनल मैच में सितारगंज की टीम ने हररायपुर की टीम को हराकर कप पर कब्जा कर लिया। नदीम को मैन ऑफ मैच घोषित किया गया। मझोला गांव के आयोजित रात्रिकालीन दस दिवसीय मझोला प्रीमियर लीग एट ए साइड क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच हररायपुर और सितारगंज की टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर हररायपुर की टीम ने बैटिंग का फैसला लेते हुए 48 रन का स्कोर खड़ा किया। 49 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सितारगंज की टीम ने चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर फाइनल अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट का समापन करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद जोशी और परमजीत सिंह ने विजेता टीम को ट्रॉफी व 16 हजार रुपये और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और आठ हजार नगद देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ द मैच रहे नदीम सहित दोनों टीमों के खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संरक्षक अखलाक अंसारी, ग्राम प्रधान महेंद्र पटेल, निहाल सलमानी, जुनैद अंसारी, नाजिम अंसारी, वीरेंद्र पटेल, मुकर्रम अंसारी, अब्बास अंसारी, बिलाल अंसारी, आदिल अंसारी आदि थे।

# 41 माताओं को मिला कमला नेहरू पुरस्कार

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित समारोह में कमला नेहरू पुरस्कार प्राप्त करतीं मेधावी बालिकाओं की माताएं।

**अमृत विचार:** नगर के आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की 222 बालिकाओं में से इंटर की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली 33 बालिकाओं व हाईस्कूल में 8 बच्चों की माताओं को कमला नेहरू पुरस्कार दिया गया। शासन के प्रतिनिधि के रूप में एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने विद्यालय में आयोजित एक समारोह के दौरान सभी को पुरस्कार की धनराशि के चेक प्रदान कर सम्मानित किया।

शनिवार को नैनीताल मुख्य मार्ग पर स्थित आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित समारोह में एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी, प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र खत्री, प्रबंधक सुनील खन्ना, हरिओम सिंघल, उप प्रबंधक गौरव हांडा, उपाध्यक्ष नरेश गोयल, प्रधानाचार्य डॉ. प्रीति रस्तोगी, संजय बंसल आदि ने हाईस्कूल की आठ व इंटर की 33 बालिकाओं की माताओं को कमला नेहरू पुरस्कार प्रदान करते हुए एक-एक हजार की धनराशि के चेक प्रदान किए। इन बालिकाओं द्वारा 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए गए थे। एसडीएम ने बच्चों को पीसीएस-जे उत्तीर्ण कर जज बनीं बाजपुर की गुंजन सिसोदिया से प्रेरणा लेने की बात कही। इस मौके पर प्रबंधक सुनील खन्ना ने विद्यालय के सफर को बताया। अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र खत्री ने कहा कि अच्छा पढ़ने वाली आर्थिक स्थिति से कमजोर बालिकाओं को पढ़ाने का बीड़ा प्रबंध समिति ने उठाया है और बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डलविंदर कौर ने किया। इस मौके पर अनिल कौशिक, रेखा उपाध्याय, प्रियांशी, भारती बिष्ट, नीलम सूर्यवंशी, कुलविंदर कौर, गुरविंदर कौर, तबस्सुम, प्रीति आदि मौजूद रहे।

## अवैध खनन में हाइवा सीज

**खबर का असर**

**नानकमत्ता:** साधू नगर कैलाश नदी में अवैध खनन की खबर छपने के बाद हरकत में आए वन विभाग ने एक दस टायरा हाइवा को सीज किया है। तराई पूर्वी वन प्रभाग रन्साली वन क्षेत्राधिकारी महेन्द्र सिंह रैकुनी ने बताया कि उप प्रभागीय वन अधिकारी के निर्देशानुसार साधूनगर कैलाश नदी में दिन रात हो रहे अवैध खनन को लेकर वन विभाग लगातार छापामार अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को कैलाश नदी सीमा से एक दस टायरा हाइवा आरबीएम से भरकर आ रहा था। चालक टीम को देख हाइवा छोड़कर भाग गया। टीम ने हाइवा को अपने कब्जे में ले लिया है। टीम में सन्तोष कुमार पन्त उप वन प्रभागीय अधिकारी, महेन्द्र रैकुनी मौजूद रहे।

# ब्राइट स्टार्ट इंटरनेशनल एकेडमी के मेधावियों ने लहराया परचम

संवाददाता, जसपुर



**अमृत विचार:** ब्राइट स्टार्ट इंटरनेशनल एकेडमी, जसपुर के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की परीक्षा में एक बार फिर परचम लहराया।

विद्यालय का परीक्षाफल इस बार भी शत प्रतिशत रहा। कक्षा 12 में पेंटिंग विषय में पांच विद्यार्थियों गुरप्रीत कौर, ज्योति कौर, रिद्धिमा छाबड़ा, रीतिका तथा सचिन कुमार भारती ने 100/100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं 12वीं वाणिज्य वर्ग में तनिशा अग्रवाल ने 93.4% तथा गुरप्रीत कौर ने 90% अंक प्राप्त किए हैं। हाईस्कूल में दिलराज सिंह ने 95.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर रही जिया खान ने 95% व तीसरे स्थान पर रही गरिमा चौहान ने 93.8% अंक प्राप्त किए । साथ ही अर्थ अरोरा ने 93%, प्रियांशी ने 92.4%, कनिका सिंह92.2%, अनन्या सिंह ने 91.4%, इस्बा नाज़ ने 91.4%, प्रभदीप सिंह ने 90.8% और प्रेक्षा बाठला ने 90.6% अंक प्राप्त कर टॉप 10 की सूची में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक अमित कांबोज ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी है।

# वर्क फ्रॉम होम के नाम पर हुई 1.90 लाख की धोखाधड़ी

संवाददाता, रुद्रपुर

**कार्रवाई**

**साइबर ठगों ने पैसा कमाने का दिया झांसा,पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** 31वीं वाहिनी पीएसी के रहने वाले एक युवक से वर्क फ्रॉम होम के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

31वीं वाहिनी पीएसी के रहने वाले मोहित नगरकोटी ने बताया कि 24 अप्रैल 2024 को टेलीग्राम में लक्ष्मी महादेव नाम से वर्क फ्रॉम होम का मैसेज आया था। मैसेज को देखने को बाद नजरअंदाज किया तो अज्ञात व्यक्ति की व्हाट्सएप कॉल आयी। कॉलर ने खुद को एक फाइनेंसियल कंपनी का सलाहकार बताया और कहा कि यदि कंपनी से जुड़ते हैं तो घर बैठे ही मोटा मुनाफा कमाया जा सकता है।

आरोप था कि कॉलर ने अपनी बातों में फंसाकर उसे टेलीग्राम लिंक से जोड़ दिया और 28 अप्रैल से दो मई तक बताए खाते में 1.90 लाख रुपये का भुगतान करवा लिया और उसके खाते में दोगुना मुनाफा दिखाई देने लगा। बताया कि जब उसने खाते की पड़ताल की तो पाया कि खाते में दिखने वाली रकम फर्जी है और साइबर ठग छल कपट पूर्वक 1.90 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया। पीड़ित ने प्रकरण की शिकायत साइबर क्राइम सेल से की।

# अमनदीप मिस्टर व मनीषा रावत बनीं मिस फेयरवेल


राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज की फेयरवेल पार्टी में मौजूद शिक्षक व छात्र।

**काशीपुर :** राजकीय पॉलिटेक्निक के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल अमनदीप व मिस फेयरवेल मनीषा रावत रहीं।

शनिवार को राजकीय पॉलिटेक्निक काशीपुर में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की ओर से कंप्यूटर साइंस के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर्स के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। इसमें सीएसई तृतीय वर्ष के मिस्टर फेयरवेल अमनदीप व मिस फेयरवेल मनीषा रावत बनीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बीपी सिंह, राजकुमार, ओपी सिंह मौजूद रहे।

### दो दिवसीय राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता शुरू

**काशीपुर :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को दो दिवसीय राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन इंडिया ताइक्वांडो की ओर से हरियाणा के आब्जर्वर विनोद सैनी और साईं केंद्र प्रभारी ज्योति शाह ने किया। एसोसिएशन के महासचिव रवि शंकर सिंह फर्स्वाण ने बताया कि देहरादून, उधमसिंह नगर समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों के करीब 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया है। इस दौरान सब जूनियर बालक वर्ग 35 किग्रा भार वर्ग में देहरादून के विपुल ने स्वर्ण, काशीपुर के मनीष ने रजत, 32 किग्रा भार वर्ग में सहिष्णु नेगी ने स्वर्ण, 29 किग्रा में ओजस पटोला देहरादून व उधमसिंह नगर के अर्श ने रजत, 25 किग्रा देहरादून के निखिल वर्मा ने स्वर्ण, हरिद्वार के जिब्राइल ने रजत, 18 किग्रा में देहरादून के हृदई फर्सवाल ने स्वर्ण और यूएस नगर के अनस ने रजत प्राप्त किया। एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र सिंह, आयोजक दयाल फर्स्वाण मौजूद रहे।

# पद्मश्री पातर को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, बाजपुर


सुप्रसिद्ध कवि पद्मश्री सुरजीत सिंह पातर के निधन पर शोक व्यक्त करते किसान।

**अमृत विचार:** भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन स्थल पर पंजाब के सुप्रसिद्ध कवि पद्मश्री सुरजीत सिंह पातर के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। आंदोलन स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पातर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनकी कविताओं का पाठ किया गया।

सुप्रसिद्ध कवि सुरजीत सिंह पातर के शिष्य रहे क्षेत्र के प्रख्यात जनकवि भारतीय किसान यूनियन एकता उग्रहा के प्रदेश अध्यक्ष बल्ली सिंह चीमा ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। भूमि बचाओ आंदोलन के संयोजक जगतार सिंह बाजवा और भारतीय किसान यूनियन एकता उग्रहा के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा ने कहा कि पद्मश्री सुरजीत सिंह पातर की रचनाएं हमेशा किसानों मजदूरों का पक्ष लेती रहेंगी। कार्यक्रम की अगुवाई भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने की। इस मौके पर सनी निज्जर, अमरनाथ शर्मा, सिकंदर सिंह, देवेश प्रताप सिंह, जेपी सिद्धू, गुरजीत समरा, पाल सिंह, जसजीत भुल्लर, नत्था सिंह, मलूक सिंह, हरदेव सिंह, लखविंदर सिंह, मंगा सिंह, चतर सिंह, जगतार सिंह, सुवेग सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं शनिवार को क्रमिक अनशन पर महेंद्र सिंह रंधावा, लखविंदर सिंह, जगतार सिंह, मनप्रीत सिंह बैठे।

## सार-संक्षेप


खटीमा में एसडीएम के समक्ष समस्या रखते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाजपाइयों ने उठाई बढ़ते स्मैक के कारोबार की समस्या

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह धामी के समक्ष क्षेत्र में बढ़ते स्मैक के कारोबार पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों के भविष्य पर प्रभाव पड़ रहा है। मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत के नेतृत्व में एसडीएम से मिले लोगों ने क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं से भी अवगत कराया। यह भी कहा कि विभिन्न गलियों में नाली के ऊपर पड़े हुए लोहे के जाल चोरी होते जा रहे हैं। इससे गलियों में चलने में लोगों को काफी परेशानी हो रही है। यह लोहे के जाल नशेड़ी लोग चोरी कर कबाड़ियों को बेच रहे हैं। इसलिए इन कबाड़ियों की भी जांच होनी चाहिए। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमेश जोशी, अमित कुमार पांडे, बलदेव सिंह, गुड्डू टम्टा, प्रमोद गड़कोटी, मुकेश रोहेला आदि मौजूद थे।



मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते चेयरमैन राम मेहरोत्रा। ● अमृत विचार

### पीसीयू चेयरमैन ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**काशीपुर :** पीसीयू के चेयरमैन राम मेहरोत्रा ने सीबीएसई की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। शनिवार को एसआरएस मॉल में आयोजित कार्यक्रम में पीसीयू राम मेहरोत्रा ने 15 स्कूलों के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अभिषेक गोयल, ईश्वर चंद गुप्ता, समरपाल सिंह, सुभाष शर्मा, जयपाल, राजकुमार सेठी, सुधा शर्मा, सीमा चौहान, वैशाली गुप्ता, मनोज जग्गा आदि उपस्थित रहे।


नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करते कांग्रेस महानगर अध्यक्ष व अन्य।

### वार्ड 32 में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**काशीपुर :** वार्ड 32 में युवा समाजसेवी शादन इकबाल शाबु के सौजन्य से एक नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें वार्ड वासियों को परामर्श व दवाइयां नि :शुल्क वितरित की गईं। शिविर में 100 से अधिक लोगों का परीक्षण किया गया। शनिवार को नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने फीता काटकर किया। शिविर में उजाला अस्पताल के चिकित्सकों ने हृदय और नेत्र संबंधी रोगों की जांच की। इसमें 100 से अधिक लोगों को परीक्षण किया गया। साथ ही नि :शुल्क दवा भी वितरित की गई। इस दौरान अरुण चौहान, मंसूर अहमद मंसूरी, हनीफ गुड्डू, मोहम्मद कमर, साहिल रजा, साजिद नदीम, आसिफ सैफी, जावेद अहमद, नदीम अंसारी, अरबाज आदि मौजूद रहे।


राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक।

### बाल सखा कार्यक्रम में कैरियर से संबंधित जानकारियां दीं

**शक्तिफार्म :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में बाल सखा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शैक्षिक एवं कैरियर से संबंधित जानकारियां देते हुए मार्गदर्शन व परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में पहुंचे विषय विशेषज्ञ इस्तफाक अंसारी ने गर्मियों की छुट्टियों के लिए छात्राओं का मार्गदर्शन किया। सुमनलता अग्रवाल ने छात्राओं को बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग छात्राएं भ्रमण पर जाकर ज्ञान प्राप्त कर सकती हैं। एसबीआई मैनेजर अनिल कुमार राना ने कैरियर्स व बैंक सम्बन्धी जानकारियां दीं। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मनीषा नेगी, समन्वयक सुमन लता अग्रवाल, बाल शाखा प्रभारी सीमा ममगाई, अनिल कुमार राना आदि मौजूद थे।


राजकीय इंटर कॉलेज में नशे के खिलाफ छात्रों को जागरूक करते पुलिसकर्मी।

### पुलिस ने नशे के खिलाफ छात्रों को जागरूक किया

**शक्तिफार्म :** राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने नशे के खिलाफ छात्रों को जागरुक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। एसआई सुरेंद्र सिंह तथा ज्योति शर्मा ने विद्यालय में छात्रों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में स्थानीय पुलिसकर्मी, प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी, सतीश राणा, एनएसएस प्रभारी बीएल पटेल, नरेश बिनवाल, शंकर डाकुआ, भारत भूषण आदि उपस्थित थे।

### गर्मी में समाजसेवियों ने राहगीरों को शरबत पिलाया

**खटीमा :** हल्दी गांव के प्रधान पति गुरप्रीत सिंह खेड़ा के नेतृत्व में स्थानीय समाजसेवियों ने राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए प्याऊ लगाकर शरबत का वितरण किया। इस अवसर पर गुरनाम सिंह, बलवंत सिंह लाली, अमरीक सिंह, जगरूप सिंह, वीरेंद्र सिंह विक्की, सुरजीत सिंह, हरमनदीप सिंह, बलराज सिंह आदि उपस्थित रहे।

### 82 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**किच्छा ।** पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में गोवंश संरक्षण स्क्वायड टीम ने छापामार कर 82 किलो प्रतिबंधित गौ मांस बरामद किया। टीम ने दो गौ मांस तस्करों को दबोच लिया। पुलिस टीम ने मांस काटने के तमाम उपकरण भी कब्जे में ले लिए। पशु चिकित्सा अधिकारी ने बरामद मांस का सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भेज दिया। पुलभट्टा पुलिस ने दोनों तस्करों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया है। गोवंश संरक्षण स्क्वायड टीम ने मुखबिर की सूचना पर ख्वाजा मोहल्ला, वार्ड नंबर 18, सिरौली कला क्षेत्र में स्थानीय निवासी शोएब के घर पर छापा मारा। इस दौरान घर के बरामदे में भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस पड़ा हुआ था। पुलिस टीम ने दो लोगों को मौके पर पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम शोएब तथा सोहेल बताया।

# संविधान खत्म करने की बयानबाजी हास्यास्पद



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> संविधान सभा में पी.एस.देशमुख ने कहा था कि "भविष्य में कुछ समय तक संविधान में तमाम परिवर्तन करने आवश्यक होंगे। इसलिए संविधान संशोधन आसान बनाना जरूरी है।" सभा में अनेक सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। डॉ.आम्बेडकर ने कहा कि, "आयरिश संविधान में, "दोनों सदन सामान्य बहुमत से संविधान के किसी भाग को संशोधित कर सकते हैं।"

गांव गली में शोर है-कौवा कान ले गया। किसी ने नहीं देखा। इसने उससे कहा। उसने अगले से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव में भारी बहुमत पाकर संविधान बदल देंगे। मूलभूत प्रश्न है कि क्या कोई सरकार संविधान समाप्त कर सकती है? क्या कोई सरकार बिना संविधान के ही शासन की संस्थाओं, न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका का संचालन कर सकती है? क्या कोई सरकार संविधान के आधारिक लक्षणों-बेसिक फीचर्स का संशोधन या निरसन कर सकती है? सारे प्रश्नों का उत्तर है-नहीं। कौवा कान ले गया लेकिन कान अपनी जगह ही है। कौवा कांव कांव कर रहा है। झूठ मूठ।

बचपन में कथा सुनी थी। एक बारात के सारे लोग भाग रहे थे। एक ने दूसरे से पूछा-आप क्यों भाग रहे हैं? दूसरे ने कहा-आप भी भाग रहे हैं? अगले ने कहा-मुझे क्या पता? सब भाग रहे हैं। सो हम भी भाग रहे हैं। बहुत खोज करने पर पता चला कि एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल की चाभी खो गई थी। वह तेज रफ्तार दौड़कर चाभी खोजने गया था। बाकी लोग देखा देखी अकारण भाग रहे थे। संविधान खात्मे की बहस व्यर्थ है। संविधान साधारण अभिलेख नहीं है। यह राष्ट्र का राजधर्म है। आवश्यकतानुसार संविधान में संशोधन होते रहते हैं। लगभग 105 संशोधन हो चुके हैं। संविधान में ही संविधान संशोधन के प्रावधान हैं। संविधान बदलने और संशोधन करने में मूलभूत अंतर है। संविधान संशोधन विषयक प्रावधान (अनुच्छेद 368-मसौदा संविधान अनुच्छेद 304) पर संविधान सभा में बहस चली थी। एच. वी. कामथ ने कहा था, "संशोधन आखिरकार क्या है? संशोधन का अर्थ हो सकता है संविधान में कुछ परिवर्तन। उसमें कुछ जोड़ना या उसका निरसन।" लेकिन चुनाव में संविधान संशोधन को लेकर कोई बहस नहीं है। संविधान खत्म करने की बयानबाजी हास्यास्पद है।

संविधान सभा में पी. एस. देशमुख ने कहा था कि, "भविष्य में कुछ समय तक संविधान में तमाम परिवर्तन करने आवश्यक होंगे। इसलिए संविधान संशोधन आसान बनाना जरूरी है।" सभा में अनेक सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। डॉ. आम्बेडकर ने कहा कि, "आयरिश संविधान में, "दोनों सदन सामान्य बहुमत से संविधान के किसी भाग को संशोधित कर सकते हैं।" शर्त है कि सदनों के विनिश्चय को जनता का बहुमत अनुमोदित करे। स्विस संविधान में भी विधानमण्डल संशोधन विधेयक पारित कर सकता है। लेकिन जनता के अनुसमर्थन की आवश्यकता है।" उन्होंने अनेक उदाहरण दिए। भारत में संशोधन की शक्ति विधायिका में निहित है। उन्होंने सभा में विचाराधीन विधेयक का विवेचन किया कि, "हम संविधान संशोधन को तीन श्रेणियां में बांटते हैं। एक श्रेणी में संसद का साधारण बहुमत पर्याप्त है। दूसरी श्रेणी के संशोधन में दो तिहाई बहुमत आवश्यक है। तीसरी श्रेणी में देश की आधे से अधिक विधानसभाओं का समर्थन आवश्यक है।" यहां संशोधन की पूरी प्रक्रिया औचित्यपूर्ण है।

संविधान सभा में संशोधन प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग थी कि आमजन राजनैतिक प्रणाली को बदलने की मांग कर सकते हैं। जन असंतोष प्रकट करने का कोई मार्ग भी होना चाहिए। डॉक्टर आंबेडकर ने कहा, "जो संविधान से असंतुष्ट हैं उन्हें दो तिहाई बहुमत प्राप्त करना होगा। यदि वह व्यस्क मत के आधार पर निर्वाचित संसद में दो तिहाई बहुमत भी नहीं पा सकते तो यह मान लेना चाहिए कि संविधान के प्रति असंतोष में जनता उनके साथ नहीं है।" उच्चतम न्यायालय ने स्थापना दी थी कि हमारे संविधान का कोई भाग ऐसा नहीं है जिसका संशोधन नहीं हो सकता। गोलकनाथ के चर्चित मुकदमे में 11 जजों की विशेष न्यायपीठ ने 6 न्यायाधीशों के बहुमत से पूर्व विनिश्चय को उलट दिया था और कहा था कि, "यद्यपि अनुच्छेद 368 में कोई अलग अपवाद नहीं है। लेकिन मूल अधिकारों की प्रवृत्ति ही ऐसी है कि वह अनुच्छेद 368 में संशोधन प्रक्रिया के अधीन नहीं हो सकते। यदि ऐसे किसी अधिकार का संशोधन करना है तो नई संविधान सभा बुलानी पड़ेगी।"


फिर केशवानंद वाद का चर्चित फैसला आया। गोलकनाथ के वाद के समय से ही प्रश्न उठाया जा रहा था कि, "क्या मौलिक अधिकारों (भाग-3) के बाहर भी संविधान का कोई उपबंध है जो संशोधन की प्रक्रिया से मुक्त है?" केशवानंद के मुकदमे में बहुमत ने गोलकनाथ के मत को उलट दिया कि अनुच्छेद 368 के अधीन मूल अधिकारों का संशोधन नहीं हो सकता। एक अन्य बड़ी बात भी न्यायालय ने कही है कि संविधान के कुछ आधारिक लक्षण हैं जिनका संशोधन नहीं किया जा सकता। यदि संविधान संशोधन अधिनियम संविधान की आधारिक संरचना में परिवर्तन के लिए है तो न्यायालय उसे शक्तिवाह्य के आधार पर शून्य घोषित करने का अधिकारी होगा। न्यायालय ने भारत की सम्प्रभुता, अखण्डता, परिसंघीय प्रणाली, न्यायायिक पुर्नविलोकन, संसदीय प्रणाली आदि अनेक विषयों को संविधान के आधारिक लक्षण बताए।

दरअसल चुनाव के मूलभूत मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इंडिया गठबंधन संविधान खत्म करने की निराधार कल्पना दोहरा रहा है। संविधान में आपातकाल के लिए देश की आतंरिक अशांति को आधार बताया गया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती गांधी ही आतंरिक अशांति से पीड़ित थीं। देश में शांति थी। लोकतांत्रिक आन्दोलन बेशक थे। उन्होंने आपातकालीन प्रावधान (अनुच्छेद 352) का दुरूपयोग किया। इंडिया गठबंधन को आपातकाल 1975-77 के समय पारित 42 वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 का अध्ययन करना चाहिए। 42 वें संशोधन के माध्यम से संविधान के 53 अनुच्छेद एक साथ बदले गए। सातवीं अनुसूची में भी परिवर्तन किए गए। महत्वपूर्ण सिद्धान्तों को बदल दिया गया। संविधान के किसी उपबंध का उल्लंघन करने के आधार पर उसकी संवैधानिकता को चुनौती देने के लिए संघ और राज्यों के कानून में भेद किया गया। यह उपबंध किया गया कि कोई उच्च न्यायालय किसी केन्द्रीय विधि या जिसमें ऐसी विधि के अंतर्गत अधीनस्थ विधान भी सम्मिलित हैं, संविधान विरुद्ध होने के आधार पर अविधि मान्य नहीं कर सकेगा।"

42वां संशोधन न्यायपालिका की शक्ति को घटाने वाला था और मौलिक अधिकारों की भी। उच्चतम न्यायालय अपनी अधिकारिता (अनुच्छेद 32) में किसी राज्य विधि को असंवैधानिक घोषित नहीं करेगा। संविधान संशोधन अधिनियमों के न्यायायिक पुर्नविलोकन के अधिकार का भी संशोधन हुआ। उपबंध किया गया कि जिस विधि को संविधान संशोधन विधि बताया जाएगा, उसे न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। नीति निदेशक तत्व (अनुच्छेद 37) किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है। लेकिन उपबंध किया गया कि किसी निदेशक तत्व को क्रियान्वित करने वाली विधि को मूल अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर न्यायायिक पुनर्विलोकन से मुक्त रखा जाएगा। यह मूल संविधान के ठीक उल्टा है। संविधान क तहस नहस करने का यह प्रयास निन्दनीय है।

श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने संविधान और उसकी आत्मा को ही कुचल दिया था। 1977 के आम चुनाव में जनता पार्टी की सरकार आई। नई सरकार ने 43वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से न्यायायिक पुर्नविलोकन के न्यायपालिका के अधिकार की बहाली की। सभी जनविरोधी प्रावधानों को निरस्त कर दिया गया। भारतीय संविधान के इतिहास में संविधान के साथ छेड़खानी का निन्दनीय कृत्य दूसरा नहीं मिलता। संविधान के प्रति भारतीय जन गण मन की निष्ठा है। संविधान बदलने या पूरा संविधान ही खारिज करने और तानाशाही लाने जैसे आरोप हास्यास्पद हैं। वे संविधान बदलने या हटाने की बात उठाकर आपातकाल की संवैधानिक त्रासदी याद दिला रहे हैं। इस दृष्टि से उनका यह कृत्य उपयोगी है। आपातकाल संवैधानिक त्रासदी है। आपातकाल की तानाशाही अत्याचार और संविधान को तहस-नहस करने के कृत्यों का पाठ और पुर्नपाठ जरूरी है।

# स्वपक्ष की स्थापना



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

हम में से मुझ जैसे सचमुच के "रिटायर्ड" लोग निष्क्रिय जीवन जीने के लिए नियतिबद्ध हैं। ऐसे में बीवी से झगड़ने, सोशल मीडिया पर विचरण करने और टीवी देखने के अलावा कोई काम नहीं। टीवी पर लगातार घमासान।

मन में वैराग्य भाव आना सहज है, लेकिन नहीं आता। कुछ चुने हुए लोग हैं, जिन्हें हर चैनल पर एक-दूसरे का पानी उतारने की कला आजमाने का मौका मिलता है। कुछ देर बाद दो लोग एक साथ तारसप्तक में बोलना शुरू कर देते हैं। फिर तो किसी का भी कहा समझ में नहीं आता। झुंझलाकर एक चैनल बंद कीजिए तो दूसरे पर फिर वही चीख पुकार। भारतीय टीवी अतिशय उत्सवधर्मी है। हर चीज को उत्सव में बदल देना उसके लिए बाएं हाथ का खेल है। आगजनी हो रही हो, मारपीट हो रही हो, गोली चल रही हो, मिसाइल और रॉकेट चल रहे हों, उसके सतत उत्सव के हिस्से बन जाते हैं। दृश्य की त्रासदी और बीभत्सता से जुगलबंदी करते स्वर का उत्साह और उन्माद में चिचियाना काबिले तारीफ है। बिना स्वर साधना के ऐसी एकतारता नहीं आ सकती।

भारतीय टीवी जीवन की नश्वरता का बोध कराने के लिए रामबाण है। कोई भी स्कूप भयंकर से भयंकर हो, एक ही दिन स्कूप रहता है। एक दिन सुप्रीम कोर्ट के सुप्रीम निर्णय ने दिन भर तहलका मचाया। बीच-बीच में समय मिला तो पाकिस्तान, नहीं राजनीतिक पहलवानों का दंगल। अभी तक के सबसे बड़े पहलवान की हुंकार और उसे चित करने के लिए कई छोटे पहलवानों का जमघट। फिलहाल पाकिस्तान और दंगल यही दोनों स्थाई राग हैं। पहलवानों का दंगल और सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक माने जा रहे फैसले तो कुछ-कुछ समझ में आते हैं, लेकिन पाकिस्तान में क्या हो रहा है, समझ से परे है। हमारे यहां की तरह वहां भी टीवी पर लोग वही घमासान मचाए हुए हैं। उसी स्टाइल में। अंतर सिर्फ इतना है कि वहां सिर्फ दो पक्ष हैं, लेकिन दोनों घनघोर। एक दिन तो ऐसा लगा, जैसे यूक्रेन युद्ध का लघु रूप सरक कर हमारे पड़ोस में आ बैठा हो, जो भी हो, दुःखद है। इस गुमान में न रहें कि हमारे यहां ऐसे हालात नहीं पैदा हो सकते।

हम दोनों के जीन्स एक ही हैं भाई। नैयायिक वाद-विवाद-संवाद के अखाड़े के धुरंधर पहलवान थे। तर्क-वितर्क-कुतर्क पर जितना काम कर गए हैं, उससे एक इंच आगे बढ़ना शिव का धनुष तोड़ना है। बटुली के चावल की तरह बस पांच दाने देख लेना पर्याप्त होगाः- वाद उस विचार को कहते हैं जिसमें प्रमाणों और तर्कों के सहारे विपक्ष का खंडन करके स्वपक्ष की स्थापना की जाती है और जिसमें अंतिम निर्णय किसी सर्वस्वीकृत सिद्धांत के विरुद्ध नहीं जाता। वाद में वादी और प्रतिवादी दोनों अपने मत की पुष्टि और विपरीत मत का खंडन करना चाहते हैं, किंतु दोनों का उद्देश्य यथार्थ ज्ञान प्राप्त करना ही होता है।

तर्क-उस युक्ति को कहते हैं जिससे प्रतिपाद्य विषय की सिद्धि के लिए उसकी विपरीत स्थापना का दोष दिखाया जाता है। जैसे कार्य-कारण संबंध दिखाने के लिए कहा जाता है, जिस चीज में धुआं होगा, उसमें आग भी होगी, क्योंकि आग ही धुएं का कारण है और बिना कारण के कोई कार्य होता नहीं। विरोधी कह सकता है, कहीं-कहीं बिना आग के भी धुआं हो सकता है। (नैयायिकों के अनुसार) इसका जवाब होगा, यदि बिना कारण के कार्य हो सकता है तो खाना पकाने के लिए आप आग क्यों खोजते हैं? (बिजली को भी आप आग का एक आधुनिक रूप मान सकते हैं)। यहां यह स्पष्ट कर दिया जाए कि 'तर्क' का उद्देश्य हमेशा यथार्थ ज्ञान प्राप्त करना होता है।

# अति पर्यटन से जाम में फंसता उत्तराखंड



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> गढ़वाल में यातायात की स्थिति ज्यादा खराब है, क्योंकि चारधाम यात्रा शुरू होते ही क्षमता से अधिक लोगों के पहुंचने से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाती है।

गर्मियों की शुरुआत और चारधाम यात्रा के शुरू होने के साथ ही उत्तराखंड की सड़कों में पर्यटकों की भीड़ नजर आने लगी है। कुमाऊं में हल्द्वानी से आगे नैनीताल मार्ग पर और गढ़वाल में हरिद्वार-ऋषिकेश, देहरादून-मसूरी और यमनोत्री-गंगोत्री की सड़कों पर रोज जाम की स्थिति बनी हुई है। मई-जून में बच्चों के स्कूल बंद होते ही लोग नैनीताल,मसूरी और चारधाम की यात्रा पर दौड़ने लगते हैं। अगर देहरादून मसूरी, हरिद्वार और नैनीताल की बात करें तो इन नगरों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि ये अपने आकार में बहुत छोटे हैं और अचानक आने वाली भीड़ को बमुश्किल संभाल पाते हैं।


हल्द्वानी से नैनीताल की ओर जाने वाली सड़क कम चौड़ी है। हर कोई अपने वाहन से ही नैनीताल जाना चाहता है। अप्रैल से जुलाई तक के चार महीना में यहां पर्यटकों की भीड़ ऐसे टूट पड़ती है,जैसे साल के बाकी बचे महीना में यहां घूमने,फिरने,देखने लायक चीजों का अकाल पड़ जाएगा। नतीजन कई किलोमीटर का जाम लग जाता है। नैनीताल में पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थल नहीं है और न ही नैनीताल में इतनी भीड़ को सहने की क्षमता है। यही कारण है कि पुलिस को वाहनों को नैनीताल से कुछ किलोमीटर पहले रोकना पड़ता है और वहां से सटल सेवा के द्वारा लोगों को नैनीताल पहुंचाया जाता है। यह ठीक है कि दिल्ली से रुद्रपुर, हरिद्वार-देहरादून तक फोरलेन हाईवे बन जाने के बाद हर वक्त लगने वाले जाम से काफी हद तक राहत मिली है,लेकिन उससे आगे की सड़क कम चौड़ी होने के कारण आए दिन वाहनों को घंटों तक जाम में फंसना पड़ता है। इसलिए यदि आप इन जगहों पर जा रहे हैं तो मानसिक रूप से तैयार होकर जाइए की कई जगहों पर आपको जाम में फंसना पड़ेगा।

गढ़वाल में यातायात की स्थिति ज्यादा खराब है, क्योंकि चारधाम यात्रा शुरू होते ही क्षमता से अधिक लोगों के पहुंचने से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाती है। धामों के कपाट खुलते ही यात्री इनके दर्शन हेतु उमड़ पड़ते हैं। कुछ दिन पहले गंगोत्री राजमार्ग पर गंगनानी से हर्षिल तक करीब 60 किलोमीटर क्षेत्र में वाहन जाम में फंस गए। इस कारण कई श्रद्धालु उत्तरकाशी से बिना दर्शन किए ही वापस लौट गए। सरकार चाहे कितनी भी घोषणाएं करें,कागजों पर कितनी भी व्यवस्थाएं बनाएं, लेकिन पर्यटन और धार्मिक स्थल के आसपास लोगों को परेशानी से बचाने का कोई समुचित तंत्र आज तक विकसित नहीं हो पाया है। चारधाम यात्रा के शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल की तुलना में इस बार 45 प्रतिशत यात्री ज्यादा पहुंचे हैं। अब इनमें से कितने असल धार्मिक यात्री हैं और कितने सिर्फ घूमने फिरने वाले यूट्यूबर हैं,यह बता पाना कठिन है। सरकार भले ही बढ़ती भीड़ को देखकर उसे अपनी उपलब्धि बताएं, पर भूवैज्ञानिक मानते हैं कि यात्रियों की बढ़ती भीड़ और अति पर्यटन आपदा को निमंत्रण है। ज्यादा लोग यानी ज्यादा गाड़ियां और ज्यादा कार्बन उत्सर्जन,जो सीधे-सीधे हिमालय के ग्लेशियर को प्रभावित करता है।

वाहनों का शोर,उनसे निकलता धुआं और हेलीकॉप्टरों की गड़गड़ाहट से पहाड़ की जैव विविधता प्रभावित हो रही है। वन्य जीवों के व्यवहार में परिवर्तन देखा गया है और वे अपने प्राकृतिक आवास स्थलों से पलायन कर रहे हैं। पहले पहाड़ पर जाने के कुछ अलिखित नियम थे। यात्रा आस्था और विश्वास से जुड़ी थी। साथ ही उन अलिखित नियमों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी थे। जिन पहाड़ी कंदराओं पर हमारे पूर्वज जोर से आवाज करने को भी प्रतिबंधित मानते थे,आज वहां बेधड़क हेलीकॉप्टरों की गड़गड़ाहट गूंज रही है। सड़क चौड़ीकरण के लिए धड़ल्ले से डायनामाइट फोड़े जा रहे हैं और चार धाम परियोजना जिसे ऑल वेदर रोड का सुनहरा नाम दिया गया है,उसके लिए साठ हजार से अधिक हरे पेड़ों की बलि चढ़ा दी गई। केदारनाथ की शांत वादियों में उसकी सांस्कृतिक मौलिकता में बदलाव नजर आने लगा है। कपाट खुलने के बाद वहां ढोल- नगाड़ों की थाप पर लोग नृत्य कर रहे हैं। रीले बन रही है,सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाए जा रहे हैं। आस्था के नाम पर नए-नए प्रयोग हो रहे हैं। स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों ने इसका विरोध भी किया, लेकिन असल सवाल यह है लोगों को इतने संवेदनशील क्षेत्र में ऐसा करने की अनुमति किसने दी और शिव के धाम में इन सब का होना कितना जायज है।

यह सही है कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यात्रियों की बढ़ती संख्या के आंकड़ों को देखकर सरकार भी खुश होती है। कई लोगों की जीविका इस यात्रा पर निर्भर है,लेकिन यहां पर हमें यह भी याद रखना होगा की जो फसल हमारा पेट भरती है,उसके बीजों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। हमें यात्रा के नाम पर अति पर्यटन से बचना होगा, क्योंकि किसी भी चीज की अति अंततः नुकसान ही पहुंचाता है। हमें तीर्थाटन और पर्यटन के अंतर को समझना होगा। चारो धामों को तीर्थ स्थल ही बने रहने दें। उन्हें मौज मस्ती और पिकनिक का स्थान न बनाया जाए। बद्रीनाथ और केदारनाथ जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए यात्रियों की संख्या को निर्धारित किया जाना चाहिए। इसके अलावा सुविधा के नाम पर केदारनाथ में शुरू की गई हेलीकॉप्टर सेवा को भी सीमित किया जाए और पैदल यात्रा को प्रोत्साहन मिले।

# 'बेटी संरक्षिका दंपति' का प्रशस्ति-पत्र



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

सामान्यतया महिला सशक्तिकरण पर बहुत जोर दिया जाता है। सरकार द्वारा 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का प्रस्ताव भी संसद में लाया गया,लेकिन लोकसभा चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बहुत उत्साहवर्धक नहीं रही। महिला सशक्तिकरण के तहत केवल सुसंपन्न एवं उच्च आभामंडल के अलावा मध्यम तथा निचले तबके की महिलाओं की भी भागीदारी होनी चाहिए।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में अन्य प्रभावकारी कदम उठाने की जरूरत है। मसलन किसी दंपति को सिर्फ बेटियां ही हैं और परिवार में उनका बेटे जैसा ही पालन-पोषण हो रहा तथा अब बेटे होने की कोई उम्मीद नहीं है तो ऐसी दंपत्ति को 'बेटी संरक्षिका' संबंधित प्रशस्तिपत्र दिया जाना चाहिए। ऐसी दंपति में माता या पिता कोई भी शासकीय सेवा में हैं तो उन्हें उनकी सेवा पुस्तिका में भी प्रशस्ति अंकित किए जाने के साथ 'बेटी संरक्षण' का इंक्रीमेंट दिया जाना चाहिए। यदि ऐसी दंपति सरकारी सेवा में नहीं हैं तो उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ वरीयता के आधार पर दिया जाना चाहिए। सिर्फ बेटियों वाले घर की छात्राओं को शिक्षा में विशेष सुविधाएं दी जानी चाहिए।

इस तरह के निर्णय से प्रथमतः लिंग-परीक्षण एवं भ्रूण-हत्या जैसे कदम पर रोक लगेगी। सिर्फ बेटियों के माता-पिता होने की हीन भावना पैदा किए जाने पर भी नियंत्रण होगा तथा समाज में तेजी से घटती महिलाओं की संख्या में कमी आएगी। अन्यथा 'मर्ज बढ़ता ही गया, ज्यों-ज्यों दवा की' जैसी स्थिति बनी रहेगी। केवल भाषणों में महिला सशक्तिकरण की राग अलापने के बहुत सार्थक परिणाम नहीं दिखाई पड़ रहे हैं।

# मेघ की लिपि



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> मुझे जल्दी तो हो रही थी, किंतु जल का आग्रह टालता भी कैसे? अथाई पर दो मिनट को रुक कर जल पिया और उसी तेजी से चलने लगा। पीछे से टेर लगी, भगतजी के घर तक न पहुंच पाओगे, भीग जाओगे। ये पड़पड़ी वाला बादल है।

बीते दिनों यहां बादल छाये हुए थे,उन्हें देखकर प्रसन्न तो हुआ था,किंतु अपने अज्ञान पर लज्जित भी हुआ था कि इन्हें देखकर मैं कुछ भी नहीं पढ़ सका हूं। पुरानी बात याद आई,अवकाश के दिनों में तिरुपति-विश्वविद्यालय के प्रोफेसर-अध्यक्ष डॉ.चन्द्रभान रावत घर पर ही आ जाते थे,जब तक वे लोहवन में रहते,तब तक या तो वे मुझे बुला लेते अथवा वे स्वयं ही संध्या के समय मेरे घर पधारते। एक दिन लोहवन में उनके घर जा रहा था,जैसे ही लोहवन के दगरे में उतरा कुछ बादल पूरब की ओर से उठे, रास्ते में अथाई पर कुछ लोग बैठे हुए थे,बुलाया, पानी पी जाओ।

मुझे जल्दी तो हो रही थी,किंतु जल का आग्रह टालता भी कैसे? अथाई पर दो मिनट को रुक कर जल पिया और उसी तेजी से चलने लगा। पीछे से टेर लगी,भगतजी के घर तक न पहुंच पाओगे,भीग जाओगे। ये पड़पड़ी वाला बादल है। मुझे मेघ का ज्ञान तो था नहीं और तब तक धरती पर एक भी बूंद नहीं आई थी,मैंने सोचा कि बूंदा-बांदी भी हुई तो रावतजी का घर यहां से आधी किलोमीटर ही तो है। बहुत तेजी से कदम बढ़ा दिए,किंतु बादल की तेजी के सामने मेरी तेजी फेल हो गई। इतनी तेजी से पड़पड़ी आई कि मैं तो एक-दो मिनिट में ही आपाद-मस्तक भीग चुका था।

अथाई पर बैठे उस जनपद-जन के मेघ संबंधी ज्ञान को आज तक याद कर लेता हूं,मुझे उसका आदेश मानना चाहिए था,सोच लेता हूं कि वह जानपद-जन गुरु के रूप में नमस्करणीय था। उससे एक विद्या सीख सकता था! मेघ-विद्या कैसा पढ़ा-लिखा हूं? मेघ की लिपि को पढ़ना नहीं सीखा?

# किसी व्यक्ति के बौद्धिक स्तर का कारण: एक वैज्ञानिक विश्लेषण



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

> वास्तव में किसी व्यक्ति की बुद्धिमत्ता उसकी मानसिक संरचना पर निर्भर करती है। यह मानसिक संरचना उसके मस्तिष्क और शेष शरीर की संरचना पर निर्भर करती है।

परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले छात्र-छात्राएं,माता-पिता और गुरुजन के परिश्रम के अतिरिक्त, अपनी अच्छी शिक्षा और अच्छे संस्कारों को ग्रहण करने के लिए स्वयं उत्तरदायी हैं। उनकी शारीरिक और मानसिक संरचना और माता-पिता द्वारा प्राप्त जीन्स इसके लिए उत्तरदायी हैं। साथ ही इस संरचना में वातावरण और परिस्थितियों का भी योगदान है। गर्भावस्था की अनेक परिस्थितियां भी बच्चों की इस शारीरिक और मानसिक संरचना के लिए उत्तरदायी हैं।

वास्तव में किसी व्यक्ति की बुद्धिमत्ता उसकी मानसिक संरचना पर निर्भर करती है। यह मानसिक संरचना उसके मस्तिष्क और शेष शरीर की संरचना पर निर्भर करती है। ये दोनों बातें व्यक्ति के जीन्स और गर्भकाल की परिस्थितियों और बाद में जीवन भर की विशेष रूप से बचपन की परिस्थितियों और वातावरण पर निर्भर करती हैं। उदाहरण के लिए डाउन सिन्ड्रोम, फ्रेजाइल एक्स सिन्ड्रोम, फेनाइल कीटोनूरिया, रेट सिन्ड्रोम, प्रेडर विली सिन्ड्रोम, रे सैक्स डिजीज, विलियम्स सिन्ड्रोम जैसी अनेक बीमारियां होती हैं, जो क्रोमोजोम्स पर निर्भर करती हैं, जो जीन्स द्वारा निर्धारित होती हैं। ये जीन्स के म्यूटेशन्स के कारण उत्पन्न हो सकती हैं, जो आनुवांशिक होती हैं और व्यक्ति की शारीरिक व मानसिक संरचना तथा उनके इन गुणों को प्रभावित करती हैं। इन शारीरिक दोषों के होने पर व्यक्ति की बुद्धिमत्ता प्रभावित होती है। ये दोष गर्भावस्था में ही निश्चित हो जाते हैं। बुद्धिमत्ता को निर्धारित करने के अनेक जीन्स होते हैं। यह एक बहुत जटिल तंत्र होता है। ये जीन्स पीढ़ी दर पीढ़ी जाते हैं। इसलिए बुद्धिमान परिवार में पैदा हुए बच्चे आम तौर पर बुद्धिमान होते हैं, लेकिन यह आवश्यक नहीं होता है। बुद्धिमान माता-पिता की संतान कम बुद्धि की अथवा कम बुद्धि के माता-पिता की संतान अधिक बुद्धि की हो सकती है। यदि माता-पिता के जीन्स में कमी नहीं है, केवल उनके मस्तिष्क की किसी बीमारी या दोष के कारण उनकी बुद्धिमत्ता प्रभावित हुई है तो उनकी संतान सामान्य होगी। अथवा किसी के जीन्स में भी कोई कमी या अच्छाई होने के बावजूद ऐसा हो सकता है कि उनकी संतान विपरीत गुणों की हो। ऐसा जीन्स के जटिल संयोजनों, पुरानी जीन्स के सामने आ जाने,नए जीन्स के छिप जाने, डॉमिनेन्ट और रिसेसिव जीन्स की परस्पर क्रियाओं और म्यूटेशन्स एवं अन्य जटिल कारणों के कारण हो सकता है। आनुवांशिक और जेनेटिक कारणों के अतिरिक्त बुद्धिमत्ता बच्चे की बचपन और उसके बाद की भी परिस्थितियों पर भी निर्भर करती है। उसे पढ़ने का कैसा वातावरण मिला है, उसके माता-पिता का व्यवहार कैसा है, उसके गुरुजन कैसे हैं, उसका स्वास्थ्य कैसा है, उसे कैसा भोजन और कैसे पौष्टिक पदार्थ मिल रहे हैं और वातावरण में प्रदूषण तो नहीं है, जैसे अनेकानेक कारण इसे निर्धारित करते हैं।

इस संदर्भ में हेलेन केलर की कहानी प्रासंगिक है। अमेरिका की हेलन एडम्स केलर का जन्म 27 जून 1880 को हुआ था। जन्म के समय वह एक सामान्य बच्ची थी। 19 माह की आयु में उसे दिमागी बुखार हो जाने के कारण उसके मस्तिष्क पर प्रभाव पड़ा,क्योंकि हमारा मस्तिष्क ही हमारे सभी संवेदी अंगों को नियंत्रित करता है, संवेदनाओं को समझता है, अंगों को चलाता है, इसलिए वह दृष्टिहीन और बधिर हो गई। वह बधिर थी इसलिए वह मूक भी हो गई, क्योंकि बच्चे सुनकर ही बोलना सीखते हैं। उसके माता-पिता बहुत दुःखी हुए। वे समझ नहीं पा रहे थे कि वे अपनी पुत्री को जीवन निर्वहन के योग्य कैसे बनाएं, कैसे वह अपना जीवन काटेगी। वह बेचारी बच्ची भागती थी, अवरोधों से टकराती थी और गिरती थी। उसके माता-पिता ने उस बच्ची के साथ संपर्क करने के लिए उसे कुछ घरेलू चिन्ह सिखाए। उसके जीवन में एक मोड़ तब आया जब 7 वर्ष की आयु में उसे अध्यापिका एनी सलीवान मिली। एनी अपने जीवनभर केलर के साथ रहीं। एनी सलीवान स्वयं लगभग दृष्टिहीन थीं। 5 वर्ष की आयु में उन्हें ट्रेकोमा रोग हो जाने के कारण उनकी दृष्टि लगभग समाप्त हो गई थी। सलीवान ने हेलन को लिखना और पढ़ना सिखाया। यह एक बहुत श्रमसाध्य कार्य था। हेलेन पढ़ती गईं। उसने स्कूली शिक्षा और फिर कॉलेज की शिक्षा प्राप्त की। उसने किसी व्यक्ति के होठों और गले को छूकर यह जानना सीखा कि वह क्या बोल रहा है। स्वयं हेलन ने बोलना सीखा।

हम इस बात की दुष्करता को समझ सकते हैं कि कैसे उसने बिना सुने बोलना सीखा होगा। वह एक बहुत प्रसिद्ध लेखिका बनीं, सामाजिक कार्यकत्री बनीं, राजनेत्री बनीं और व्याख्यान कत्री बनीं। अनेक देशों में गईं और वहां पर अपने भाषण दिए। उन्होंने अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए। उनके ऊपर नाटक खेले गए। उनके ऊपर पुस्तकें लिखी गईं और उनके ऊपर फिल्म बनाई गई। उनको मिलने वाला वातावरण यह दिखाता है कि कैसे किसी व्यक्ति के मानसिक स्तर और उसकी शैक्षिक और बौद्धिक उपलब्धियों में जीन्स और परिस्थितियों दोनों की ही भूमिका होती है।

# अकेलेपन का दंश



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

> इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि एक उम्र के बाद विश्वास या भरोसा कम होने लगता है जिससे व्यक्ति अपने को सीमित कर लेता है। यही स्थिति अकेलेपन की ओर ले जाती है।

वर्तमान भौतिकवादी युग में जबकि मनोरंजन के अनेकों साधन उपलब्ध हैं। मनुष्य में व्यक्तिवाद की भावना हावी होती जा रही है। यही कारण है कि मनुष्य अकेलेपन या एकांकी जीवन जीने को मजबूर हो रहा है। खासकर उम्र के उस पड़ाव में जब इंसान रिटायर होकर घर बैठ जाता है तो उसका अपने दोस्तों और सहकर्मियों से संवाद भी कम होने लगता है। यही से वो अपने को अकेला महसूस करने लगता है या एकांतवासी होने लगता है।

इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि एक उम्र के बाद विश्वास या भरोसा कम होने लगता है जिससे व्यक्ति अपने को सीमित कर लेता है। यही स्थिति अकेलेपन की ओर ले जाती है। यह वो समय है जब बच्चे नौकरी के लिए तनाव में हैं या नौकरी के लिए शहर से बाहर हैं और घर पर भी हैं तो संवादहीन हो चले हैं जिससे बुजुर्गों का एकाकीपन और भी ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है।

यह अकेलापन व्यक्ति को अवसाद और नकारात्मकता की ओर ले जाने का बड़ा कारण भी है। विगत कई वर्षों से कोरोना,बेरोजगारी,महंगाई, बीमारी आदि के तनाव से भी मनुष्य अवसाद कुंठा और निराशा से घिर रहा है। जरूरत है समाज को खुशहाल बनाकर,गिरते हैप्पीनेस इंडेक्स को सुधारने की ताकि अकेलेपन में जी रहे लोगों को इससे उबारा जा सके,उनमें खुशी का एहसास पैदा किया जा सके। इसके लिए संयुक्त प्रयास की आवश्यकता होगी। संवाद के साथ-साथ लोगों को समाज में जोड़ने और छोटी-छोटी खुशियों और आयोजनों में शामिल करने के सार्थक प्रयासों की जरूरत होगी अन्यथा समाज में एकांकी जीवन जीने वाले इस दंश से बाहर नहीं निकल सकते।

### कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, 50 सदस्यीय दल में सबसे अधिक 43 यात्री राजस्थान के रहने वाले

# आदि कैलाश यात्रियों का चौथा दल टनकपुर से किया गया रवाना

**पहली बार टनकपुर से सड़क के रास्ते शुरू हो रही है आदि कैलाश यात्रा**

संवाददाता, टनकपुर



टनकपुर में आदि कैलाश यात्रियों के दल को रवाना करते कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आदि कैलाश यात्रियों का एक दल शनिवार को टनकपुर से रवाना हुआ। 50 सदस्यीय इस चौथे यात्रा दल को टनकपुर पर्यटक आवास में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

दल में सबसे ज्यादा 43 यात्री राजस्थान के हैं। इसके अलावा चार उत्तर प्रदेश और तीन यात्री कोलकाता के हैं। 7 दिन की इस यात्रा में मानस खण्ड मंदिर माला, कुमाऊं मण्डल मंडल के विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थल स्थलों के दर्शन कर यात्रा काठगोदाम से लौटेगी। मंडलायुक्त ने कहा कि पहली बार टनकपुर से सड़क के रास्ते शुरू हो रही इस यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों के साथ स्थानीय लोगों में भी उत्साह है। इससे पूर्व यह यात्रा सड़क मार्ग से काठगोदाम से ही होती थी। आयुक्त रावत ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कैलाश पर्वत अपने में लौकिक तो है ही साथ ही कैलाश पर्वत यात्रा मार्ग भी अपने में बेहद खूबसूरत है। यहां हिमालय के विहंगम दृश्य हैं, जो मन को एक अलग ही अनुभूति प्रदान करते हैं। इस यात्रा में मानस खंड मंदिर माला अंतर्गत सभी धार्मिक स्थल तथा पर्यटन स्थल के दर्शन होंगे। उन्होंने कहा कि कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा यह यात्रा कराई जा रही है। उनके द्वारा यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की गई हैं। जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए यात्रा के दौरान सावधानी बरतने की भी अपील की। कुमाऊं मंडल विकास निगम एमडी संदीप तिवारी ने यात्रा में दी जा रही सभी सुविधाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर कुमाऊं आयुक्त द्वारा परिसर में एक पौधा भी रोपा गया। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा छोलिया नृत्य प्रस्तुत किया। इस दल में राजस्थान के अपर जिलाधिकारी उम्मेद सिंह, एडीजी दीपक पराशर, रघुवीर शर्मा, रामकिशन सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हैं। साथ ही यात्रा दल में शामिल राजस्थान के बाबा कैलाश नाथ 1998 से लगातार यात्रा कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### पुलिस टीम ने दो श्रद्धालुओं को डूबने से बचाया

**टनकपुर :** जल पुलिस के जवानों ने मां पूर्णागिरि धाम मेले में आए दो श्रद्धालुओं को शारदा नदी में डूबने से बचाया। शनिवार को मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को आए गुसाईगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश के प्रांजल श्रीवास्तव पुत्र सुनील श्रीवास्तव तथा अल्का पुत्री रामस्वरूप प्रसाद शारदा घाट के नदी में नहाते समय अचानक नदी के तेज बहाव में बहने लगे। दोनों को डूबता देख शारदा घाट में तैनात जल पुलिस के जवानों ने तुरन्त रेस्क्यू अभियान चलाया और दोनों को सकुशल बचा लिया। उनके परिजनों ने पुलिस का धन्यवाद अदा किया गया। पुलिस टीम में एसआई प्रताप सिंह मेहरा, आरक्षी जल पुलिस राकेश गिरि, गोताखोर रविन्द्र कुमार, महिला आरक्षी अमीना बानो शामिल रहे।

### प्रो. चौहान पर लगे आरोपों की जांच को समिति गठित

**टनकपुर :** टनकपुर राजकीय महाविद्यालय में सहायक प्रोफेसर पर लगे अभद्रता करने के आरोपों की जांच होगी। उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अंजू अग्रवाल ने आरोपों की जांच के लिए दो सदस्यीय समिति गठित की है। जांच टीम को 15 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट देनी होगी। भूगोल के विभागाध्यक्ष डॉ. एमएस चौहान पर एक छात्रा खुशी चन्द से अभद्रता करने व छात्र नेताओं के लिए अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। इससे भड़के छात्र-छात्राओं ने 11 मई को प्राचार्या का घेराव कर आरोपी सहायक प्रोफेसर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। इधर आरोपी सहायक प्रोफेसर ने आरोपों को गलत बताया था। उच्च शिक्षा की प्रभारी निदेशक डॉ. अंजू अग्रवाल ने दो सदस्यीय जांच समिति बनाई है। चम्पावत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चंद्र राम और नानकमत्ता के प्राचार्य डॉ. अंजला दुर्गापाल समिति के सदस्य हैं।

## सार-संक्षेप

### भाजपाइयों ने विधायक के जन्मदिन पर किया रक्तदान

**रानीखेत :** विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल के जन्म जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिव मंदिर रानीखेत में पूजा- अर्चना व हवन किया। उन्होंने विधायक की दीर्घायु की कामना की। स्वयं विधायक नैनवाल ने नागरिक चिकित्सालय रानीखेत में रक्तदान एवं फल वितरण किया। रक्तदान करने वालों में विधायक डॉ. प्रमोद नैनवान, अधीक्षक डॉ. संदीप दीक्षित, पुष्पा तिवारी, विनोद कुमार, मनीष भेसोरा, पावस जोशी, विनोद कुमार आदि ने रक्तदान किया। यहां मोहन नेगी, जिला उपाध्यक्ष विमल भट्ट, महामंत्री उमेश पंत, दर्शन सिंह, हर्ष पंत, रोहित शर्मा, आशीष बिष्ट, चन्द्रशेखर, जिला पंचायत सदस्य सोनू फर्त्याल, दिनेश घुघत्याल आदि रहे।

### पूर्व राज्य मंत्री मेहरा की जयंती पर फल वितरण

**रानीखेत :** दिवंगत पूर्व राज्य मंत्री गोविंद सिंह माहरा की 103वीं जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चिकित्सालय में फल वितरित किए। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य कैलाश पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश आर्या, महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, पंकज गुरुरानी, जिला उपाध्यक्ष दीपक पंत, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज जोशी, जिला पंचायत प्रतिनिधि हेमंत रौतेला, रमेश पंत, संजय कुमार, प्रजापति पांडेय व हॉस्पिटल स्टॉफ सीएमएस संदीप दीक्षित, दीप प्रकाश पार्की आदि रहे।

### समस्याओं का निराकरण न होने पर होगा आंदोलन

**अल्मोड़ा :** राष्ट्रनीति संगठन के पदाधिकारियों ने नगर की समस्याओं का निस्तारण न होने पर आंदोलन की धमकी दी है। संगठन के प्रमुख विनोद तिवारी ने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में जाखनदेवी सड़क पर डामरीकरण का शीघ्र पूरा करने, नगर की पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने, ग्राम रौन डालओर सैनार के बीच टूटे पुल को सही करने की मांग की। कहा है कि अगर उनकी मांगों पर शीघ्र कोई कार्रवाई नही की गई तो वह अपने समर्थकों और नगर की जनता के सहयोग से आंदोलन शुरू कर देंगे।

### एलायंस क्लब की नई कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

**बनबसा :** एलायंस क्लब की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। एलायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष कैप्टन हरीश कापड़ी की अध्यक्षता में हुए शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व डिस्ट्रिक गवर्नर हेमेन्द्र रावत ने अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, सचिव आशू राजपूत, कोषाध्यक्ष कमल जैन को शपथ दिलाई। वक्ताओं ने कहा कि क्लब जनहित में पहले से भी अधिक उर्जा के साथ काम करेगा। इस मौके पर सभी पदाधिकारियों ने क्लब के हित में कार्य करने की बात कही। क्लब के सदस्य पुष्कर दत्त कापड़ी के संचालन में हुए शपथ ग्रहण समारोह में रेनू अग्रवाल, संजय अग्रवाल, भरत सिंह भंडारी, राज भदौरिया, गिरीश चंद्र जोशी, अरुण सोराड़ी, उमेद सिंह नेगी, सत्य नारायण गोयल, त्रिलोक चन्द सोराड़ी सहित तमाम सदस्य मौजूद रहे।

### दूषित पानी की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अल्मोड़ा :** देवभूमि व्यापार मंडल ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर नगर वासियों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने की मांग की है। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मनोज पवार के नेतृत्व में ईई को सौंपे ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा है कि पिछले कुछ दिनों से नगर में दूषित पानी की आपूर्ति की जा रही है। व्यापारियों ने कहा है कि दो दिनों में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह अधिकारियों के घेराव के साथ ही उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे। ज्ञापन देने वालों में संजय साह, दीप चंद्र जोशी, आनंद सिंह भोज, नीरज थापा, वंदना वर्मा, हिमांशु बिष्ट, गणेश जोशी रहे।

### सड़क हादसे में लापता दो लोगों का नहीं लगा सुराग

**अल्मोड़ा :** पिथौरागढ़ के धारचूला तवाघाट में बीते 14 मई को हुए सड़क हादसे में लापता दो लोगों का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ रेखा यादव ने बताया कि इस हादसे में राशन छोड़ने गई एक पिकप काली नदी में जा गिरी थी। हादसे के बाद एक महिला का शव का दुर्घटनाग्रस्त वाहन बरामद कर लिया गया था। जबकि वाहन में सवार खाद्य निरीक्षक और एक अन्य का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। लापता लोगों की तलाश जारी है।

### काफलीखान में शराब की दुकान खुलने पर भड़कीं महिलाएं

**अल्मोड़ा :** जिले के काफलीखान कस्बे में शराब की दुकान खोले जाने से क्षेत्र की महिलाएं भड़क गई हैं। उन्होंने एसडीएम भनोली को ज्ञापन सौंपकर दुकान न हटाने प उग्र आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने कहा कि शराब की दुकान खुलने से महिलाओं और बच्चों को इससे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। काफली के ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि इसी मार्ग से स्कूल के बच्चे व कॉलेज के छात्र जाते हैं। शराब की दुकान खुलने से उन पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। ग्रामीणों ने एसडीएम से शराब की दुकान बंद करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में चंदन लाल, नवीन लाल, आकाश आर्या, मीना देवी, तारा देवी, ममता देवी रहे।

# निकाय चुनाव की तैयारी में जुट जाएं भाजपा कार्यकर्ता

### जिला प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने टटोली कार्यकर्ताओं की नब्ज

संवाददाता, अल्मोड़ा




भाजपा की बैठक को संबोधित करते जिला प्रभारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी है। पार्टी के जिला प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं की एक बैठक ली और उनकी नब्ज टटोलने का प्रयास किया। जिला प्रभारी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को पार्टी के निर्णयों के साथ चलकर एकजुट होकर निकाय चुनावों में भागीदारी करनी होगी। तभी इस बार नगर पालिका अध्यक्ष पद भाजपा अपना परचम फहराने में कामयाब होगी।

नगर के पातालदेवी स्थित पार्टी दफ्तर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी ने कहा कि पार्टी जिसे भी नगरपालिका अध्यक्ष का टिकट देगी उसके लिए सभी को एक जुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी जिले के सभी निकायों में जीत दर्ज करे यही हमारी प्राथमिकता है। इसलिए कार्यकर्ता निकाय चुनावों की तैयारी के लिए अभी से जुट जाएं और पूरे समर्पण के साथ पार्टी का विजय पताका फहराने के लिए काम करें। बैठक के दौरान जिला प्रभारी ने दावेदारी पेश कर रहे संभावित कार्यकर्ताओं की नब्ज को टटोलने का प्रयास भी किया। बैठक में जिला प्रभारी ने लोकसभा चुनावों के दौरान सभी कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं भी दी। बैठक में मनीष जोशी, धर्मेंद्र बिष्ट, दर्शन रावत, अरविंद बिष्ट, अर्जुन सिंह, डा. एसएस पथनी, रंजीत भंडारी, बीना नयाल, किरन पंत, महेश बिष्ट, संजय डालाकोटी, जगत तिवारी, गोविंद मटेला, कृष्ण बहादुर, गोपाल जीना, अजय वर्मा, गोविंद लाल, तारा जीना, गोविंद मटेला, कृष्ण बहादुर, संजय साह, चंद्रा जोशी, मीना जोशी, श्याम पांडे, पारस कांडपाल, दीपक कपूर, दिनेश मठपाल, तसलीम अंसारी, जगमोहन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने विधायक नैनवाल की सदस्यता रद करने की मांग उठाई

**विधायक पर महिला की जमीन कब्जाने के आरोप ने पकड़ा तूल**

संवाददाता, रानीखेत



रानीखेत में संयुक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बेतालघाट विकास खंड अंतर्गत ग्रामसभा च्यूनी निवासी नंदनी गोस्वामी द्वारा रानीखेत विधायक प्रमोद नैनवाल और उनके भाई सतीश नैनवाल पर जबरन जमीन कब्ज़ाने का आरोप लगाने का मामला तूल पकड़ गया है। कांग्रेस ने इस मामले को लेकर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है।

संयुक्त मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि च्यूनी गांव निवासी नंदनी गोस्वामी की ज़मीन विधायक प्रमोद नैनवाल व उनके भाई सतीश नैनवाल द्वारा डरा-धमकाकर व जान से मारने की धमकी देकर जबरन कब्ज़ाई गई है। कहा गया है कि रानीखेत विधायक पर पहले भी कई मुकदमे दर्ज हुए हैं। ज्ञापन में जिला, ब्लॉक व नगर कांग्रेस कमेटी ने विधायक प्रमोद नैनवाल की विधानसभा की सदस्यता समाप्त कर न्यायोचित कार्रवाई करने क मांग की है। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस नगर उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार, महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, व्यापार मंडल उपसचिव विनीत चौरसिया, पंकज गुरुरानी, दीप उपाध्याय आदि शामिल थे।

> मुझे बदनाम करने की नीयत से इस तरह का षड्यंत्र किया जा रहा है। जिस जमीन की बात हो रही है वह हमारे पूर्वजों की है। मेरे विकास कार्यों से घबराकर फर्जी शिकायत कर विपक्ष प्रपंच कर रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करूंगा। **-डॉ. प्रमोद नैनवाल, विधायक**

# खिरद्वारी में समयबद्ध विकास के लिए समन्वय से काम करें

**सीमांत के खिरद्वारी गांव का आयुक्त दीपक रावत ने किया दौरा योजनाओं का मुआयना किया**

संवाददाता, टनकपुर



नेपाल सीमा से लगे खिरद्वारी गांव में ग्रामीणों से जानकारी लेते मंडलायुक्त दीपक रावत।

**अमृत विचार :** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने नेपाल सीमा में लगे आदिम जनजाति गांव खिरद्वारी के जमीनी विकास में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री जनमन योजना में शामिल खिरद्वारी गांव का दौरा करते हुए आयुक्त ने वनरावतों के इस गांव के पिछडेप़न को दूर करने के लिए सड़क सहित सभी जरूरी सुविधाएं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

आयुक्त रावत ने खिरद्वारी को सड़क से जोड़ने, स्वास्थ्य सेवा बेहतर करने, बिजली व्यवस्था सहित अन्य सुविधाएं मुहैय्या करने को कहा। आयुक्त ने सोलर सिंचाई योजना सहित खिरद्वारी के कई क्षेत्रों का मुआयना किया। दौरे में डीएम नवनीत पांडेय, एसडीएम आकाश जोशी, बीडीओ कवींद्र रावत रहे।

### खिरद्वारी गांव पीएम जनमन योजना में है शामिल

पोथ ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले जनजाति गांव खिरद्वारी को 2023 में पीएम जनमन योजना में शामिल किया गया है। इसके जरिए गांव के आधारभूत ढांचे को सशक्त कर तेजी से विकास करने का लक्ष्य है। वैसे इस वक्त खिरद्वारी गांव के विकास के बुरे हाल हैं। गांव सड़क से 12 किलोमीटर दूर है। इलाज की कोई व्यवस्था नहीं है। पढ़ाई के लिए आठवीं से आगे की कोई व्यवस्था नहीं है। बिजली के खंभे लगे हैं, लेकिन इनमें करंट नहीं है।


## वर्ग पहेली-74

**बाएं से दाएं**

2. 1. किसी जाति का कोई उपभेद 2. (काव्यशास्त्र) वर्णिक छंद का एक भेद।
4. वृद्ध, जो बुढ़ापे की अवस्था में हो।
5. 1. प्रसिद्ध और पूजनीय 2. सबसे प्रतिष्ठित।
6. 1. गुड़ अथवा चीनी का गाढ़ा घोल, चाशनी 2. घोटकर बनाया गया कोई पेय।
7. 1. एक प्रकार की मछली 2. खूंटी या खूंटा।
8. 1. जिसका संघटन हुआ हो 2. जो एक होकर किसी उद्देश्य की सिद्धि में लगा हो (व्यक्ति या वर्ग) 3. प्रतियोगिता

**ऊपर से नीचे**

1. 1. धातु आदि पर आघात होने से झनकार की ध्वनि उत्पन्न होना 2. क्रोध आदि में हाथ-पैर पटकना 3. बकना-झकना।
3. 1. परंपरा से चली आ रही 2. परंपरा के अनुसार।
6. 1. अभ्यास 2. विवेचना 3. ग्रहण करना, धारण करना 4. प्रवर्तन।




### वर्ग पहेली -73 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 वी | णा | | 2 नौ | | 3 तू |
| 4 दो | | | 5 वे | त | र | णी |
| ड़ | | | | र | | क |
| 6 भा | षां | 7 त | र | ण | | |
| ग | | न | | | | 8 फिं |
| | | खे | | 9 बे | तु | का |
| 10 दु | नि | या | वी | | | ई |

## सुडोकू-153

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | 2 | | | | |
| | | 4 | 5 | | | | | 6 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | 1 | | | 6 | | | 2 | |
| | 9 | | | | | | 1 | |
| | 5 | | | 3 | | | | |
| 5 | | | | | 2 | 8 | | |
| 3 | | | | | 1 | 9 | | |
| 6 | | | 3 | | | | | 4 |

### सुडोकू -152 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 5 | 7 |
| 9 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 1 | 4 |
| 5 | 4 | 6 | 3 | 7 | 8 | 1 | 9 | 2 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 6 | 3 | 4 | 8 |
| 3 | 8 | 2 | 1 | 9 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 2 | 9 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 1 | 3 | 8 | 6 | 4 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 मई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 13.50 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-हस्त 20 मई 03.16 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** — आज व्यवसाय में सहकर्मियों का बेहतरीन सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे। भूमि-संपत्ति विवाद पुनः उभर के आ सकते हैं। ज्यादा विचारशीलता के कारण आप तनाव में भी आ सकते हैं।

**वृष** — आज अधूरे कार्यों को समय पर निपटा लें। बच्चों को अनुशासन की शिक्षा देना हितकर होगा। नए कारोबार में निवेश करने के लिए समय उत्तम नहीं है। पेट में इन्फेक्शन होने की संभावना है। समझदारी पूर्वक स्थितियों को संभालने का प्रयास करें।

**मिथुन** — आज आपको आर्थिक हानि पहुंचा सकती है। घर में कलह का वातावरण हो सकता है। मधुमेह के रोगियों को खानपान की अनियमितता से बचना चाहिए। गृहस्थ सुख में कमी देखने को मिलेगी।

**कर्क** — आज बच्चे अपने करियर और पढ़ाई को लेकर काफी सजग रहेंगे। नौकरीपेशा लोग अपनी नौकरी में बदलाव कर सकते हैं। व्यापार को लेकर बहुत अच्छे मौके मिलेंगे। नया काम शुरू करना लाभकारी सिद्ध होगा।

**सिंह** — आज आपकी बातों से अच्छे लोग भी नाराज हो सकते हैं। इसीलिए आपको काफी सोच-समझकर ही लोगों से बातें करनी चाहिए। यात्राओं के लिए दिन शुभ नहीं है। गर्मी की वजह से पेट में जलन की शिकायत हो सकती है।

**कन्या** — आज व्यवसाय में बड़ा फेरबदल करने का अवसर मिल सकता है। मृदु व्यवहार के कारण लोगों के चहेते बने रहेंगे। निजी संबंधों के बीच आत्मीयता बढ़ेगी। लोग आपसे सलाह लेने का प्रयत्न कर सकते हैं। कला और संगीत में आप गहरी रुचि ले सकते हैं।

**तुला** — आज बुरी संगत वाले लोगों से दूरी बनाकर रखें। आपको पर्याप्त मात्रा में आराम करना चाहिए। कारोबार में थोड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। अति आत्मविश्वास के कारण आप परिस्थितियों का गलत अवलोकन भी कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज धार्मिक कार्यों में आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। पुरानी किसी समस्या का समाधान मिल सकता है। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। व्यापार में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**धनु** — आज आप कुछ दबाव में भी आ सकते हैं। घर में कुछ बदलाव का विचार बनाएंगे। परिवार में मांगलिक उत्सवों को लेकर कुछ योजना बन सकती है। आपके व्यवहार के कारण वरिष्ठ जन आपका सहयोग कर सकते हैं।

**मकर** — आज आपका काम में ज्यादा मन नहीं लगेगा। नकारात्मक लोगों से सलाह न लें। परिवार के साथ समय बिताने से आपका मन अच्छा रहेगा। लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आपकी जीवनशैली में कुछ अनियमितता आ सकती है।

**कुंभ** — आज लोहे के उपकरणों का प्रयोग बेहद सावधानी पूर्वक करें। हाथों और उंगलियों में चोट लग सकती है। आप काम के प्रति एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं, इसीलिए नए काम की शुरूआत न करें। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव बढ़ेगा। सुख-सुविधाओं में कमी आएगी।

**मीन** — आज आप अपने व्यक्तिगत जीवन को काफी महत्व देंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। कारोबारी अनुबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। बुजुर्ग जातकों को घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए दिन काफी अच्छा है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- नो प्रॉब्लम — सुबह : 08.44
- दरार — रात : 07.40

&pictures
- थैंक गॉड — सुबह : 09.29
- थप्पड़ — रात : 08.00

Sony Pix
- मैड मैक्स : फरी रोड — सुबह : 09.15
- द मिशेल्स बनाम द मशीन्स — रात : 07.05

Zee Cinema
- हम आपके हैं कौन — सुबह : 11.32
- सूर्यवंशी — रात : 09.00

Colors Cineplex
- वेलकम — सुबह : 09.33
- गोलमाल 3 — शाम : 06.41

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पड़ोसी- भाभी जी भाई साहब नहीं दिख रहे हैं।
भाभी- हमारा झगड़ा हो गया है वह गार्डन में हैं।
पड़ोसी- मैंने देखा गार्डन में नहीं हैं वो।
भाभी- खोदकर देखा।
पड़ोसी बेहोश...

भिखारी- बाबूजी आप मुझे 150 रुपये देकर मेरी मदद कीजिए।
मैं अपने परिवार से बिछुड़ गया हूं।
मोनू- पहले बताओ तुम्हारा परिवार कहां है?
भिखारी- मल्टीप्लेक्स में फिल्म देख रहा है।

# उत्तराखंड में यात्राओं के संचालन के लिए प्राधिकरण बनाने पर करें विचार: सीएम

## मुख्यमंत्री धामी ने नई दिल्ली से चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की वर्चुअली समीक्षा की, अफसरों के दिए निर्देश

ब्यूरो, देहरादून



वर्चुअल माध्यम से चारधाम यात्रा की समीक्षा करते सीएम धामी। ● अमृत विचार



चारधाम यात्रा को लेकर जानकारी लेते सचिव मुख्यमंत्री विनय शंकर पाण्डेय।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने चारधाम ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले साल में भी चार धाम यात्रा और अधिक बढ़ने वाली है। चारधाम यात्रा, कावड़ यात्रा, पूर्णागिरि यात्रा सहित प्रदेश में संपन्न होने वाली विभिन्न यात्राओं के कुशल प्रबंधन और संचालन हेतु यात्रा प्राधिकरण बनाने पर भी विचार किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में प्रवेश कर रहे प्रत्येक श्रद्धालु को चार धाम के दर्शन करवाना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमने श्रद्धालुओ का सहभागी बनकर यात्रा संपन्न करवानी है। उन्होंने यात्रा को लेकर अधिकारियों को हमेशा अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने होल्डिंग पॉइंट्स पर सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ ही शौचालयो की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। अत्यधिक भीड़ बढ़ने पर गाड़ियों की निकासी हेतु वैकल्पिक मार्गो पर विचार किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यात्रा मार्ग पर नियमित रूप से सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी छुट्टियों एवं वीकेंड के दृष्टिगत भी सभी तैयारियां पूर्ण करें। उन्होंने हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, टिहरी, रूद्रप्रयाग, चमोली एवं उत्तराकाशी के जिलाधिकारी एवं प्रशासन से आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी अधिकारी ग्राउंड में जाकर श्रद्धालुओ से फीडबैक भी लें ताकि समय रहते छोटी कमियों को भी दूर किया जाए । मुख्यमंत्री को जिला अधिकारी चमोली हिमांशु खुराना ने बताया कि बीते शुक्रवार को बद्रीनाथ धाम में करीब 13000 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। उनके द्वारा हेमकुंड साहिब यात्रा का भी पैदल मार्गों से निरीक्षण किया गया है। जहां सभी व्यवस्थाओं को यात्रा से पहले पूर्ण कर लिया जाएगा।

जिला अधिकारी उत्तरकाशी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि बीते शुक्रवार को 15800 यात्रियों ने यमुनोत्री धाम के दर्शन किए, साथ ही गेट सिस्टम के माध्यम से निरंतर यमुनोत्री और गंगोत्री को श्रद्धालु भेजे जा रहे हैं। विभिन्न होल्डिंग पॉइंट्स पर प्रशासन द्वारा सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु , सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, जिलाधिकारी हरिद्वार श्री धीराज गर्ब्याल, जिला आधिकारी टिहरी मयूर दीक्षित, जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग सौरव गहरवार रहे।

### सचिव मुख्यमंत्री ने किया यात्रा कार्यालय का निरीक्षण

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर चारधाम यात्रा में आ रहे यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत शनिवार को सचिव मुख्यमंत्री एवं आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय ने यात्रा कार्यालय, ऋषिकेश का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जो लोग बिना पंजीकरण उत्तराखण्ड आ गए हैं उनका निर्धारित संख्या में पंजीकरण कर उन्हें यात्रा पर भेजने की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। इस व्यवस्था के तहत शनिवार को 800 यात्रियों को ऋषिकेश से चारधाम यात्रा के लिए भेजा गया। उन्होंने कहा कि जो लोग अभी उत्तराखण्ड की सीमा से बाहर है, उन्हें ऑनलाइन पंजीकरण के बाद ही यात्रा पर भेजा जाएगा। सचिव मुख्यमंत्री ने यह भी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है कि यात्रा कार्यालय ऋषिकेश में दो सुलभ शौचालय यात्रियों के लिए निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। यात्रियों से इसका कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा तथा इसके लिए सुलभ इंटरनेशनल संस्था को जो भी भुगतान देय होगा, वह राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। इस अवसर पर महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी सहित यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

# अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए कारगर कार्रवाई करें : एसएसपी

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा में अधिकारियों की बैठक लेते एसएसपी देवेंद्र पींचा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एसएसपी देवेंद्र पींचा ने पुलिस अधिकारियों को जिले में हो रही आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एसएसपी ने कहा कि अराजक तत्वों पर सख्ती बरतें, ताकि अपराधों के ग्राफ में और कमी लाई जा सके।

मासिक अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी ने मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए छापेमारी अभियान चलाने को कहा। महिला सुरक्षा के लिए स्कूल कॉलेज के खुलने और बंद होने के समय गश्त तेज करने के निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था ठीक करने के लिए जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, व्यापार मंडल, होटल एसोसिएशन, टैक्सी यूनियम, जिला प्रशासन, नगर पालिका की गोष्ठी करने को कहा। उन्होंने अपराध संभावित जगहों पर सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिए। बैठक में पर्यटन सीजन में यातायात व्यवस्था पुख्ता करने पर जोर दिया गया। साथ ही सड़क किनारे लावारिस खड़े वाहनों के स्वामियों को नोटिस जारी करने व सीज करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान भतरौंजखान के थानाध्यक्ष मदन मोहन जोशी को ऑफीसर ऑफ द मंथ चुना गया। बैठक में सीओ विमल प्रसाद, राजीव कुमार टम्टा, बिदेंश्वरी प्रसाद, नारायण सिंह, लगदीश चंद्र देऊपा, अशोक धनकड़, उमाशंकर पांडे, महेश चंद्र, दरबान मेहता, बसंती आर्या समेत अनेक थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

### जवानों को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए कराई परेड

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में जवानों को शारीरिक और मानसिक तौर चुस्त दुरुस्त रखने के लिए उनकी परेड कराई गई। इस दौरान एसएसपी ने भी जवानों को फिटनेस के प्रति प्रेरित करने के लिए दौड़ लगाई। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने परेड के दौरान दौड़, तेज चाल से मंच से गुजरना, ड्रिल, शस्त्राभ्यास, सैल्यूट, स्क्वाड ड्रिल आदि का अभ्यास कराया। निरीक्षण के दौरान सीओ सदर विमल प्रसाद, राजीव कुमार टम्टा, विजय विक्रम आदि मौजूद रहे।

### दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**दिनेशपुर, अमृत विचारः** नाबालिग से अश्लील हरकत व दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीकृत कर न्यायालय में पेश किया।

शनिवार को पुलिस ने युवती की तहरीर पर जिसमें उसकी नाबालिग बहन (13) से मोतीपुर नंबर- एक निवासी सूरज ढाली पर अश्लील हरकत व दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाया था। महिला उप निरीक्षक मंजू पवार ने आरोपी सूरज ढाली (25) निवासी मोतीपुर नंबर- एक थाना दिनेशपुर को गिरफ्तार कर लिया।

# समर्थ पोर्टल पर 31 मई तक पंजीकरण करवाएं

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा उत्तराखंड द्वारा संचालित समर्थ पोर्टल का प्रचार-प्रसार किया गया।

प्राचार्य डॉ. केके पांडेय एवं समर्थ नोडल अधिकारी डॉ. सूरजपाल सिंह ने समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को बताया कि स्नातक प्रथम सिमेस्टर में प्रवेश के लिए पंजीकरण एक मई से प्रारंभ हो चुका है और 31 मई तक पंजीकरण करवाया जा सकता है। इसके बाद एक जून से 20 जून तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

बताया गया कि समर्थ पोर्टल के प्रसार एवं प्रचार के लिए महाविद्यालय की प्रवेश समिति प्रभारी डा.रीता सचान, कला संकाय प्रवेश प्रभारी डा.अनिल सैनी एवं नोडल अधिकारी समर्थ डा.सूरजपाल सिंह ने राजकीय बालिका इंटर कालेज बाजपुर, इंटरमीडिएट कालेज बाजपुर एवं राधाकृष्ण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बाजपुर में पहुंचकर विद्यार्थियों एवं समस्त कालेज स्टाफ को जानकारी दी गई।

### एनसीसी जूनियर डिविजन में 52 कैडेट्स का चयन

**बाजपुर।** इंटर कॉलेज बाजपुर की एनसीसी की जूनियर डिविजन की भर्ती प्रक्रिया शनिवार को संपन्न हुई जिसमें 52 कैडेट्स का चयन किया गया है। यूके78 बटालियन हल्द्वानी से पहुंचे जेसीओ सूबेदार कुंवर सिंह व एनसीओ हवलदार टी भूटिया ने शारीरिक व लिखित परीक्षा के माध्यम से कैडेट्स की योग्यता को परखा। बताया गया कि इस भर्ती प्रक्रिया में कक्षा-9 के कुल 68 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य कैप्टन एसपी सिंह, लेफ्टिनेंट रविंदर सिंह मंड, टीओ रोहित, वाइके भगत, सुरेंद्र कंबोज, केके बाजपेयी, रावेंद्र सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

### कच्ची शराब के साथ तस्कर को दबोचा

**शान्तिपुरी।** बिन्दुखत्ता पुलिस चौकी ने शनिवार सुबह शांतिपुरी इमली घाट के पास गौला नदी किनारे से आरोपी गुरचरण सिंह निवासी ग्राम नजीबाबाद धौराडाम उधमसिंहनगर को 126 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने थाना लालकुआं में आरोपी के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम में मुकदमादर्ज कर लिया।

# पेटशाल में घंटों जाम लगने से यात्रियों की हुई फजीहत

संवाददाता, अल्मोड़ा



पेटशाल में जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शनिवार को उमड़ी पर्यटकों की भीड़ के कारण अल्मोड़ा नगर से कुछ दूरी पर स्थित पेटशाल के पास भयंकर जाम लग गया। लोग गर्मी और उमस के बीच एक घंटे तक वाहन में ही बैठकर जाम खुलने का इंतजार करते रहे। जिस कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

पर्यटन सीजन के दौरान वीकेंड में जिले में पर्यटकों की आमद में तीन गुना तक इजाफा हो रहा है। जिस कारण जिले के जागेश्वर, चितई, कसारदेवी, कटारमल आदि क्षेत्र पर्यटकों से गुलजार हैं। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, यूपी, राजस्थान, गुरुग्राम, नोयडा, जयपुर, देहरादून से लोग यहां पहुंच रहे हैं। शनिवार को भी बड़ी संख्या में यहां पर्यटक पहुंचे। जिस कारण सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ गया। वाहनों की खासी आमद के कारण अल्मोड़ा पिथौरागढ़ हाईवे में पेटशाल के पास जाम लग गया। देखते ही देखते सड़क के दोनों और सैंकड़ों वाहन जमा हो गए। एक घंटे तक वाहन सड़क पर रेंगते रहे। लोग गर्मी के बीच वाहनों में बैठकर आवाजाही शुरू होने का इंतजार करते रहे।

स्थानीय व्यक्ति राहुल कुमार ने बताया कि सड़क की एक ओर डामरीकरण का कार्य चल रहा था। इससे भी वाहन पास नहीं हो पाए। एक घंटे तक लोग वाहनों में बैठे रहने को मजबूर हुए।

### क्षेत्रीय कार्यशाला में मेजबानी करेगा वीपीकेएएस

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान टीडी-एनआईसीआरए की वार्षिक क्षेत्रीय कार्यशाला की मेजबानी करेगा।

इस कार्यशाला में तीन राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि विज्ञान केंद्र कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे। नेशनल इनोवेशन इन क्लाइमेट रेजिलिएंट एग्रीकल्चर एक महत्वपूर्ण परियोजना है। टीडी-एनआईसीआरए की एक वार्षिक क्षेत्रीय कार्यशाला की मेजबानी विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से 10 से 11 जून के दौरान की जानी है। इसमें पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर और लद्दाख के 17 कृषि विज्ञान केंद्र प्रगति रिपोर्ट और कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यशाला का लाभ हिमालयी खेती को बढ़ावा देने में मिलेगा।

# साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचारः** राजकीय महाविद्यालय में उत्तराखंड एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया।

शनिवार को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय से आए डॉ. प्रिया महाजन, डॉ. अनुराग भट्ट, डॉ. करिश्मा ने छात्र-छात्राओं को साइबर सिक्योरिटी, साइबर क्राइम, फिशिंग आदि के बारे में जागरूक किया। बताया कि किसी भी लिंक की जानकारी न हो तो उसे न खोलें, फ्री वीडियो साफ्टवेयर, एप्लीकेशन आदि को डाउनलोड न करें। किसी भी अपरिचित को अपना आधार या डाटा साझा न करें। व्हाट्सएप और वीडियो कॉल के ब्लैकमेल से बचें। इसके अलावा अपना पासवर्ड स्ट्रांग बनाएं और फ्री लिंक का प्रयोग ना करें। प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा ने छात्रों को डिजिटल प्रयोग करने में सावधानी बरतने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए जागरूक किया।

# क्रिकेट लीग की चैंपियन बनी एमेनिटी अकादमी



चैंपियन बनने के बाद उत्साहित एमेनिटी अकादमी टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

- रुद्र लायंस अकादमी एवं एमेनिटी अकादमी के बीच रहा रोमांचक मैच

अमृत विचारः क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ उधम सिंह नगर के तत्वावधान में आयोजित अंडर 16 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के फाइनल मैच में एमेनिटी मदन लाल क्रिकेट अकादमी ने चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया।

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में अंडर 16 जिला क्रिकेट लीग का फाइनल मैच दूधिया रोशनी में एमेनिटी अकादमी एवं रूद्र लायंस अकादमी के मध्य खेला गया। एमेनिटी मदनलाल क्रिकेट अकादमी ने फाइनल मैच रूद्र लायंस क्रिकेट अकादमी को 25 रनों से हराकर अंडर 16 जिला क्रिकेट लीग 2024 की ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया और टीम चैंपियन बन गई। इस टूर्नामेंट में बेस्ट बल्लेबाज का खिताब अभिमन्यु कांडपाल, बेस्ट गेंदबाज उज्जवल सिंह एवं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब अभिमन्यु कांडपाल को दिया गया। टूर्नामेंट के समापन पर सिडकुल एसोशिएशन के अध्यक्ष श्रीखर सिन्हा ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर टीम का उत्साहवर्धन किया। मौके पर संजय ठुकराल, सुनील शर्मा, संदीप तिवारी, राजीव ठुकराल, ऋतिक कुमार, सत्येंद्र मिश्रा, बलवंत सिंह, कबीर खान, मोहम्मद नवाज, जितेंद्र छाबड़ा, नवीन टम्टा, सुधाकर जोशी रहे।

### हिंद में इंटर हाउस प्रतियोगिताओं का आयोजन

**खटीमा।** हिंद पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छठी से आठवीं के बच्चों ने खो-खो और फुटबॉल जैसे खेलों में प्रतिभाग किया। बालिकाओं के खो-खो में येलो ईगल ने ब्लू पैंथर को 9-7 से हराकर जीत हासिल की। जबकि बालकों के फुटबॉल मैच में ब्लू पैंथर की टीम ने येलो ईगल को सदन डेथ के दौरान 1-0 से जीत हासिल कर प्रथम रही। इस अवसर पर एमडी नीरज कुमार आदि रहे।

## उत्तर प्रदेश

# हाइवे पर आग का गोला बनी एंबुलेंस

- कर्मी ने खिड़की से कूदकर बचाई जान
- प्रबंध तंत्र ने बताया शॉट सर्किट से हुआ हादसा

संवाददाता,बिलासपुर(रामपुर)



एंबुलेंस में लगी भीषण आग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** हाईवे पर एक निजी अस्पताल की चलती एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। इस दौरान एंबुलेंस में सवार कर्मचारी ने खिड़की से कूदकर अपनी जान बचाई और देखते ही देखते एंबुलेंस आग का गोला बन गई।

इससे आसपास की झाड़ियां भी उसकी चपेट में आ गईं। आग लगने का कारण अस्पताल प्रबंध तंत्र ने वाहन की वायरिंग में शॉट सर्किट होना बताया है। सूचना पर पहुंचे दमकल वाहन ने मशक्कत के बाद आग की लपटों पर काबू पाया। नगर के रामपुर रोड स्थित छाबड़ा हॉस्पिटल में तैनात उत्तराखंड राज्य के रूद्रपुर की लोक विहार कॉलोनी के रहने वाला एंबुलेंस कर्मी प्रशांत कुमार शनिवार दोपहर करीब एक बजे रूद्रपुर से मरीज लेने के लिए जा रहा था। तभी हाईवे पर दालचीनी होटल के निकट चलती एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। इससे एंबुलेंस में बैठे प्रशांत कुमार ने चीख-पुकार मचानी शुरू कर दी और वह आनन-फानन में खिड़की से कूद गया। जैसे ही वह खिड़की से कूदा तभी देखते-ही-देखते एंबुलेंस आग का गोला बन गई। जिसकी चपेट में हाईवे की एक साइड में लगी झाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इससे हाईवे पर यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आनन-फानन में वाहनों को रूट डायवर्ट कर पास कराया गया। साथ ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल वाहन ने मशक्कत के बाद आग की उठती लपटों पर काबू पाया। आग की उठती लपटों को देख हरकत में आए अशोकनगर बिजलीघर के एसडीओ अभय सिंह व जेई जितेन्द्र भी कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। आग हाईटेंशन लाइन को चपेट में न ले इसलिए झाड़ियों में आग बुझाई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हाईवे पर एंबुलेंस में आग लगने से हड़कंप मच गया। एंबुलेंस में मरीज के भी होने की चर्चा है,मगर अस्पताल प्रबंध केवल एंबुलेंस कर्मी के होने की पुष्टि कर रहा है।

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से छह साल के बच्चे की मौत

**बिल्सी, अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के अंतर्गत टंकी के लिए खोदे गए गड्ढे में भरे पानी में डूबने से छह साल के बच्चे की मौत हो गई। कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव पिंडौल निवासी आरिफ खान शुक्रवार सुबह खेत पर गए थे। घर पर उनकी पत्नी शहनाज और छह साल का बेटा आरिस थे। आरिस खेलते-खेलते घर के पास पानी की टंकी के लिए खोदे गए पानी भरे गड्ढे के पास पहुंच गया। उसका पैर फिसला और गड्ढे में जा गिरा। शहनाज ने उसकी तलाश की। गांव वाले भी खोजने लगे। तकरीबन दो घंटे के बाद ग्रामीण गड्ढे के पास पहुंचे तो आरिस के सिर के बाल पानी में दिखे। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला और बिल्सी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### दहेज में ऑडी कार न मिलने पर महिला से मारपीट

**बरेली, अमृत विचार :** किला में दहेज में ऑडी कार न मिलने पर ससुराल वालों ने तीन महीने की गर्भवती महिला से मारपीट की। महिला ने जेठ पर दुष्कर्म की कोशिश का भी आरोप लगाया है। सीओ द्वितीय संदीप कुमार सिंह के आदेश पर किला पुलिस ने पति समेत नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला के मुताबिक उसकी शादी दिसंबर 2023 को बदायूं के एक गांव निवासी एक युवक से हुई थी। आरोप है कि शादी में परिजनों ने जेवरात, कार समेत लगभग 70 लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि ससुराल वाले कार की जगह ऑडी कार न मिलने पर परेशान करते थे। आरोप है कि 11 मई की रात जेठ ने उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की।

### मुकदमा वापस न लेने पर दी जान से मार देने की धमकी

**बहेड़ी, अमृत विचार :** न्यायालय में चल रहे दहेज उत्पीड़न के एक मामले को वापस लेने के लिए पत्नी पर दबाव बनाने और न मानने पर जान से मार देने की धमकी दी, जिसकी शिकायत पीड़िता ने आईजी से की। इसके बाद बहेड़ी पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की। गांव देवीपुरा निवासी जागेश्वरी देवी ने बताया उसने पति अवधेश सिंह निवासी गांव पंसौली जनपद पीलीभीत के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि पति मुकदमा वापस लेने को दबाव बनाता है जिसके लिए उसने मना किया तो 14 अप्रैल को उसने अपने साथी वीरपाल, कांता प्रसाद व महिला आशा के साथ रास्ते में घेर लिया और तमंचा दिखाकर मुकदमा वापस न लेने पर जान से मार देने की धमकी दी।

# अभद्र टिप्पणी करने वाला जतिन दिल्ली से गिरफ्तार

कार्रवाई

- सोशल मीडिया पर उत्तराखंडियों व महिलाओ पर करता था अभद्र टिप्पणी
- थाइलैंड से लौटा तो आईजीआई एयरपोर्ट दिल्ली से पकड़ा
- जारी हो चुका था लुकआउट नोटिस, 25 हजार का इनाम

ब्यूरो, देहरादून



पुलिस गिरफ्त में आरोपी जतिन राणा।

**अमृत विचार :** उत्तराखंडियों व महिलाओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी को पुलिस ने इंदिरा गांधी एयरपोर्ट दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस से बचने को वह विदेश चला गया था। अब थाइलैंड से लौटा ही था कि एयरपोर्ट के इमीग्रेशन विभाग की सूचना पर उत्तराखंड पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी हो चुका था और 25 हजार का इनाम भी घोषित था। बसंत विहार थानाध्यक्ष महादेव प्रसाद उनियाल के मुताबिक पहाड़ की महिलाओं तथा उत्तराखंड वासियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर अश्लील एवं अभद्र टिप्पणी करने के संबंध में अभियुक्त जतिन राणा उर्फ खाटू के विरुद्ध कोतवाली नगर में धारा 505(2) आईपीसी के तहत मुकदमा हुआ था। अभियुक्त जतिन राणा उर्फ खाटू के विरुद्ध थाना बसंत विहार एवं थाना राजपुर में भी जानलेवा हमले, मारपीट, बलवा आदि से संबंधित अभियोग पंजीकृत थे, जिसमें अभियुक्त वांछित चल रहा था। उक्त सभी मामलों में पुलिस द्वारा अभियुक्त की तलाश हेतु लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिशें दी जा रही थी। पुलिस द्वारा लगातार दी जा रही दबिशों से घबराकर अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए जतिन विदेश चला गया।

अभियुक्त के देश छोड़कर भागने की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा अभियुक्त के विरूद्व लुकआउट नोटिस जारी करवाते हुए उस पर 25 हजार रुपये का ईनाम भी घोषित किया गया था।

इधर, शुक्रवार को डायरेक्टर इमीग्रेशन द्वारा मेल के माध्यम से अभियुक्त जतिन राणा उर्फ खाटू के थाइलैंड से वापस आने की सूचना दी गई। इस पर देहरादून पुलिस की टीम ने दिल्ली पहुंचकर जतिन को पकड़ लिया। जतिन हरिद्वार जिले के पथरी थाना क्षेत्र के ग्राम वहादुरपुर जट का रहने वाला है।

# बहुमत का रथ या संघर्ष का अग्निपथ

## पांचवें चरण में मतदान के साथ ही 428 लोकसभा सीटों का चुनाव तय कर देगा दोनों गठबंधनों का भविष्य

मनोज त्रिपाठी

पांचवें चरण में आठ राज्यों की 49 सीटों पर मतदान के बाद 428 लोकसभा सीटों पर चुनाव खत्म हो जाएगा और मतगणना का काउंट डाउन शुरू हो जाएगा। इसी के साथ बड़ा सवाल है कि क्या भाजपा इस चरण में 300 का आंकड़ा छू लेगी या 2019 की 303 सीटों से आगे निकल जाएगी। कुछ ऐसा ही यक्ष प्रश्न इंडिया गठबंधन के सामने भी है कि क्या वह अपनी जीत की संभावना 200 सीटों तक पहुंचाने में सफल हो पाया है। गृह मंत्री अमित शाह और तमाम भाजपा नेता चौथे चरण के बाद पार्टी को बहुमत मिलने का दावा कर रहे हैं, तो इंडिया गठबंधन की ओर से भाजपा के 200 से 220 सीटों पर सिमटने की भविष्यवाणी की जा रही है। अब कौन सही और कौन गलत हैं, इसका पता तो चार जून को मतों की गणना में ही चलेगा। फिलहाल पांचवें चरण की 49 सीटों में पिछली बार के नतीजों के आईने में पलड़ा भाजपा का ही भारी नजर आ रहा है।

सोमवार को पांचवे चरण में जिन 49 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, उनमें एक दर्जन सीटें ऐसी किसी न किसी पार्टी का गढ़ हैं। इन 12 सीटों पर एक ही दल पिछले तीन चुनावों से जीत हासिल करता चला आ रहा है। इन 12 में से पांच सीटों पर भाजपा 2009, 2014 और 2019 में कमल खिलाने के बाद इस बार जीत का चौका लगाने को तैयार है। पांचवें चरण की इन 49 सीटों में 2009 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने छह और कांग्रेस ने 14 सीटें जीती थीं। लेकिन 2014 में कांग्रेस सिर्फ दो सीटें जीत सकी और 2019 में महज एक सीट पर ही सिमट गई थी। इसके मुकाबले 2014 में भाजपा ने 27 और 2019 में 32 सीटें जीत ली थी।

### पांचवें चरण की 49 सीटों पर प्रदर्शन

| चुनाव वर्ष 2009 | | चुनाव वर्ष 2014 | | चुनाव वर्ष 2019 | |
|---|---|---|---|---|---|
| 06 भाजपा | 14 कांग्रेस | 27 भाजपा | 02 कांग्रेस | 32 भाजपा | 01 कांग्रेस |

**बड़ा सवाल** भाजपा 300 का आंकड़ा छू लेगी या 2019 में मिली 303 सीटों से आगे निकलेगी
इंडिया गठबंधन क्या जीत का आंकड़ा 200 सीटों तक पहुंचाने में सफल हो पाया



**12** सीटों पर एक ही दल ने जीते हैं लगातार पिछले तीन चुनाव

**05** सीटों पर भाजपा इस बार जीत का चौका लगाने को तैयार

### 2019 में पांचवें चरण में यह था दलीय प्रदर्शन

| दल | सीटें |
|---|---|
| भाजपा | 32 |
| शिवसेना | 07 |
| टीएमसी | 04 |
| कांग्रेस | 01 |
| जेडीयू | 01 |
| एलजेपी | 01 |
| बीजद | 01 |
| नेशनल कॉन्फ्रेंस | 01 |
| अन्य | 01 |

### 25 सीटों पर इस बार भी भाजपा सबसे मजबूत दावेदार

- इस बार पांचवें चरण की 49 में 25 सीटों पर भाजपा को मजबूत दावेदार माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि पिछले तीन में से दो लोकसभा चुनाव में पार्टी ने इन 25 सीटों पर कमल खिलाया है। इस आंकड़े के हिसाब से कांग्रेस सिर्फ दो सीटों पर ही मजबूत है।

### चार सीटों पर हुआ था नजदीकी मुकाबला

पांचवें चरण में सिर्फ चार सीट ऐसी हैं, जिन पर 2019 के चुनाव में जीत का अंतर बहुत कम था। इनमें उत्तर प्रदेश की कौशांबी, ओडिशा की बोलनगीर, पश्चिम बंगाल की बैरकपुर और आरामबाग सीटें शामिल हैं। इनमें तीन सीटें भाजपा ने जीती थीं, जबकि आरामबाग में टीएमसी विजयी रही थी।

### सात राज्यों में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला था

- पांचवें चरण के जिन आठ राज्यों में चुनाव है, उनमें सात राज्यों में कांग्रेस को 2019 में से एक भी सीट नहीं मिली थी। कांग्रेस केवल उत्तर प्रदेश में रायबरेली की सीट ही जीत सकी थी जबकि अमेठी सीट पर उसे हार मिली थी।

# महाराष्ट्र में आखिरी 13 सीटों पर जीत की चाबी तो उत्तर भारतीयों के पास

दिग्विजय सिंह


- भाजपा और राज ठाकरे के साथ से एक वर्ग में नाराजगी
- 2019 में शिवसेना ने सात और भाजपा ने जीती थीं छह सीटें

महाराष्ट्र में पांचवें चरण में 13 लोकसभा सीटों धुले, डिंडोरी, नासिक, कल्याण, पालघर, भिवंडी, ठाणे, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर पूर्व, मुंबई दक्षिण मध्य, मुंबई दक्षिण, मुंबई उत्तर पश्चिम और मुंबई उत्तर मध्य सीट पर वोट पड़ने के साथ ही सभी 48 सीटों पर मतदान प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। इन 13 सीटों में 10 सीटें ऐसी हैं, जहां उत्तर भारतीय मतदाता 25 से 35 प्रतिशत तक हैं। 2019 के चुनाव में इन 13 सीटों में भाजपा ने छह और शिवसेना ने सात सीटें जीती थी।

लेकिन तब शिवसेना और भाजपा साथ-साथ थी। अब शिवसेना दो फाड़ हो गई है, तो शहर पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी दो हिस्सों में बंट चुकी है। राज्य में बदले हुए राजनीतिक समीकरणों में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही है। भाजपा ने बढ़त लेने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। भाजपा शासित राज्यों के पांच मुख्यमंत्री डेरा डाले हैं। उत्तर भारतीय मतदाताओं के बीच खास मेहनत की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य में 20-22 सभाएं कर चुके हैं। विगत दिवस मुंबई में रोड शो करने के बाद अगले दिन विशाल रैली की है। भाजपा अगर महाराष्ट्र में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतना चाहती है, तो नतीजों से असली और नकली शिवसेना की लड़ाई का भी फैसला होना है। ऐसे में करीब 10 सीटों पर उत्तर भारतीय, मुस्लिम और दलित मतदाता महत्वपूर्ण हो गए हैं। आम तौर पर उत्तर भारतीय मतदाताओं का समर्थन भाजपा को ज्यादा मिलता रहा है, लेकिन भाजपा द्वारा राज ठाकरे का साथ लेने का संदेश उत्तर भारतीयों के बीच अच्छा नहीं गया है।

कांग्रेस और उसके साथ महा विकास अघाड़ी में शामिल राकांपा शरद पवार तथा शिवसेना उद्धव ठाकरे इसी नाराजगी को भुनाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। उन्हें मुस्लिम मत मिलने का भी भरोसा है।

### पीयूष गोयल की पहले चुनाव में हो रही है अग्नि परीक्षा



मुंबई उत्तर सीट से केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी पीयूष गोयल का मुकाबला अभिनेता-राजनेता भूषण पाटिल से है। 2019 में भाजपा के गोपाल सी. शेट्टी ने इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर को 4.65 लाख वोटों से हरा दिया था। पीयूष गोयल तीन बार राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

### डिंडोरी में केंद्रीय मंत्री भारती पवार को छूट रहा पसीना



- डिंडोरी में भाजपा तीन बार से जीत रही है। यहां इस बार सांसद और केंद्रीय मंत्री भारती प्रवीण पवार का मुकाबला राकांपा भास्कर भगरे से हो रहा है। भारती 2014 में राकांपा से चुनाव लड़कर हार गई थीं। 2019 में भाजपा से जीती थीं। लोकसभा क्षेत्र की छह में से चार विधानसभा सीटें राकांपा के पास हैं।



### मुख्यमंत्री शिंदे के पुत्र डॉ. श्रीकांत लगा पाएंगे हैट्रिक

- कल्याण लोक सभा सीट से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे डॉ. श्रीकांत शिंदे चुनावी जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश में जुटे हैं। श्रीकांत ने 2014 और 2019 में शिवसेना के टिकट पर कल्याण में जीत हासिल की थी। उनके सामने मैदान में शिवसेना (उद्धव) की वैशाली डारेकर राणे हैं।

### वकील उज्ज्वल निकम को वर्षा गायकवाड़ से कड़ी चुनौती



मुंबई उत्तर मध्य सीट पर भाजपा की तरफ से उतरे हाई प्रोफाइल वकील उज्ज्वल निकम पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला मुंबई कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ से हो रहा है। वर्षा धरावी से चार बार विधायक चुनी जा चुकी हैं और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री भी रही हैं। यहां पिछले दो चुनाव भाजपा की पूनम महाजन ने जीते थे।

### भिवंडी में केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल कांटे की संघर्ष में फंसे




- भिवंडी से केंद्रीय मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल जीत की हैट्रिक लगाना चाह रहे हैं, लेकिन उन्हें शरद पवार की एनसीपी के प्रत्याशी सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे कड़ी टक्कर दे रहे हैं। यहां 2019 में पटेल ने कांग्रेस के सुरेश तावड़े को डेढ़ लाख मतों से हराया था।

## नवीन पटनायक किला बचाने में लगे, कांग्रेस तीसरे नंबर पर पिछड़ती आ रही नजर

# ओडिशा में बीजद पर बढ़त बनाती दिख रही भाजपा

**20** मई को विधान सभा चुनाव के दूसरे चरण में 35 सीटों पर मतदान होगा



ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने से इस बार मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक दोहरे दबाव में हैं। भाजपा राज्य में सरकार बनाने के साथ ही लोकसभा चुनाव में अधिकतर सीटें जीतने का दावा कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो अपनी सभाओं और रैलियों में भाजपा के मुख्यमंत्री के शपथग्रहण में लोगों से आने की अपील करके पटनायक को सीधी चुनौती दे रहे हैं। इसी माहौल में 20 मई को पांचवें चरण में राज्य में पांच लोकसभा सीटों बारगढ़, सुंदरगढ़, बोलनगीर, कंधमाल और अस्का में वोट पड़ेंगे। राज्य में कुल 21 लोकसभा सीटे हैं। 2019 के चुनाव में इन पांच में से चार सीटें भाजपा ने जीती थीं। बीजद एक ही सीट जीत पाया था। ओडिशा में लोकसभा चुनाव में 2009 में बीजद को 37 फीसदी वोट शेयर के साथ 14 सीटें मिली थीं। कांग्रेस 33 प्रतिशत वोट शेयर के साथ छह सीट ही जीत पाई थी। भाजपा शून्य पर सिमट गई थी। 2014 में बीजद ने 44 प्रतिशत वोट के साथ 20 सीटें जीत ली थीं। भाजपा ने 22 प्रतिशत वोट पाकर राज्य में अपना खाता खोला था। 2019 में 43 फीसदी वोट के साथ बीजद को 12 जबकि भाजपा को 38 प्रतिशत वोट के साथ आठ तथा कांग्रेस को 14 फीसदी वोट के साथ एक सीट मिली थी। इस आंकड़े से साफ है कि भाजपा वोट प्रतिशत के मामले में बीजद के करीब पहुंच चुकी है। राज्य का चुनावी परिदृश्य भी भाजपा और बीजद के बीच सीधे संघर्ष में भाजपा की बढ़त की तस्वीर बयां कर रहा है, कांग्रेस विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव तीसरे नंबर पर ही दिख रही है।

### नीचे नवीन ऊपर मोदी को वोट देने की मुहिम

- राज्य में 20 मई को विधान सभा चुनाव के दूसरे चरण में 35 सीटों पर मतदान होगा। 147 सीटों वाली विधानसभा के लिए पहले चरण में 13 मई को 28 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। पिछले चुनावों में देखा गया है कि जो पार्टी विधानसभा चुनाव में जीतती है, उसे ही लोकसभा में ज्यादा सीटें मिलती हैं। इसी कारण भाजपा राज्य में सरकार बनाने का प्रचार करके जी तोड़ कोशिश कर रही है कि मोदी की लोकप्रियता की बदौलत लोकसभा की कम से कम 15-16 सीटें जीत सके। लेकिन एक मुहिम राज्य में नवीन पटनायक तो केंद्र में नरेंद्र मोदी को वोट देने की भी चल रही है। बीजद विधायक इसका ज्यादा विरोध भी नहीं कर रहे हैं, शायद उन्हें लग रहा है कि इस ट्रेंड से उनकी हार का खतरा दूर हो जाएगा। ऐसा होता है तो यह एक तरह की टेक्टिकल वोटिंग होंगी, क्योंकि अभी तक विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होने पर मतदाताओं का रुझान ज्यादातर एक पार्टी की ही तरफ देखने में आता रहा है।

**बताई गारंटी**



बिहार की वाल्मीकि नगर से जदयू उम्मीदवार सुनील कुमार के समर्थन में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला।

# उमर अब्दुल्ला की मुश्किलें बढ़ीं

चुनाव डेस्क

- बारामूला सीट पर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद गनी लोन ने भी लगा रखा है जोर
- जेल में बंद अवामी इत्तेहाद पार्टी के इंजीनियर रशीद के लिए उनके बेटे ने जोरदार प्रचार करके बनाई सहानुभूति

**अमृत विचार।** जम्मू-कश्मीर की हाई प्रोफाइल बारामूला लोकसभा सीट पर भी पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होगा। इस सीट पर पहले राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला तथा पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद गनी लोन के बीच मुकाबला माना जा रहा है। लेकिन चुनाव प्रचार खत्म होने के साथ मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। जेल में बंद अवामी इत्तेहाद पार्टी के प्रत्याशी इंजीनियर रशीद के लिए उनके बेटे अबरार ने जोरदार चुनाव प्रचार करके संघर्ष में खड़ा कर दिया है। अबरार ने कई रोड शो किए हैं, जिनमें भीड़ जुटी है। रशीद के जेल में बंद होने से मतदाताओं के एक वर्ग की सहानुभूति मिल रही है। रशीद दो बार के विधायक हैं और टेरर फंडिंग के मामले में तिहाड़ जेल में हैं। भाजपा ने बारामूला समेत घाटी की तीनों सीटों पर प्रत्याशी नहीं उतारा है, लेकिन माना जा रहा है कि पार्टी खामोशी के साथ पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद गनी लोन का समर्थन दे रही है। बारामूला सीट के अंतर्गत 18 विधानसभा क्षेत्रों में 17.32 लाख मतदाता हैं। यहां 23 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। इस सीट पर देश भर में रह रहे 25,821 विस्थापित कश्मीर पंडितों के मतदान की व्यवस्था की गई है। 21 मतदान केंद्र जम्मू, चार दिल्ली और एक केंद्र उधमपुर में बना है।

# बसपा की जातीय इंजीनियरिंग किस पर पड़ेगी भारी

**पूर्वांचल में साल 2019 के चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में छह लोकसभा सीटें जीती थीं। इसमें जौनपुर को छोड़कर बाकी पांच सीटों घोसी, श्रावस्ती, गाजीपुर, अंबेडकर नगर तथा लालगंज में बसपा को नए प्रत्याशी उतारने पड़े हैं, इसकी वजह यह है कि गाजीपुर से चुनाव जीते अफजाल अंसारी और श्रावस्ती के सांसद रामशिरोमणि वर्मा इस बार सपा से ताल ठोंक रहे हैं, अंबेडकर नगर के सांसद रितेश पांडेय भाजपा के प्रत्याशी बन गए थे, जबकि घोसी से जीते अतुल राय का अधिकतर समय जेल में रहे हैं।**

### अंबेडकर नगर, घोसी और श्रावस्ती में बनाया मुस्लिम-दलित समीकरण

- अंबेडकरनगर में बसपा ने इस बार मुस्लिम-दलित का दांव खेलते हुए कमर हयात अंसारी को मैदान में उतारा है। यहां करीब चार लाख दलित और साढ़े तीन लाख से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। पौने दो लाख कुर्मी और इतने ही यादव मतदाता हैं। ब्राह्मण मतदाता डेढ़ लाख से कुछ कम और क्षत्रिय वोटर एक लाख हैं। श्रावस्ती में पांच लाख मुस्लिम मतदाता, करीब पौने तीन लाख दलित, दो लाख से ज्यादा कुर्मी वोटर और ढाई लाख ब्राह्मण मतदाता हैं। यहां भी मुस्लिम- दलित समीकरण से बसपा 2019 में चुनाव जीती थी। इस बार पार्टी ने मुस्लिम –दलित वोट बैंक पर भरोसा करते हुए श्रावस्ती से मुइनुद्दीन अहमद खान उर्फ हाजी दद्दन को उतारा है। घोसी में अतुल राय भाजपा के हरिनारायण को हराकर चुनाव जीते थे। लेकिन उनका पूरा कार्यकाल लगभग जेल में ही बीता। इसलिए उनकी जगह बसपा ने कांग्रेस से आए पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को मैदान में उतारा है। बालकृष्ण बसपा से ही सांसद रहे थे और वह नोनिया चौहान हैं। यहां नोनिया चौहान की अच्छी खासी संख्या है। यहां मऊ विधानसभा पर तो मुस्लिम निर्णायक है। लालगंज सुरक्षित सीट पर पिछली बार सपा की संगीता आजाद जीती थीं। उन्होंने भाजपा की नीलम सोनकर को हराया था। इस बार बसपा ने यहां डॉ. इंदु चौधरी को टिकट दिया है। जौनपुर से बसपा ने धनंजय सिंह की पत्नी का टिकट काटने के बाद सांसद श्याम सिंह यादव को उतारा है। गाजीपुर में बसपा से जीते अफजाल अंसारी इस बार सपा के प्रत्याशी हैं। यहां बसपा ने डॉ. उमेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है।



### नौ सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी सपा-कांग्रेस का बिगाड़ रहे खेल

- बसपा के पास दलित वोट बैंक का अभी भी बड़ा हिस्सा है। वह इसी के साथ मुस्लिम, ब्राह्मण और पिछड़ा वर्ग का जोड़ घटाना लगाकर प्रत्याशी उतारती रही है। इस बार बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार पूर्वांचल की लड़ाई में दलित-मुस्लिम और दलित-ब्राह्मण का समीकरण बनाकर उम्मीदवार उतारे हैं। बसपा ने पूर्वांचल के रण में नौ लोकसभा सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतार कर इंडिया गठबंधन का समीकरण बिगाड़ने का प्रयास किया है। हाथी चुनाव चिह्न पर इस बार अंबेडकरनगर से कमर हयात अंसारी, श्रावस्ती से मुइनुद्दीन अमद खान, डुमरियागंज से मोहम्मद नदीम मिर्जा, संतकबीरनगर से नदीम अशरफ, आजमगढ़ से महमूद अहमद, महराजगंज से मोहम्मद मौसमे आलम, गोरखपुर से जावेद सिमनानी और वाराणसी से अतहर जमाल लारी चुनावी मैदान में ताल ठोंक रहे हैं।

### आधा दर्जन सीटों पर खेला ब्राह्मण कार्ड

- बसपा ने दलित-ब्राह्मण समीकरण मजबूत करके मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन अपनी तरफ खींचने की रणनीति के तहत आधा दर्जन सीटों पर ब्राह्मण उम्मीदवार मैदान में उतारकर सपा-कांग्रेस गठबंधन की परेशानी बढ़ा रखी है। पार्टी से फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडेय, बस्ती से दयाशंकर मिश्रा, मिर्जापुर में मनीष त्रिपाठी, कैसरगंज में नरेंद्र पांडेय, गोंडा से सौरभ कुमार मिश्रा मुकाबले को त्रिकोणीय धार देने की कोशिश में जुटे हैं।

### बसपा के गढ़ वाली सीटें

| भदोही | | गाजीपुर | | लालगंज | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2019 | 4,66,414 | 2019 जीती | 5,66,082 | 2019 | 5,18,820 – जीती |
| 2014 | 2,45,554 | 2014 | 2,41,645 | 2014 | 2,33,971 |
| 2009 जीती | 1,95,808 | 2009 | 3,09,924 | 2009 | 2,07,998 – जीती |

| भदोही | | गाजीपुर | | लालगंज | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2019 | 4,66,414 | 2019 जीती | 5,66,082 | 2019 | 5,18,820 – जीती |
| 2014 | 2,45,554 | 2014 | 2,41,645 | 2014 | 2,33,971 |
| 2009 जीती | 1,95,808 | 2009 | 3,09,924 | 2009 | 2,07,998 – जीती |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक- 980 फ्लैग- 1095 डीएमओ- 865 बोल्ड- 1155
**चन्दौसी :** शिवालिक- 990 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 880

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92450 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 90000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 76000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56650-56850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 73,650 |
| सोना रवा | 73,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 88,100 |
| चांदी (999) | 88,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73300 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72300 |
| सिल्वर ( पक्की) | 865 (अनुमानित)। |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,650 |
| चांदी आभूषण | 88,000 |

# विशेष सत्र में सेंसेक्स, निफ्टी बढ़त के साथ बंद

## विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजार में शनिवार को विशेष कारोबार सत्र में बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 88.91 अंक या 0.12 प्रतिशत चढ़कर 74,005.94 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान यह 245.73 अंक या 0.33 प्रतिशत उछलकर 74,162.76 पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 35.90 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 22,502 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में नेस्ले, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर जेएसडब्ल्यू स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और कोटक महिंद्रा बैंक लाल निशान में बंद हुए। अमेरिका के अधिकांश शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) कई दिनों की निरंतर निकासी के बाद शुक्रवार को खरीदार बन गए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने शुक्रवार को 1,616.79 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की खरीद की। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि अमेरिकी डाऊ जोन्स के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने से शेयर बाजारों को वैश्विक समर्थन मिलता रहेगा। अब एफआईआई भी खरीदार बन गए हैं और इससे बाजार पर दबाव कम हुआ है। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.85 प्रतिशत चढ़कर 83.98 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।



● विदेशी संस्थागत निवेशक कई दिनों की निकासी के बाद बने खरीदार

### इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में विशेष सत्र आयोजित

शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 253.31 अंक चढ़कर 73,917.03 और एनएसई निफ्टी 62.25 अंक बढ़कर 22,466.10 अंक पर बंद हुआ था। एनएसई और बीएसई ने सात मई को कहा था कि वह अपने प्राथमिक मंच पर बड़े व्यवधान या विफलता से निपटने की अपनी तैयारियों को जांचने के लिए 18 मई को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित करेगा। विशेष कारोबारी सत्र के दौरान कारोबार प्राथमिक साइट (पीआर) से आपातकालीन (डीआर) साइट पर स्थानांतरित किया जाएगा। इससे पहले दो मार्च को भी बीएसई और एनएसई ने इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित किया था।

# कुछ क्षेत्रों में एफडीआई मानदंडों को आसान बनाने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मानदंडों में ढील दी है और इस बात की संभावना है कि नई सरकार के सत्ता में आने पर कुछ अन्य क्षेत्रों में एफडीआई मानदंडों में राहत दी जा सकती है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने शनिवार को यह बात कही।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने कई क्षेत्रों में एफडीआई नीति को उदार बनाया है। भारत की नीतियां दुनिया में सबसे उदार एफडीआई नीतियों में से एक हैं और वास्तव में यह कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की तुलना में अधिक उदार है। सिंह ने सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा कि हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र में एफडीआई मानदंडों को आसान बनाया गया था और इस बात की बहुत संभावना है कि नई सरकार के तहत, हम जो भी क्षेत्र बचे हैं और जहां कुछ उदारीकरण संभव है, वहां इसके लिए प्रयास कर सकते हैं। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर 2023 में भारत में एफडीआई 13% घटकर 32.03 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। ऐसा मुख्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, ऑटो और दवा क्षेत्रों में कम निवेश से हुआ। उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजनाओं (पीएलआई) की सफलता पर सचिव ने कहा कि अब तक 1.13 लाख करोड़ का निवेश हुआ और कंपनियों ने नौ लाख करोड़ से अधिक की बिक्री, 3.45 लाख करोड़ का निर्यात सृजित किया, साथ ही 8 लाख से ज्यादा नौकरी दी।



● उद्योग संवर्धन व आंतरिक व्यापार विभाग के सचिव ने नई सरकार बनने पर जताई उम्मीद

## नेस्ले इंडिया के शेयरधारकों ने रॉयल्टी भुगतान बढ़ाने का प्रस्ताव खारिज किया

**नई दिल्ली।** नेस्ले इंडिया लिमिटेड के शेयरधारकों ने अपनी मूल कंपनी को रॉयल्टी भुगतान बढ़ाने के कंपनी के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक नेस्ले इंडिया के बोर्ड ने पिछले महीने अपनी मूल कंपनी को रॉयल्टी भुगतान में सालाना 0.15% की बढ़ोतरी को मंजूरी दी थी। यह बढ़ोतरी पांच वर्षों के लिए की गई थी और इस प्रकार नेस्ले इंडिया को अपनी शुद्ध बिक्री का 5.25% तक रॉयल्टी भुगतान मूल कंपनी को करना था। वर्तमान लाइसेंस शुल्क 4.5% को हर साल 0.15% बढ़ाते हुए पांच साल में क्रमबद्ध तरीके से 5.25% तक किया जाना था।

## पॉलिसीधारकों को 1007 करोड़ रुपये का बोनस देगा कोटक लाइफ

**नई दिल्ली।** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाइफ) ने आज वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 7 लाख से अधिक योग्य पॉलिसीधारकों को 1007 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की है।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह लगातार 23वां साल है जब कोटक लाइफ ने भाग लेने वाले उत्पादों पर बोनस की घोषणा की है। कंपनी द्वारा घोषित किया गया बोनस वित्त वर्ष 2022-23 की बोनस अमाउंट से 20 फीसदी अधिक है। कंपनी के प्रबंध निदेशक महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा कि हमें लगातार 23वें साल अपने ग्राहकों के लिए बढ़े हुए बोनस की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। कोटक लाइफ में, हम अपने ग्राहकों को उनके वित्तीय लक्ष्यों, जरूरतों को पूरा करने और उनके निवेश के लिए वैल्यू बनाने में मदद करने के लिए समर्पित हैं। हमारे ब्रांड के वादे 'हम हैं...हमेशा' के अनुरूप, हमारा प्रयास हमेशा अपने ग्राहकों के लिए जारी रहेगा।

## भारत ने प्रमुख संस्थाओं से आईएमईईसी पर की बात

**दुबई।** भारत- पश्चिम एशिया- यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) के रूपरेखा समझौते पर भारत के एक अंतर-मंत्रालयी प्रतिनिधिमंडल ने पहली बार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का दौरा किया है।

महत्वपूर्ण परियोजना के संचालन के सहयोग पर प्रमुख संस्थाओं के साथ यहां चर्चा होगी। अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर के तीन महीने में हो रही इस यात्रा से पता चलता है कि दोनों सरकारें आईएमईईसी को कितना महत्व दे रही हैं। आर्थिक गलियारा दक्षता पैदा करने और लागत कम करने के लिए वैकल्पिक आपूर्ति मार्ग तैयार करेगा।

# दुनिया में महत्वपूर्ण खनिजों का अग्रणी उत्पादक बनने के मिशन पर भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत दुनिया में महत्वपूर्ण खनिजों का अग्रणी और सबसे टिकाऊ उत्पादक बनने के मिशन पर है। वेदांत समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने यह बात कही।

कोबाल्ट, तांबा, लिथियम और निकल जैसे महत्वपूर्ण खनिजों का इस्तेमाल पवन टरबाइन से लेकर इलेक्ट्रिक कारों तक स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में होता है। इलेक्ट्रिक कारों के लिए बैटरियों के उत्पादन में महत्वपूर्ण खनिजों की विशेष रूप से मांग है। हेब्बार ने हाल ही में मियामी में बैंक ऑफ अमेरिका सिक्योरिटीज ग्लोबल मेटल्स, खनन एवं इस्पात सम्मेलन 2024 में कहा कि खनन और धातु क्षेत्र शुद्ध-शून्य लक्ष्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एक बयान में शनिवार को हेब्बर के हवाले से कहा गया, ''हम भारत के प्राकृतिक संसाधनों के अग्रणी के रूप में अपनी भूमिका को बहुत गंभीरता से लेते हैं और हम इस आर्थिक वृद्धि का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में हैं।'' खनन और धातु क्षेत्र के पास भविष्य को तैयार करने की कुंजी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर शुद्ध-शून्य लक्ष्यों को हासिल करने के लिए खनिजों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी और इस मांग को पूरा करना आसान नहीं होगा।





● हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया ने मियामी के सम्मेलन में कही बात

## एपीएसईजेड को नॉर्वे सॉवरेन वेल्थ फंड ने निवेश सूची से किया बाहर

**नई दिल्ली।** नॉर्वे के केंद्रीय बैंक ने नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए सरकारी पेंशन फंड से अडाणी समूह की बंदरगाह कंपनी एपीएसईजेड को बाहर कर दिया है। एपीएसईजेड 15वीं भारतीय कंपनी है, जिस पर नॉर्वे के केंद्रीय बैंक ने इस तरह की कार्यवाही की है।

ओएनजीसी, गेल, एनटीपीसी और वेदांत जैसी कंपनियों को इस तरह की कार्यवाही का सामना करना पड़ा है। नॉर्वे का नॉर्जेस बैंक सॉवरेन वेल्थ फंड का प्रबंधन करता है। उसने 15 मई को कहा कि अस्वीकार्य जोखिम से अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन को बाहर करने का फैसला किया है, क्योंकि कंपनी युद्ध या संघर्ष की स्थितियों में व्यक्तियों के अधिकारों के गंभीर उल्लंघन में शामिल है। एपीएसईजेड मार्च 2022 से निवेश रोकने के लिए नार्वे के केंद्रीय बैंक की निगरानी सूची में था। कंपनी को म्यांमार में सशस्त्र बलों के साथ अपने व्यापारिक जुड़ाव के कारण कार्रवाई का सामना करना पड़ा।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के तोलनाई और टेटराई गांव के मध्य वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार रात सुरक्षाबलों को रवाना किया गया था। दल जब आज सुबह तोलनाई और टेटराई गांव के मध्य वन क्षेत्र में पहुंचा तब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

### गोपनीयता उल्लंघन में पूर्व पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

**जम्मू।** सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी को हाल में प्रकाशित अपनी पुस्तक में संवेदनशील जानकारी देने के आरोप में सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक मोहम्मद असलम शेख को शुक्रवार देर रात जम्मू शहर के गांधी नगर इलाके में उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। शेख 1986 में सहायक उप-निरीक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे और पिछले साल सेवानिवृत्त हुए थे।

### पंजाब में सड़क हादसे में चार विद्यार्थियों की मौत

**पटियाला (पंजाब)।** पंजाब में राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ (आरजीएनयूएल) पटियाला के चार विद्यार्थियों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी है। पंजाब पुलिस ने बताया कि हादसा शुक्रवार देर रात तब हुआ, जब उनकी तेज रफ्तार एसयूवी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। यह दुर्घटना जिले के भादसों रोड पर बख्शीवाला गांव के पास राजमार्ग पर हुई। मृतकों में तीन छात्र और एक छात्रा है, ये सभी विधि के विद्यार्थी थे। पुलिस ने शनिवार को बताया कि दुर्घटना में एक युवक भी घायल हो गया है।

### सिक्किम की नदी में टैक्सी गिरने से दो लोगों की मौत

**गंगटोक।** सिक्किम में शनिवार सुबह सिंगताम के पास पर्यटकों से भरी टैक्सी नदी में गिर गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पांच लोगों का यह परिवार कोलकाता का रहने वाला था और सिलीगुड़ी से गंगटोक जा रहा था, जब सांग खोला में वाहन रानी नदी में गिर गया। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में टैक्सी चालक और परिवार के एक सदस्य की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चालक की पहचान अभी नहीं हो पाई है, जबकि दूसरे मृतक की पहचान 72 वर्षीय रवींद्र नाथ पॉल के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि घायलों को पहले सिंगताम के नजदीकी जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें गंगटोक के सेंट्रल रेफरल हॉस्पिटल भेज दिया गया।

# भाजपा सरकार ने अनुच्छेद 370 की दीवार गिरा दी

## प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा- कांग्रेस का इतिहास सेनाओं और सैनिकों को धोखा देने का रहा है

**अंबाला, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि यह उनकी धाकड़ सरकार थी, जिसने अनुच्छेद 370 की दीवार को गिरा दिया और परिणामस्वरूप, कश्मीर अब विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास सेनाओं और सैनिकों को धोखा देने का रहा है। उन्होंने जीप घोटाले का जिक्र भी किया जो कि कांग्रेस शासन के दौरान पहला घोटाला था।

मोदी ने हरियाणा में अपनी पहली रैली में उपस्थित जनसमूह से सवाल किया, क्या एक कमजोर सरकार जम्मू-कश्मीर में हालात बदल सकती थी? सशस्त्र बलों में हरियाणा द्वारा बड़ी संख्या में सैनिकों के योगदान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तो हरियाणा में माताएं अपने बच्चों की सुरक्षा के बारे में सोचकर चिंतित थीं। मोदी ने वहां मौजूद लोगों से पूछा, क्या अब ऐसी चीजें बंद हो गई हैं या नहीं? प्रधानमंत्री ने कहा, मोदी की धाकड़ सरकार ने अनुच्छेद 370 की दीवार को गिरा दिया और कश्मीर अब विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले केंद्र ने अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर दिया, जिसने जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार प्रदान किए थे और तत्कालीन राज्य को केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था।

मोदी ने कहा कि चार जून में केवल 17 दिन बचे हैं, जब चुनाव के नतीजे घोषित होंगे। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को मतदान के पहले चार चरणों में कोई सीट नहीं मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा, जब देश में धाकड़ सरकार होती है, तो दुश्मन कुछ भी करने से पहले 100 बार सोचता है। जिस पाकिस्तान के हाथों में पहले बम थे, अब उसके हाथों में भीख का कटोरा है। हरियाणा की 10 सीट के लिए छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान होगा।

रैली में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोहर लाल खट्टर, अंबाला और कुरुक्षेत्र सीट से क्रमशः बंतो कटारिया और नवीन जिंदल शामिल थे। इससे पहले मोदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रतन लाल कटारिया को श्रद्धांजलि दी। शनिवार को कटारिया की पुण्य तिथि थी, जिन्होंने लोकसभा में अंबाला का प्रतिनिधित्व किया था। उनकी पत्नी बंतो कटारिया इस बार अंबाला सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं।



हरियाणी की सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी।

● हरियाणा की अपनी पहली रैली में प्रधानमंत्री ने विपक्ष को घेरा

### मोदी की रैली में शामिल होंगे 13 मिशनों के 25 राजनयिक

**नई दिल्ली।** भाजपा की विदेशी राजनयिकों के बीच अपनी पहचान बनाने तथा राजनीतिक संपर्क स्थापित करने के लिए शुरू की गई भाजपा को जानें मुहिम के तहत यहां स्थित 13 मिशनों के 25 राजनयिक प्रधानमंत्री मोदी की शनिवार को होने वाली रैली में भाग लेंगे। भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाले ने कहा कि भारत के लोकतंत्र के सबसे बड़े त्योहार जश्न के बीच भारत में तेरह राजनयिक मिशनों के 25 प्रतिनिधि 18 मई को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री की रैली में लोगों के उत्साह का अनुभव करेंगे। उपस्थित होने वाले लोगों में ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, भूटान, इंडोनेशिया, जापान, मॉरीशस, नेपाल, रूस, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड और ब्रिटेन के राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा शुरू की गई भाजपा को जानें मुहिम का हिस्सा है।

# कांग्रेस के अंदर औरंगजेब की आत्मा प्रवेश कर गई है : योगी

**मालेगांव (महाराष्ट्र), एजेंसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विरासत कर लगाने संबंधी कांग्रेस के कथित प्रस्ताव को लेकर उसकी आलोचना करते हुए शनिवार को कहा कि मुगल बादशाह औरंगजेब की आत्मा विपक्षी पार्टी के अंदर प्रवेश कर गई है। आदित्यनाथ ने कहा कि विरासत कर औरंगजेब के लगाए जजिया कर की तरह है।

महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव शहर की रैली में योगी ने कहा कि भाजपा महज सत्ता के लिए नहीं बल्कि विकसित भारत का निर्माण करने के लिए चुनाव लड़ रही है। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि नरेन्द्र मोदी फिर प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विरासत कर औरंगजेब के लगाए जजिया कर की तरह है। औरंगजेब की आत्मा कांग्रेस के अंदर प्रवेश कर गई है। जजिया औरंगजेब ने गैर-मुस्लिमों पर लगाया था। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारत के 140 करोड़ लोगों की भावनाओं का प्रतीक है। भगवान राम यह सुनिश्चित करेंगे कि विपक्षी अयोध्या में उनके मंदिर को नष्ट करने के लिए सत्ता में न आए। योगी ने कहा कि 2014 से पहले हिंदू त्योहार पर दंगे होते थे। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तान समर्थकों से कहता हूं कि वे उस देश में जाकर भीख मांगें। उस देश की प्रशंसा करने वालों के लिए भारत में कोई जगह नहीं है।



● विरासत कर संबंधी कांग्रेस के कथित प्रस्ताव की आलोचना की

# शिवकुमार पर 100 करोड़ की रिश्वत की पेशकश का आरोप

**बेंगलुरु, एजेंसी**

विभिन्न आरोपों में जेल में बंद भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने उन्हें जद(एस) के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी पर हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न का वीडियो पेन ड्राइव लीक करने का आरोप लगाने के लिए 100 करोड़ की पेशकश की थी।

भाजपा नेता ने शिवकुमार पर प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा धूमिल करने और कुमारस्वामी को बदनाम करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। देवराजे गौड़ा ने शुक्रवार देर रात अपनी जमानत पर सुनवाई के बाद हासन में कहा कि शिवकुमार मुझे 100 करोड़ रुपये का प्रस्ताव ही नहीं , बल्कि बेंगलुरु के बॉरिंग क्लब में कमरा 110 के लिए पांच करोड़ रुपये की अग्रिम राशि भी भेजी। उन्होंने रिश्वत की पेशकश को अस्वीकार कर दिया और इसके कारण मुझे पहले अत्याचार के मामले में फिर यौन उत्पीड़न के मामले में और अंत में दुष्कर्म के मामले में फंसाया। अपने दावों को साबित करने के लिए सबूत होने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, मेरे रिहा होते ही सरकार गिर जायेगी।

### यौन शोषण मामला



● जेल में बंद भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने लगाए आरोप

### शिवकुमार ने भाजपा नेता के दावों को किया खारिज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार और राज्य के अन्य मंत्रियों ने प्रज्ज्वल से जुड़े वीडियो के पेन ड्राइव वितरित करने में अपनी भूमिका के आरोपों को शनिवार को खारिज कर दिया। शिवकुमार ने कहा, जो व्यक्ति जेल में है, वह ऐसे आरोप कैसे लगा सकता है? ये सब बेबुनियाद है। मैं कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता।

### पोते पर कार्रवाई से कोई आपत्ति नहीं: देवेगौड़ा

**बेंगलुरु।** जनता दल (एस) के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा ने अपने पोते और सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों पर चुप्पी तोड़ते हुए शनिवार को कहा कि यदि वह दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। देवेगौड़ा ने कहा कि उनके बेटे और जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामले गढ़े गए हैं, लेकिन उन्होंने आगे टिप्पणी करने से परहेज किया क्योंकि मामला अदालत में विचाराधीन है।

# मनमोहन सिंह और आडवाणी ने घर से किया मतदान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व उपराष्ट्रपति मोहम्मद हामिद अंसारी, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने घर से ही मतदान किया। दिल्ली के निर्वाचन अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने बुजुर्ग मतदाताओं एवं दिव्यांगों के लिए घर से मतदान की सुविधा शुरू की जो 24 मई तक चलेगी। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के सभी सात संसदीय क्षेत्रों में 1409 मतदाताओं ने घरों से मतदान किया। पश्चिम दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में सबसे अधिक ऐसे मत पड़े, जिसमें 348 मतदाताओं ने भाग लिया। इनमें 299 बुजुर्ग थे। सीईओ कार्यालय ने कहा कि दूसरे दिन तक, 2,956 लोगों ने घर से मतदान किया है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र में घर से मतदान सुविधा का लाभ उठाते हुए 17 मई को अपने घर से मतदान किया।



# तारक मेहता का उल्टा चशमा के लापता अभिनेता गुरुचरण सिंह 24 दिन बाद घर लौटे

**नई दिल्ली।** टीवी धारावाहिक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाने वाले लापता अभिनेता गुरुचरण सिंह 24 दिन के बाद शुक्रवार को अपने घर लौट आए।

पुलिस के अनुसार सिंह आध्यात्मिक यात्रा पर गए थे और इस दौरान वह पंजाब के कई गुरुद्वारों एवं धार्मिक स्थलों में गए। वह शुक्रवार सुबह घर लौट आए। उनका बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज कराया गया है और वह ठीक हैं। गुरुचरण सिंह को 22 अप्रैल की शाम को यहां से मुंबई के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन वह अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचे। पालम इलाके में रहने वाले उनके पिता ने उनसे फोन पर संपर्क नहीं होने के बाद स्थानीय पुलिस को सूचित किया था। पुलिस ने इस मामले में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज की थी।



## अमृतसर से कांग्रेस उम्मीदवार की रैली में चली गोली, दो जख्मी

**अमृतसर।** पंजाब की अमृतसर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार गुरजीत सिंह औजला की अजनाला में आयोजित रैली में शनिवार को गोली चलने से दो युवक घायल हो गए।

औजला ने आप उम्मीदवार कुलदीप धालीवाल के रिश्तेदार पर गोली चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस की ओर से चुनाव से पहले हथियार क्यों नहीं जमा किये गये। शनिवार को वह अजनाला हलका में अपनी रैली करने जा रहे थे। रास्ते में कुछ लोग उनके पास पहुंचे और बताने लगे कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं, इसमें दो लोग जख्मी भी हो गये।

# संविधान के अनुसार होगा देश का संचालन : विपक्ष

**मुंबई, एजेंसी**

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दावे को लेकर शनिवार को उन पर निशाना साधा कि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आने पर अयोध्या के राम मंदिर पर बुलडोजर चला देगा। विपक्ष ने कहा कि वे सभी की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि देश का संचालन संविधान के अनुसार हो।

खरगे, कांग्रेस- शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) प्रमुख शरद पवार, शिवसेना- उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना- यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने 20 मई को राज्य में होने वाले लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के प्रचार अभियान के आखिरी दिन संवाददाता सम्मेलन को संयुक्त रूप से संबोधित किया। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री के इन आरोपों से जुड़े सवालों का जवाब दिया कि यदि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आ गया, तो वह राम मंदिर को ढहा देगा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणियों के लिए आरक्षण कम कर देगा और अनुच्छेद 370 को बहाल कर देगा। खरगे ने प्रधानमंत्री पर उन बातों पर लोगों को भड़काने का आरोप लगाया, जो कांग्रेस कभी नहीं करेगी। ठाकरे ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण पूरा करेगी, जबकि पवार ने कहा कि न केवल मंदिरों, बल्कि सभी धर्मों के पूजा स्थलों की रक्षा करना उनकी सरकार का कर्तव्य होगा।




मुंबई की प्रेस वार्ता में मौजूद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, एनसीपी (शरद) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ।

● विपक्ष के सत्ता में आने पर राम मंदिर गिराने संबंधी मोदी के बयान की इंडिया गठबंधन ने की निंदा

### मोदी ने दस साल का हिसाब नहीं दिया : तेजस्वी

**छपरा।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने दस साल के अपने कार्यकाल में विकास के लिए क्या काम किये, उनका हिसाब उनके पास नहीं है। सारण क्षेत्र में अपनी बड़ी बहन राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी डॉ. रोहिणी आचार्या के पक्ष में मतदाताओं को गोलबंद करने आए तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी तो दस साल का हिसाब नहीं देते, लेकिन मेरे पास उनके दस साल का पूरा हिसाब है।



## आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
पंजाब किंग्स
दोपहर 3:30 बजे

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप


| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 13 | 22 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 708 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

# माही की टीम को 219 का विराट लक्ष्य

## बारिश ने डाला खेल में खलल, विराट ने खेली 47 रनों की पारी, कप्तान डुप्लेसी ने लगाया अर्धशतक, शार्दुल को मिले दो विकेट



**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने कप्तान फाफ डुप्लेसी (54 रन) के अर्धशतक और विराट कोहली (47 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी से शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ पांच विकेट पर 218 रन बनाए।

प्लेआफ के लिए आखिरी स्थान बचा है जिससे लेकर चेन्नई और आरसीबी की यह जंग आज चिन्नास्वामी स्टेडियम में जीत की दहलीज तक किसे ले जाएगी अभी कह नहीं सकते। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई को 218 रनों का लक्ष्य दिया। आरसीबी के लिए घरेलू मैदान पर जहां कप्तान फाफ डुप्लेसी ने अपना अर्धशतक पूरा किया वहीं विराट ने भी शानदार 47 रनों की पारी खेली। विराट के आउट होने के बाद रनों को बढ़ाने की जिम्मेदारी रजत पाटीदार ने संभली और बेहतरीन 41 रनों की पारी खेली।

रजत पाटीदार के आउट होने के बाद कैमरन ग्रीन ने टीम को 200 की दहलीज तक पहुंचाया। एक छोर पर दिनेश कार्तिक भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए महज 6 गेंदों पर 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। खराब फॉर्म से जूझ रहे ग्लेन मैक्सवेल को काफी नीचे उतारा गया। मैक्सवेल ने आते ही अपने अंदाज में ताबड़तोड़ 5 गेंदों में 16 रन जड़ डाले। देशपांडे की गेंद पर धोनी के हाथों उनकी पारी का अंतक हुए। एक छोर पर अपनी पारी को तेजी से आगे बढ़ाते हुए ग्रीन ने महज 17 गेंदों पर 38 रनों की नाबाद पारी खेली। सीएसके के लिए शार्दुल ठाकुर ने दो जबकि मिचेल सैंटनर और तुषार देशपांडे ने एक एक विकेट झटके। अब देखना यह है कि प्लेआफ का टिकट किस टीम को मिलता है। चेन्नई को जीतने के लिए 219 रन बनाने होंगे।



विराट कोहली का विकेट लेने बाद खुशी व्यक्त करते मिचेल सैंटनर और डेरिल मिशेल। ● एजेंसी

**78** रनों की साझेदारी सलामी जोड़ी विराट कोहली और कप्तान फाफ डुप्लेसी ने की

### बेंगलुरु 219/5

20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली कैच डेरिल बो सैंटनर | 47 | 29 | 3/4 |
| फाफ डुप्लेसी रनआउट सैंटनर | 54 | 39 | 3/3 |
| रजत पाटीदार कैच डेरिल बो शार्दुल | 41 | 23 | 2/4 |
| कैमरून ग्रीन नाबाद | 38 | 17 | 3/3 |
| दिनेश कार्तिक कैच धोनी बो देशपांडे | 14 | 6 | 1/1 |
| ग्लेन मैक्सवेल कैच धोनी बो शार्दुल | 16 | 5 | 2/1 |
| महीपाल लोमरोर नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** देशपांडे 4-0-49-1, शार्दुल 4-0-61-2, तीक्षणा 4-0-25-0, सैंटनर 4-0-23-1, जडेजा 3-0-40-0, सिमरजीत 1-0-19-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान (क्वा) | 13 | 8 | 5 | 16 | 0 | +0.273 |
| हैदराबाद (क्वा) | 13 | 7 | 5 | 15 | 1 | +0.406 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| दिल्ली (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| लखनऊ (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.667 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 14 | 4 | 10 | 8 | 0 | -0.318 |

## प्राणवी, दीक्षा और त्वेसा ने जर्मन मास्टर्स में कट हासिल किए



**ब्रेंडेनबर्ग (जर्मनी)।** प्रणवी उर्स, दीक्षा डागर और त्वेसा मलिक अमुंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ में कट में जगह बनाने में सफल रहीं। प्रणवी और दीक्षा ने दूसरे दौर में एक-ओवर 73 का कार्ड खेला।

दो दौर के खेल के बाद दोनों खिलाड़ी तीन ओवर के एक समान स्कोर के साथ संयुक्त 30वें स्थान पर है। त्वेसा (77) पांच ओवर के स्कोर के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही। टूर्नामेंट में भाग ले रही चार अन्य भारतीयों में से स्नेहा सिंह (75) एक शॉट से, वाणी कपूर (77) तीन शॉट से और अमनदीप द्राल (78) पांच शॉट से कट में जगह बनाने से चूक गई। अवनि प्रशांत दूसरे राउंड के बीच में ही मुकाबले से हट गई। कट का स्कोर पांच ओवर का रहा जिसमें 66 खिलाड़ी जगह बनाने में सफल रहीं।

## निदा का रिकॉर्ड प्रदर्शन पर इंग्लैंड जीता, 2-0 की बढ़त

**नॉर्थम्प्टन, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में पाकिस्तान की हार के बावजूद के निदा डार टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं हैं। डार ने शुक्रवार को महिला टी-20 में अग्रणी विकेट लेने वालों की सूची में शीर्ष पर रही ऑस्ट्रेलिया की मेगन स्कट (136 विकेट) को पीछे छोड़ दिया। वह शीर्ष 10 की सूची में एकमात्र पाकिस्तानी महिला हैं।

दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी और नेट साइवर-ब्रंट के उपयोगी योगदान से इंग्लैंड ने छह विकेट पर 144 रन बनाए। पाकिस्तान के गेंदबाज काफी हद तक प्रभावशाली रहे, उन्होंने रनों की गति को रोका और नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए। मुनीबा और आलिया रियाज ने कुछ संघर्ष किया लेकिन यह इंग्लिश गेंदबाजों को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। मेहमान टीम केवल 79 रन पर आउट हो गई, जिससे इंग्लैंड को 65 रन से जीत मिली और तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त मिल गई।

## सिफत ने जीता ओलंपिक चयन ट्रायल

**भोपाल, एजेंसी**

सिफत कौर सामरा ने ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) तीन और चार में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा तीसरी बार जीत ली जबकि नीरज कुमार ने पुरूष वर्ग में दूसरी बार जीत दर्ज की। सिफत ने महिलाओं की थ्री पोजिशंस ट्रायल 4 में 461.3 स्कोर करके निच्छल को एक अंक से हराया।

वहीं आशी चौकसी तीसरे , श्रियांका साडंगी चौथे और अंजुम मोद्गिल पांचवें स्थान पर रही। पुरूष वर्ग में नीरज ने 462.9 स्कोर करके पहला स्थान हासिल की। चैन सिंह दूसरे, ऐश्वर्य तोमर तीसरे, स्वप्निल कुसाले चौथे और अखिल श्योराण पांचवें स्थान पर रहे। चार ट्रायल में तीन जीतकर सिफत इस वर्ग में शीर्ष रही जबकि अंजुम दूसरे स्थान पर रही। पुरूष वर्ग में ऐश्वर्य तोमर और कुसाले पहले दो स्थान पर रहे। पुरूष और महिला वर्ग



के 10 मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल ट्रायल 4 भी शनिवार को हुए। पुरूष वर्ग में कार्तिक राज शीर्ष रहे तो महिला वर्ग में रमिता जिंदल ने बाजी मारी। पिस्टल वर्ग में मनु भाकर शीर्ष रही जबकि पुरूष वर्ग में सरबजोत ने पहला स्थान हासिल किया। अब चार दौर के बाद मनु और रिदम सांगवान शीर्ष दो स्थानों पर है जबकि पुरूष वर्ग में सरबजोत और अर्जुन पहले व दूसरे स्थान पर हैं।

## खेल डायरी

### हार्दिक पर अगले सीजन के लिए एक मैच का निलंबन

**मुबंई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को धीमी ओवर गति के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया है। अब वह अगले सीजन का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उनकी टीम समय पर अपने ओवर खत्म नहीं कर पाई थी। एमआई के लिए यह मैच आईपीएल के मौजूदा सत्र का आखिरी मैच था। इसका मतलब यह हुआ कि हार्दिक अगले सीजन का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। यदि हार्दिक अगले सीजन के लिए किसी अन्य टीम में चले जाते हैं, तो वह उस विशेष टीम का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। इस आईपीएल सीजन में यह तीसरी बार था जब एमआई न्यूनतम ओवर रेट बनाए रखने में विफल रहा।

### आकाश-पोयमंती ने जीता डब्ल्यूटीटी खिताब

**नेवसेहिर (तुर्किये)।** भारत के टीटी खिलाड़ी आकाश पाल और पोयमंती बैस्या ने तुर्किये के नेवसेहिर में डब्ल्यूटीटी फीडर कप्पाडोसिया 2024 में मिश्रित युगल का खिताब जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में हमवतन अनिर्बान घोष और स्वास्तिका घोष को रोमांचक मुकाबले में 3-2 के स्कोर से हराया। इससे पहले सेमीफाइनल में पाल और बैस्या ने यूक्रेन के एंड्री ग्रेबेनियुक और दिमित्रिको को 3-0 से हराया था। गौरतलब है कि पाल और बैस्या का यह दूसरा डब्ल्यूटीटी खिताब था। भारतीय टेबल टेनिस जोड़ी ने मार्च में बेरूत में मिश्रित युगल का खिताब जीतकर हमवतन साथियान गणानाशेखरन और मनिका बत्रा को चौंका दिया था।

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन के फाइनल में

**बैंकॉक।** विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल ने शनिवार को यहां चीनी ताइपे के लू मिंग-चे और तांग काई-वेई की जोड़ी पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग को सुपर 500 स्तर के इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल को जीतने में महज 35 मिनट का समय लगा। उन्होंने 21-11 21-12 से आसान जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी के सामने खिताबी मुकाबले में चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी की चुनौती होगी।

### इटैलियन ओपन फाइनल में ज्वेरेव का सामना जेरी से

**रोम।** पांचवीं रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने चिली के अलेजांद्रो ताबिलो को 1-6, 7-6, 6-2 से हराकर इटैलियन ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल में उनका सामना चिली के ही निकोलस जेरी से होगा जिन्होंने टॉमी पॉल को 6-3, 6-7, 6-3 से हराया। रोम में ज्वेरेव का यह तीसरा फाइनल है। उन्होंने 2017 में नोवाक जोकोविच को हराकर पहला मास्टर्स सीरिज खिताब जीता था। इसके एक साल बाद वह राफेल नडाल से हार गए। महिला फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक का सामना दूसरी रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका से होगा।

## इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम ने संतुलन बिगाड़ा : कोहली

● इस नियम ने हरफनमौलाओं पर डाला है विपरीत असर

**बेंगलुरू, एजेंसी**

कप्तान रोहित शर्मा से सहमति जताते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम की आलोचना करते हुए कहा कि इससे खेल का संतुलन बिगड़ रहा है। आईपीएल के पिछले सत्र से पारी के बीच में स्थानापन्न खिलाड़ी को उतारने का नियम शुरू हुआ है जिस पर रोहित ने भी नाराजगी जताई थी।

अब कोहली ने कहा मैं रोहित का समर्थन करता हूं। मनोरंजन खेल का एक पहलू है लेकिन संतुलन भी होना चाहिए। इससे खेल का संतुलन बिगड़ा है और कई लोगों को ऐसा लगता है, सिर्फ मुझे नहीं। रोहित ने पॉडकास्ट में कहा मैं इस नियम का मुरीद नहीं हूं। इससे हरफनमौलाओं पर विपरीत असर पड़ेगा। क्रिकेट 11 खिलाड़ियों का खेल है, 12 का नहीं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि यह नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया है ताकि दो खिलाड़ियों को एक मैच में मौका मिल सके। कोहली ने कहा मुझे यकीन है कि जय भाई ने कहा है कि वह इसकी समीक्षा करेंगे और ऐसा निष्कर्ष निकलेगा कि खेल में संतुलन पैदा हो सके।

## ओलंपिक कोटा हासिल करने उतरेगा भारत

**नई दिल्ली।** परवीन हुडा के निलंबन के बाद भारत महिला मुक्केबाजी में 57 किग्रा में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की कोशिश करेगा। हुडा को आईटीए द्वारा ठिकाने की विफलता के लिए निलंबित कर दिया गया था। अब 57 किग्रा वजन वर्ग मेंजैस्मीन लाम्बोरिया थाईलैंड में 24 मई से शुरू होने वाले दूसरे ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में हिस्सा लेंगी। बीएफआई ने शनिवार को कहा कि उन्होंने हुडा द्वारा जीते गए कोटा स्थान को अस्वीकार कर दिया है, विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति मिल जाएगी। पंजीकृत मुक्केबाज ही भाग लेने के पात्र हैं, जिससे भारत 60 किग्रा और 66 किग्रा वर्ग में दावेदारों तक ही सीमित रह गया है।



## टी-20 विश्व कप : अधिकांश भारतीय खिलाड़ी 25 मई को होंगे न्यूयॉर्क रवाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के अधिकांश क्रिकेटर और सहयोगी स्टाफ टी-20 विश्व कप के लिए 25 मई को न्यूयॉर्क रवाना होगा जबकि बाकी 26 मई को आईपीएल फाइनल के बाद जाएंगे। इससे पहले आईपीएल प्लेआफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी टीमों के सदस्यों को 21 मई को रवाना होना था लेकिन बाद में योजना में बदलाव हुआ। अब वे 25 मई को रवाना होंगे।

बीसीसीआई सूत्र के अनुसार रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और सहयोगी स्टाफ 25 मई को रवाना होगा। पहले जत्थे को 21 मई को जाना था लेकिन भारतीय टीम एकमात्र अभ्यास मैच खेल रही है तो खिलाड़ियों को घर पर कुछ अतिरिक्त समय मिल जाएगा। आईपीएल फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी 27 मई को रवाना होंगे। भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से और नौ जून को पाकिस्तान से खेलना है। टीम में रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी, विराट, सूर्यकुमार, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, जडेजा, अक्षर, कुलदीप, चहल, अर्शदीप सिंह, बुमराह, मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया है।



## बॉलीवुड हलचल



### रोमांटिक फिल्म में नजर आएगी सिद्धार्थ और कृति की जोड़ी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेती कृति सैनन की जोड़ी रोमांटिक फिल्म में नजर आ सकती है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कृति सैनन को हाल ही में मैडॉक के ऑफिस में देखा गया है। तभी से लेकर दोनों की साथ फिल्म करने को लेकर चर्चा है। कहा जा रहा है कि मुराद खेतानी जिस देसी मास एक्शन एंटरटेनर फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं, उसमें सिद्धार्थ नजर आने वाले हैं। चर्चा है कि इस फिल्म में सिद्धार्थ के साथ कृति सैनन नजर आ सकती है।



### हाउसफुल 5 में होगी अर्जुन रामपाल की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल की एंट्री हाउसफुल 5 में हो सकती है। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म हाउसफुल 5 की चर्चा काफी समय से हो रही थी। हाउसफुल 5 को लेकर एक अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन के बाद अब अर्जुन रामपाल की भी एंट्री हो सकती है। हाउसफुल के पहले पार्ट में अर्जुन रामपाल नजर आए थे। 'हाउसफुल 5' में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन जैसे सितारे नजर आने वाले हैं।अर्जुन रामपाल भी अहम भूमिका में दिखेंगे। इस बार उनका किरदार गंभीर होने के साथ-साथ मजेदार भी होने वाला है। यह फिल्म इसी साल अगस्त से फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है। बताया जा रहा है कि फिल्म हाउसफुल 5 अगले साल 06 जून को सिनेमा घरों में रिलीज होगी।




अंकतालिका में नंबर दो पर आने के लिए मुकाबले होंगे अहम, केकेआर-राजस्थान शीर्ष पर काबिज

# दूसरे स्थान पर आना चाहेंगे सनराइजर्स

**हैदराबाद, एजेंसी**

पिछले तीन साल में पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज सनराइजर्स हैदराबाद की टीम रविवार को यहां जब लीग चरण के अपने अंतिम मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने पर होगी।

आईपीएल के पिछले तीन सत्र में अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर रही सनराइजर्स की टीम ने इस साल अति-आक्रामक बल्लेबाजी दृष्टिकोण और बेहतरीन गेंदबाजी के साथ खुद को खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में स्थापित किया है। सनराइजर्स अभी 13 मैचों में 15 अंक के साथ तालिका में तीसरे पायदान पर है। पंजाब किंग्स को हराने के बाद टीम 17 अंक तक पहुंच सकती है। रविवार को खेले जाने वाले एक अन्य मैच में अगर संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम कोलकाता (केकेआर) नाइट राइडर्स को हराने में सफल रही तो उसके 18 अंक हो जाएंगे और टीम दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। केकेआर का शीर्ष दो स्थान में रहना पक्का है।



सनराइजर्स के हौसले हालांकि इस बात से बुलंद होगे की गुजरात के खिलाफ बारिश के कारण मैच धुलने से पहले उसमे लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी थी। वहीं, अंतिम चार में जगह बनाने में नाकाम रहने के बाद पंजाब किंग्स के लिए यह मौका खुद को साबित करने का होगा।

## केकेआर को हराकर दूसरा स्थान पक्का करना चाहेंगे रॉयल्स

**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स चार मैचों के हार के सिलसिले को तोड़कर रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मैच में चोटी की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगी। सोलह अंक लेकर प्लेआफ में जगह बना चुके रॉयल्स लगातार चार मैच हार चुके हैं। पिछले दो मैचों में टीम 150 के पार भी नहीं पहुंच सकी और अब इंग्लैंड के स्टार सलामी बल्लेबाज के स्वदेश लौटने के बाद उसकी राह और कठिन हो गई है। ऐसे में यशस्वी जायसवाल, कप्तान संजू सैमसन और स्थानीय हीरो रियान पराग को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। प्लेआफ में शीर्ष दो में रहकर जाने से उनके पास फाइनल में पहुंचने के दो मौके रहेंगे। केकेआर के 19 अंक है और उसका शीर्ष पर रहना तय है। केकेआर के हौसले बुलंद है लेकिन उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 मई को ईडन गार्डंस पर हुए मुकाबले के बाद से केकेआर ने बारिश की भेंट हुए इस मैच के अलावा कोई मुकाबला नहीं खेला है। अहमदाबाद जाकर एक दिन के अभ्यास के लिए कोलकाता लौटना और फिर आखिरी लीग मैच के लिए गुवाहाटी जाना थकाऊ रहा होगा और उनकी लय पर असर पड़ सकता है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# आम पकाने के लिए कार्बाइड का इस्तेमाल किया तो खैर नहीं, एफएसएसएआई सख्त

नई दिल्ली, एजेंसी



आम का मौसम शुरू होने के साथ ही बाजार में आमों की आवक शुरू हो चुकी है। इस बीच भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने फलों को पकाने में शामिल व्यापारियों, फल संचालकों और खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) को कड़ी चेतावनी जारी की है।

यह सलाह खास तौर पर उन लोगों के लिए है जो आम के मौसम के दौरान कृत्रिम रूप से फलों को पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग करते हैं। फलों को पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड के यूज पर बैन है। लेकिन इसके बावजूद इसका धड़ल्ले से इस्तेमाल होता है। एफएसएसएआई ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा विभागों से सतर्क रहने और इन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। प्राधिकरण ने इस बात पर जोर दिया कि कैल्शियम कार्बाइड एक खतरनाक रसायन है और इसका उपयोग स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा जोखिम पैदा करता है।

### आर्सेनिक और फास्फोरस के हानिकारक अंश

कैल्शियम कार्बाइड, आमतौर पर आम जैसे फलों को पकाने के लिए प्रयोग किया जाता है। यह एसिटिलीन गैस छोड़ता है जिसमें आर्सेनिक और फास्फोरस के हानिकारक अंश होते हैं। सामान्य बोलचाल की भाषा में इन पदार्थों को मसाला के नाम से भी जाना जाता है। ये चक्कर आना, बार-बार प्यास लगना, जलन, कमजोरी, निगलने में कठिनाई, उल्टी और त्वचा के अल्सर आदि जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं।

## सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति पर धोखाधड़ी करने का आरोप

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर अपनी गलत पहचान बताकर राष्ट्रपति कार्यालय, राष्ट्रीय विकास मंत्रालय और संसद को ई-मेल भेजकर धोखाधड़ी करने के आरोप लगाए गए हैं।

अदालत में 17 मई को पेश हुए 24 वर्षीय प्रकाश परमाशिवम ने खुद को सिंगापुर जेल सेवा स्टाफ का सदस्य बताते हुए राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम, राष्ट्रीय विकास मंत्री डेसमंड ली और संसद को ईमेल भेजे। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के अनुसार प्रकाश पर आरोप है कि उसने 16 फरवरी को संसद को और उसके दो दिन बाद ली को ई-मेल किया। 24 फरवरी को राष्ट्रपति थर्मन को एक और ईमेल भेजा। अदालती दस्तावेजों में इस बात की जानकारी नहीं है कि ई-मेल में क्या लिखा था और प्रकाश ने इन्हें क्यों भेजा।

# मोबाइल पर किया गैरजरूरी कॉल? मोस्ट वांटेड की लिस्ट में होंगे शामिल, सरकार लाएगी नियम

मोबाइल फर्जीवाड़े में भारत काफी आगे है। हर एक व्यक्ति फर्जी कॉल और मैसेज से परेशान है। सरकार ने भी इस तरह की कॉल और मैसेज को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। साथ ही ऐसी कॉल और मैसेज करने वालों को क्रिमिनल एक्टिविटी में शामिल करने का नियम बनाने की कोशिश हो रही है। डिपॉर्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर की ओर से आने वाले कुछ माह में एक गाइडलाइन पेश किया जा सकता है। इसमें टेलीमार्केटिंग जैसे बैंक, रियल एस्टेट पर प्रमोशनल या लेनदेन से जुड़े मैसेज भेजने को लेकर जवाबदेही तय करने का नियम होगा। साथ ही ऐसी प्रैक्टिस फॉलो करने पर क्रिमिनल एक्टिविटी के तहत केस करने का प्रावधान होगा।

### गलत प्रैक्टिस पर होंगे दोषी करार

कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट 2019 के सेक्शन 2(28) और 2(47) के मुताबिक गैरजरूरी कॉल और मैसेज गलत ट्रेड प्रैक्टिस के दायरे में आता है। अगर सही चैनल से प्रमोशनल या फिर गैरजरूरी कॉल और मैसेज नहीं किया जाता है, तो उन्हें कंज्यूमर एक्ट के तहत दोषी करार दिए जाने का प्रावधान है। इसमे प्रमोशन और गैरजरूरी कॉल और मैसेज को रेगुलर नंबर सीरीज से नहीं किया जा सकता है।




### मोबाइल कॉल फर्जीवाड़े में भारत सबसे आगे

भारत एसएमएस फिशिंग के मामले में एक बड़ा मार्केट हैं। हर माह भारतीयों को 120 से 150 मिलियन फिशिंग मैसेज भेजे जाते हैं। करीब 300,000 लोग स्कैमिंग का शिकार होते हैं। लेकिन केवल 35,000 से लेकर 45,000 मामले रिपोर्ट किए जाते हैं।

### सरकार की बैठकें जारी

इस मामले को लेकर डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर, डिपार्टमेंट ऑफ टेलिकम्यूनिकेसन यानी डॉट और टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी ट्राइ ने भारती एयरटेल, रिलायंस जियो, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल के साथ बैठक की है।

## एक नजर

### गोलीबारी में स्पेन के तीन नागरिकों समेत चार की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के बामियान प्रांत में शुक्रवार को हुई भीषण गोलीबारी में स्पेन के तीन नागरिकों समेत चार लोग मारे गए जिनमें से दो महिलाएं हैं। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता मुहम्मद खवानी रासा ने बताया कि कुछ लोगों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी में तीन विदेशी नागरिकों और एक अफगानी नागरिक की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। इस हमले में स्पेन, नॉर्वे, ऑस्ट्रेलिया और लिथुआनिया के चार नागरिक और अफगानिस्तान के तीन लोग घायल हो गए।

### पाकिस्तान में हादसा, एक ही परिवार के 13 लोगों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार को एक मिनी ट्रक के सड़क से फिसलकर गड्ढे में गिर जाने से उसमें सवार पांच बच्चों सहित एक ही परिवार के 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। बचाव अभियान में जुटे अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेस्क्यू-1122 के मुताबिक यह मिनी ट्रक खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले से पंजाब के खुशाब जिले की ओर आ रहा था, तभी यह हादसा हुआ। लाहौर से करीब 250 किलोमीटर दूर खुशाब के पंच पीर इलाके में एक मोड़ पर मिनी ट्रक सड़क से फिसलकर गड्ढे में गिर गया था।

### गाजा में इजरायली हमला 15 लोगों की मौत

**गाजा।** उत्तरी गाजा पट्टी में इजरायली हमले में 15 लोगों की मौत हो गयी और 30 अन्य घायल हो गये। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक इजरायली लड़ाकू विमानों ने गाजा में फिलिस्तीनी शरणार्थियों के जबालिया शिविर में विस्थापित लोगों के आवासीय घरों और एक आश्रय केंद्र को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं। बचावकर्मी घायलों को उपचार मुहैया कराने की व्यवस्था में जुटे हैं।

### जेनिन पर हमले के दौरान आतंकवादी ढेर

**येरूसलम।** वेस्ट बैंक शहर जेनिन में इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) और इजरायल सुरक्षा एजेंसी (आईएसए) के हवाई हमले में एक आतंकवादी मारा गया है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि जेनिन में इजरायली हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गये। आईडीएफ ने शनिवार को टेलीग्राम पर कहा कि परिसर के अंदर कई आतंकवादी थे। हमले में एक आतंकवादी इस्लाम खमायसे मारा गया।

# ताइवान की संसद में चले लात-घूंसे

## संसद में सुधारों के प्रस्ताव को लेकर चल रही बहस के दौरान माहौल गरमाया

ताइपे, एजेंसी



संसद के भीतर टेबल पर चढ़ता एक सांसद।



संसद में आपस में खींचतान करतीं महिलाएं।

ताइवान की संसद में शुक्रवार को बहस के दौरान सांसदों में जमकर लात-घूंसे चले। इस दौरान वहां बड़े पैमाने पर अराजकता देखी गई। यह वाकया नए राष्ट्रपति लाई चिंग ते की शपथ से दो दिन पहले घटा। संसद के भीतर कुछ सांसद स्पीकर की सीट पर भी चढ़ गए। वे एक-दूसरे को खींचकर मारपीट करते नजर आए। इस बीच सांसद सदन से एक बिल से जुड़े दस्तावेज लेकर भाग गया।

दरअसल, ताइवान की संसद में एक प्रस्ताव लाया गया है। इसके तहत सरकार के कामकाज पर नजर रखने के लिए विपक्षी सांसदों को ज्यादा पावर देने की बात कही गई है। इसके अलावा संसद में झूठा बयान देने पर सरकारी अधिकारियों पर क्रिमिनल केस दर्ज किया जाएगा।

अलजजीरा के मुताबिक, इसी बिल पर वोटिंग से ठीक पहले नए राष्ट्रपति चिंग ते की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) और चीन समर्थक विपक्ष की कुमेन्तांग पार्टी (केएमटी) के लोगों के बीच झड़प हो गई। जब सांसद सदन में पहुंचे तो वे एक-दूसरे पर लड़ाई करने का आरोप लगाने लगे।

- सरकार के कामकाज पर नजर रखने के लिए विपक्षी सांसदों को ज्यादा पावर देने की बात पर हंगामा

**20 मई को राष्ट्रपति लाई चिंग ते लेंगे शपथ, उनकी पार्टी के पास बहुमत नहीं :** दरअसल, 20 मई को ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग ते राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले हैं। हालांकि, उनकी पार्टी डीपीपी के पास संसद में बहुमत नहीं है। ताइवान की मुख्य विपक्षी पार्टी केएमटी के पास डीपीपी से ज्यादा सीटें हैं।

फिर भी बहुमत में आने के लिए उसे ताइवान पीपुल्स पार्टी (टीपीपी) के साथ गठबंधन करना पड़ेगा। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, बहुमत में होने की वजह से विपक्षी पार्टी संसद में अपने सदस्यों को सरकार के ऊपर नजर बनाए रखने के लिए और ज्यादा पावर दिलवाना चाहती है। वहीं चिंग ते की पार्टी डीपीपी का आरोप है कि विपक्ष संसद में जबरदस्ती बिल पास करवाने की कोशिश कर रहा है, जो संविधान का उल्लंघन है।

### चीन विरोधी नेता लाई चिंग ते ने जीता था चुनाव

ताइवान में इसी साल जनवरी में राष्ट्रपति पद के चुनाव हुए थे। इसमें रूलिंग पार्टी के नेता विलियम लाई चिंग-ते ने जीत दर्ज की थी। यह वही नेता हैं, जिन्हें मतदान से पहले चीन ने खतरनाक अलगाववादी कहा था। चुनाव से पहले चीन ने मतदाताओं को चेतावनी दी थी कि यदि वे सैन्य संघर्ष से बचना चाहते हैं, तो सही विकल्प चुनें। चिंग ते के खिलाफ ताइवान की कुमेन्तांग पार्टी (केएमटी) ने होउ यू इह पर अपना दाव खेला था। केएमटी वही पार्टी है जिसकी सरकार चीन के कम्युनिस्टों से गृह युद्ध में हारकर ताइवान द्वीप पर आ बसी थी। पार्टी ने कहा था कि अगर वह चुनाव जीती तो चीन से दोबारा बातचीत शुरू करेगी।

### सत्ताधारी पार्टी की मांग- पहले बिल पर चर्चा हो

डीपीपी के सांसदों की मांग है कि पहले बिल पर प्रक्रिया के तहत चर्चा करवाई जानी चाहिए। वहीं विपक्ष का आरोप है कि डीपीपी इस बिल को पास नहीं होने देना चाहती, जिससे वह अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर सके। ताइवान की संसद में पहले भी इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं। साल 2020 में भी केएमटी के सांसदों ने अमेरिका से पोर्क (सुअर का मांस) इम्पोर्ट करने का विरोध करते हुए संसद में पिग गट्स (सुअर की आंत) फेंकी थी।

## अमेरिका में 4 भारतीयों समेत छह ने रची डकैती की साजिश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी इमीग्रेशन वीजा पाने के लिए चार भारतीयों सहित 6 लोगों ने मिलकर नकली डकैती की साजिश रची। दरअसल, अपराध पीड़ितों के लिए अमेरिका में एक रिजर्व इमीग्रेशन वीजा का ऑप्शन शामिल है, जिसका फायदा लेने के लिए चार भारतीयों ने 2 विदेशी नागरिकों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची।

इस मामले में शिकागो की सेंट्रल अदालत ने भीखाभाई पटेल, नीलेश पटेल, रवीनाबेन पटेल और रजनी कुमार पटेल और दो अन्य पार्थ नायी और केवोंग यंग के साथ मिलकर नकली डकैती की साजिश रचने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों पर खुद को पीड़ित बताकर यू-वीजा के लिए आवेदन करने का दोषी पाया गया है। यू-वीजा उन विशेष अपराधों के पीड़ितों के लिए निर्धारित किया गया है, जिन्होंने मानसिक या शारीरिक अपराध झेला है और जो जांच या अभियोजन में कानून प्रवर्तन या सरकारी अधिकारियों के लिए सहायक होते हैं।

चारों व्यक्तियों ने घोटाले में भाग लेने के लिए नायी को हजारों डॉलर का भुगतान किया। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि नकली डकैती के दौरान कुछ लोग हथियार लेकर पीड़ितों के पास गए और उनसे लूटपाट की और पैसे और संपत्ति की मांग की।

# भारतीय लोकतंत्र का मुरीद हुआ अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- व्हाइट हाउस ने कहा- दुनिया में इंडिया जैसी डेमोक्रेसी बहुत कम



व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा कि विश्व में ऐसे देश अधिक नहीं हैं जहां भारत जैसा जीवंत लोकतंत्र हो। हम मताधिकार का इस्तेमाल करने और सरकार चुनने के लिए भारत के लोगों की प्रशंसा करते हैं। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पिछले तीन वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हुए हैं।

किर्बी से भारत में जारी आम चुनावों को लेकर सवाल किया गया था जिनके तहत 96 करोड़ 90 लाख से अधिक लोग 2,660 पंजीकृत राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले हजारों उम्मीदवारों में से 545 सांसदों का चुनाव करने के लिए 10 लाख मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के विशेष रूप से पिछले तीन वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा भारत के साथ हमारे संबंध बेहद करीबी हैं जो लगातार और घनिष्ठ हो रहे हैं। यह बहुत जीवंत, बहुत सक्रिय भागीदारी है और हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के बहुत आभारी हैं।

### बाइडन के बयान पर भी किर्बी ने दिया जवाब

किर्बी से पूछा गया कि क्या राष्ट्रपति जो बाइडन का मानना है कि भारत और जापान विदेशी नागरिकों से द्वेष करने वाले देश हैं, तो उन्होंने न में जवाब दिया और कहा कि राष्ट्रपति ने जब इस संबंध में बयान दिया था तब वह एक व्यापक बिंदु पर बात रहे थे। उन्होंने कहा मेरा मतलब है कि राष्ट्रपति यहां अमेरिका में हमारे अपने लोकतंत्र की जीवंतता इसकी समावेशिता और भागीदारी को लेकर एक व्यापक बात रख रहे थे। बाइडन ने हाल में एक कार्यक्रम में कहा था आप जानते हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था के मजबूत होने का एक कारण आप और कई अन्य लोग हैं। क्यों? क्योंकि हम प्रवासियों का स्वागत करते हैं। इसके बारे में सोचिए। चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह ठहर सा क्यों रहा है।

## उत्तर कोरिया ने किया सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को अपने पूर्वी जल क्षेत्र में एक नई स्वायत्त नेविगेशन प्रणाली का उपयोग करके सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। आधिकारिक कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

केसीएनए रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वायत्त नेविगेशन प्रणाली की सटीकता और विश्वसनीयता को परीक्षण के माध्यम से सत्यापित किया गया था। वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के महासचिव और उत्तर कोरिया के राज्य मामलों के अध्यक्ष किम जोंग उन ने परीक्षण का निरीक्षण किया और स्वतंत्र विकास और स्वायत्तता नेविगेशन प्रणाली के सफल परिचय के परिणामस्वरूप सैन्य रणनीतिक मूल्य पर संतुष्टि व्यक्त की।

# बिश्केक में भारतीय छात्रों पर नजर बनाए हुए है : जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

- छात्रावास में स्थानीय निवासियों और विदेशियों के बीच हुई झड़प के बाद बड़े पैमाने पर हुआ था प्रदर्शन



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि सरकार किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में एक छात्रावास में स्थानीय निवासियों और विदेशियों के बीच झड़प के बाद बड़े पैमाने पर हुए प्रदर्शन के परिप्रेक्ष्य में वहां भारतीय छात्रों पर नजर रखे हुए है।

डॉ. जयशंकर ने कहा कि फिलहाल वहां स्थिति शांत है और उन्होंने भारतीय छात्रों को भारतीय दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहने को कहा है। किर्गिज गणराज्य में भारतीय दूतावास ने पोस्ट किया हम अपने छात्रों के संपर्क में हैं। स्थिति फिलहाल शांत है लेकिन छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे फिलहाल घर के अंदर ही रहें और कोई भी समस्या होने पर दूतावास से संपर्क करें। हमारा 24×7 संपर्क नंबर 0555710041 है। रिपोर्टों के अनुसार स्थानीय और विदेशी लोगों के बीच कथित झड़प के बाद बिश्केक के कुछ हिस्सों में रात भर हुये प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस तैनात की गई है। उल्लेखनीय है कि 13 मई को राजधानी के एक छात्रावास में स्थानीय निवासियों और विदेशियों के बीच हुई झड़प हुई थी।

## अफगानिस्तान में भारी बारिश से आई बाढ़, 68 की मौत

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान में पिछले महीने से हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा रखी है। पश्चिमी अफगानिस्तान के गोर प्रांत में पिछले 24 घंटे के दौरान हुई बारिश के कारण कई जगह पर बाढ़ आ गई, जिससे कम से कम 68 लोगों की मौत हुई है।

तालिबान के अधिकारी ने कहा कि मृतकों की संख्या प्रारंभिक सूचनाओं पर आधारित है और यह बढ़ सकती है। गोर प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद हमास ने कहा कि दर्जनों लोग लापता हैं। बाढ़ के बाद राजधानी फिरोज कोह समेत विभिन्न क्षेत्रों में हजारों मकानों व संपत्तियों के क्षतिग्रस्त होने और सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि के नष्ट होने से प्रांत को काफी वित्तीय नुकसान हुआ है।

# अमेरिका की वजह से हो सकता है तीसरा विश्व युद्ध

वाशिंगटन, एजेंसी

- पूर्व राष्ट्रपति ने कहा- मूर्ख लोग चला रहे देश की सरकार



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आशंका जताई है कि राष्ट्रपति चुनाव से पहले देश के अक्षम नेतृत्व के कारण तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है। ट्रम्प ने मिनेसोटा राज्य में शुक्रवार को कहा जिस तरह के मूर्ख लोग इस देश को चला रहे हैं, उससे बहुत से लोग नहीं बचेंगे क्योंकि आज हथियारों की शक्ति बहुत भयंकर है।

हम अगले पांच महीनों में तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकते हैं क्योंकि हमारा नेतृत्व अक्षम है। जिस तरह से देश को चलाने वाले लोग है, उससे जाहिर होता है कि देश बहुत जल्दी तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकता है। ट्रम्प ने कहा कि अगर वह देश के राष्ट्रपति होते तो न तो रूस-यूक्रेन संघर्ष और मध्य-पूर्व युद्ध नहीं होता और न ही महंगाई बढ़ती।

वर्ष 2024 का अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव 60वां चुनाव होगा। यह चुनाव 5 नवंबर को होगा। मतदाता चार साल की अवधि के लिए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव करेंगे।डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य, मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन फिर से चुनाव लड़ रहे हैं और रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से ट्रंप लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लडेंगे।

### बहस करने से पहले बिडेन से ड्रग टेस्ट की करेंगे मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह अपने प्रतिद्वंद्वी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ बहस करने से पहले ड्रग परीक्षण की मांग करेंगे। दोनों प्रतिद्वंद्वी जून और सितंबर में टेलीविजन पर दो दौर के बहस के लिए सहमत हुए हैं। ट्रंप ने कहा मैं ड्रग टेस्ट की मांग करुंगा क्योंकि मैं नहीं चाहता कि बिडेन स्टेट ऑफ द यूनियन की तरह आएं। बिडेन ने शुक्रवार को कहा कि वह पूर्व राष्ट्रपति के साथ आम चुनाव की बहस में भाग लेंगे और ऐसा करने पर उन्हें खुशी होगी। राष्ट्रपति की यह सहमति महत्वपूर्ण बदलाव है। इसके पहले उन्होंने अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी के साथ मंच पर उपस्थित होने के लिए प्रतिबद्ध होने से इनकार कर दिया था।

## आनंद के पल



तमिलनाडु के नागापट्टिनम जिले के वेलानकन्नी में बंगाल की खाड़ी के किनारे इन दिनों पर्यटक लगातार पहुंच रहे हैं। एक परिवार शनिवार को समुद्र तट पर ऊंट की सवारी करता हुआ। • एजेंसी

## पाकिस्तान बच्चों के बौनेपन से निपटने के लिए शुरू करेगा पहल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संबंधित अधिकारियों को बच्चों के बौनेपन की चुनौती पर काबू पाने के लिए प्रांतीय सरकारों के साथ समन्वय स्थापित कर एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम शुरू करने का निर्देश दिया है।

शरीफ ने शुक्रवार को यहां एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बच्चों की सर्वोत्तम वृद्धि और विकास पाकिस्तान के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है और बौनेपन को रोकने के लिए एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान चलाने के सख्त जरूरत है। बैठक में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी के साथ-साथ दूषित पानी के उपयोग के कारण देश में बड़ी संख्या में बच्चों के विकास अवरुद्ध होने से खतरा पैदा हो गया है।

महोत्सव | नये भारतीय सिनेमा के इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सुर्खियों में

# कान फिल्म महोत्सव में फिल्म मंथन ने सुर्खियां बटोरी

कान, एजेंसी

फ्रांस में चल रहे 77वें कान फिल्म महोत्सव में नये भारतीय सिनेमा के इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सुर्खियों में रहा। गुजरात के एक गांव में भारत की पहली डेरी सहकारी संस्था के निर्माण से जुड़ी श्याम बेनेगल की 1976 की फिल्म मंथन का 4के वीडियो रेज्योलूशन संस्करण सैले बुनुएल में प्रदर्शित किया गया।

फिल्म के कलाकारों में शामिल नसीरुद्दीन शाह ने फिल्म के प्रदर्शन से पहले अपने विचार प्रकट किये। दिग्गज अभिनेता ने कहा सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण मंथन का यह शो डॉ. वर्गीज कुरियन को समर्पित है। उन्होंने कहा यह स्मिता पाटिल, गिरीश कर्नाड, अमरीश पुरी और संगीतकार वनराज भाटिया को याद करने का भी अवसर है। शाह ने कहा, बड़े पर्दे पर बतौर अभिनेता यह मेरी दूसरी फिल्म थी।

मैं इस बात को लेकर घबराया हुआ था कि यह बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करेगी। किसी ने भी इस फिल्म को लेकर कोई उम्मीद नहीं जताई थी, लेकिन यह हिट फिल्म साबित हुई, जिसने हम सभी के लिए काम के और अधिक अवसर पैदा किये।



### ऐश्वर्या राय बच्चन नीले सिल्वर गाउन में रेड कार्पेट पर नजर आयी

**कान।** कान फिल्म महोत्सव 2024 में दूसरी बार अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए ऐश्वर्या राय ने एक बार फिर फाल्गुनी शेन पीकॉक द्वारा तैयार गाउन का चुनाव किया। जब वह फिल्मकार योरगोस लैंथिमोस की नवीनतम फीचर फिल्म काइंड्स ऑफ काइंडनेस की स्क्रीनिंग के लिए शुक्रवार को लाल कालीन पर चलीं तो उन्होंने नीले और सुनहरे रंग की चमकीले गाउन पहन रखी थीं। इस फिल्म में दो बार की ऑस्कर विजेता एम्मा स्टोर अहम किरदार में हैं। इस परिधान में विशेष धात्विक आकृति बनी थी। हाथ में चोट होने के कारण उन्होंने विशिष्ट कपड़े पहने थे। पिछले दो दशक से नियमित रूप से कान फिल्म महोत्सव में आ रहीं ऐश्वर्या बृहस्पतिवार को 2024 के इस कार्यक्रम में फाल्गुनी शेन पीकॉक द्वारा द्वारा गाउन में पहुंची।